सुप्रभात
रांची, बुधवार
28.08.2024
* * नगर संस्करण। पेज :12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net भादो, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 49




06 मरीजों को पीड़ामुक्त करती नर्सों के चेहरे की मुस्कान


झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

# वीर शहीद पोटो हो

## की क्रांतिकारी भूमि कोल्हान प्रमंडल की लाखों माता-बहनों को

# खुशियों का उपहार

हर बहना को हर साल ₹ 12 हजार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

28 अगस्त, 2024 | अपराह्न 12:00 बजे से
फुटबॉल मैदान, रापचा, गम्हरिया, सरायकेला-खरसावाँ

**कोल्हान प्रमंडल** (सरायकेला-खरसावाँ, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम)
**की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

48 लाख से अधिक निबंधन

लगभग 45 लाख बहनों के आवेदन स्वीकृत

31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)

सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PRNO 333846 (Women,Child Development & Social Security) IPRD 24-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

## लोहरदगा स्थित चीरी के डायट में राज्यपाल ने ग्रामीण से किया संवाद, कहा

# समस्या जानने आया हूं, अपनी आंखों से देखना चाहता हूं आप सबका विकास

### बांटी खुशियां और कराया नवजात शिशु आशिया प्रवीण का अन्नप्राशन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चीरी, लोहरदगा में ग्रामीणों से संवाद किया। संवाद के दौरान राज्यपाल ने कहा कि देश की आजादी के इतने वर्षों के उपरांत भी ग्रामीण क्षेत्रों में जाने पर विभिन्न समस्याओं की जानकारी देखने को मिलती है। देश के विकास के लिए ग्रामीण क्षेत्रों का विकास आवश्यक है। एक समय था कि केंद्र से लोगों के विकास के लिए भेजी गयी राशि का लाभ लाभुकों तक पूरा नहीं पहुंचता था। वर्तमान में प्रधानमंत्री लाभुकों के मध्य विभिन्न योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचा रहे हैं।



### लाभुकों के बीच बांटी परिसंपत्ति

राज्यपाल ने मौके पर नवजात शिशु आशिया प्रवीण का अन्नप्राशन किया। विभिन्न योजना अन्तर्गत लाभुकों के मध्य पावर स्प्रेयर व व्हील चेयर वितरण किया। प्रधानमंत्री आवास योजना का पूर्णतः प्रमाण पत्र, मनरेगा स्वीकृति प्रमाण पत्र, उद्योग विभगा द्वारा सहायतार्थ राशि प्रदान की गयी।

**केंद्र 80 करोड़ लोगों को उपलब्ध करा रहा है निःशुल्क अनाज :** राज्यपाल ने कहा कि देश के किसी भी व्यक्ति की मृत्यु भूख से न हो, इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। मैं आप सभी के बीच यह जानने आया हूं कि आपको केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है अथवा नहीं, आपकी विभिन्न समस्याएं जान सकूं, ताकि इससे सरकार को अवगत कराकर इसका निदान किया जा सके। मैं आप सबका विकास देखना चाहता हूं।

### सखी मंडल के सदस्यों ने भी रखी अपनी बात

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल के समक्ष सखी मंडल के सदस्यों ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि सखी मंडल से जुड़ने से पूर्व उनलोगों की आर्थिक स्थिति खराब थी, लेकिन अब इससे जुड़ने के उपरांत आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। राज्यपाल के समक्ष मुनि देवी (प्रमुख, कूड़ू, लोहरदगा), एनुल अंसारी (उप प्रमुख, कूड़ू, लोहरदगा), पंचायत के मुखिया राजेश लोहरा, मीणा उरांव, जिमा बरवाटोली, चीरी, अनिमा, ग्राम-सुकमार, सुमिता खलखो, जिमा चटकपुर, शमशाद अंसारी आदि ने संवाद किया।

**किसानों के हित में है पीएम किसान सम्मान योजना :** राज्यपाल ने कहा कि किसानों के हित में प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना संचालित है। ऐसा कोई परिवार तो नहीं है, जो निःशुल्क अनाज के लाभ की उपलब्धता से वंचित है और वे इस योजना के पात्र हैं। ग्रामीणों से कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में वे कभी पेट्रोलियम मंत्री हुआ करते थे और लोगों के मध्य एलपीजी गैस की उपलब्धता के लिए पूर्णतः सक्रिय रहे हैं। वर्तमान में प्रत्येक परिवार तक एलपीजी गैस की उपलब्धता हो, इसके लिए प्रधानमंत्री द्वारा हमारी माताओं-बहनों के मध्य प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

**स्वच्छ पेयजल नितांत आवश्यक :** राज्यपाल ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि स्वच्छ पेयजल नितांत आवश्यक है। विभिन्न वैज्ञानिक शोधों में बताया गया है कि गंदा पानी पीने से गंभीर बीमारियां होती हैं। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता की जानकारी ली।

# राज्यपाल ने गुमला में किया पीएम जनमन जागरूकता वाहन को रवाना

### मिशन सर्वोदय के तहत पीवीटीजी हेल्पलाईन का शुभारंभ कर छात्राओं संग बांटी खुशियां

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को गुमला परिसदन में पीएम जनमन (प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान) जागरूकता वाहन को झरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही, मिशन सर्वोदय के तहत पीवीटीजी हेल्पलाईन का शुभारंभ किया। इसके उपरांत गुमला साइंस सेंटर गुमला का अवलोकन तथा छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने साइंस सेंटर में जिले से पिछले और इस वर्ष शैक्षणिक भ्रमण के लिए इसरो गई छात्राओं से मुलाकात की। उन्होंने छात्राओं से उनके अनुभवों के बारे में पूछा। राज्यपाल ने छात्राओं से अच्छी शिक्षा प्राप्त करने और मन लगाकर पढ़ने की सलाह देते हुए कहा कि शिक्षा ही बेहतर भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस दौरान उन्होंने सभी बच्चियों से शिक्षा के क्षेत्र में यदि कोई बदलाव किया जाना चाहिए, तो उसके लिए सलाह की मांग की। उन्होंने छात्राओं से कहा कि आप सीधे भी राजभवन से संपर्क कर सकते हैं और अपनी सलाह से हमें अवगत करवा सकते हैं। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करना हमारी जिम्मेदारी है, हम आपके सुझाव को गंभीरता से लेंगे।

**सावित्री बाई फुले पुस्तकालय गुमला का किया अवलोकन :** राज्यपाल ने गुमला जिला भ्रमण के क्रम में सावित्री बाई फुले पुस्तकालय गुमला का अवलोकन किया तथा वहां पढ़ने आयी छात्राओं से संवाद कर उन्हें प्रेरित किया। इस अवसर राज्यपाल ने बालिकाओं को राजभवन आने हेतु आमंत्रित किया। मौके पर राज्यपाल द्वारा विद्यार्थियों के मध्य साईकिल का भी वितरण किया गया।

**अब मोटा अनाज स्वास्थ्यवर्द्धक अनाज के रूप में जाना जाएगा :** राज्यपाल ने गुमला के बाजार समिति परिसर करौंदी में संचालित रागी प्रसंस्करण इकाई का भ्रमण किया। इस क्रम में उन्होंने वहां कार्यरत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर रागी से बनाये जाने वाले उत्पादों के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने दीदीयों का प्रोत्साहित किया और रागी से निर्मित उत्पादों की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर मोटा अनाज सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में अपनी पहचान बना रहा है। मोटे अनाज एक ऐसा खाद्यान्न है, जिसको भोजन के रूप में इस्तेमाल करना बहुत ही आवश्यक है। मौके पर राज्यपाल ने विभिन्न योजनानर्गत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।

## डीएसपीमयू में एक हफ्ते में पूर्ण हो जायेगी नियुक्ति प्रक्रिया



रांची। युवा आजसू का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को डीएसपीमयू के कुलपति से मिला। उनसे मिलकर को मैनेजमेंट विभाग में शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया के लिए इंटरव्यू लेने की मांग की। इस दौरान युवा आजसू के रित्विक राज ने कहा कि जल्द ही विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया के लिए इंटरव्यू प्रारंभ नहीं किया गया तो युवा आजसू विश्वविद्यालय में धरना प्रदर्शन आंदोलन के लिए बाध्य होगी। मौके पर मौजूद डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य से कहा कि एक सप्ताह के भीतर इंटरव्यू लेकर नियुक्ति की प्रक्रिया को पूर्ण की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से सूर्य प्रकाश, रिशु, सुमित, आदि छात्र उपस्थित थे ।

## एमबीए के विद्यार्थियों का इंडस्ट्रियल विजिट

रांची। कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के एमबीए सेकंड व फोर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने मंगलवार को इंडस्ट्रियल विजिट के तहत बिहार स्टेट मिल्क फेडरेशन के रांची स्थित सुधा डेयरी प्लांट का जायजा लिया। इस दौरान सुधा डेयरी की ओर से मार्केटिंग चीफ तरुण कुमार एवं श्रीमती काजल ने विद्यार्थियों को मार्केटिंग स्ट्रेटीजी, मिल्क पैकेजिंग,मिल्क प्रोडक्ट के बारे में आवश्यक जानकारी साझा की। मौके पर मौजूद सीआईटी के इंस्टिट्यूशन्स इंडस्ट्री सेल के कोर्डिनेटर डॉ नैयर मुमताज ने कंपनी में विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप सम्बन्धी मामलों पर कंपनी के प्रतिनिधियों से बात की। इंडस्ट्रियल विजिट में संस्थान के एमबीए बिभागाध्यक्ष डॉ शालिनी सिंह, प्रो। पायल चटर्जी, प्रो। नीरव कुमार, प्रो।आनंद मुंडू प्रो। महेश कुमार आदि शिक्षक साथ थे।

## सिमडेगा में चार लाख महाझींगा का संचयन

रांची। सिमडेगा जिले के केलाघाघ जलाशय के चार मत्स्यजीवि सहयोग समितियों के 40 महिला एवं पुरूष अनुसूचित जनजातियों के मत्स्य कृषकों के द्वारा मंगलवार को चार लाख महाझींगा का संचयन किया गया है। मत्स्य निदेशालय एवं केन्द्रीय अन्तर्देशीय अनुसंधान संस्थान, भारत सरकार (सीफरी), भारत सरकार के संयुक्त प्रयास से छोटे जलाशयों का महाझींगा के पालन प्रोजेक्ट अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक तथा आर्थिक उत्थान के लिय किया जा रहा है। इसी क्रम में सिमडेगा जिले के केलाघाघ जलाशय मत्स्य कृषकों के द्वारा चार लाख महाझींगा का संचयन किया गया। इस मौके पर निदेशक मत्स्य डॉ एचएन द्विवेदी, डॉ एके दास, प्रधान वैज्ञानिक, सीफरी, सीमा टोप्पो, जिला मस्त्य पदाधिकारी, सिमडेगा भी उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि ऐसे परियोजना से भविष्य में जलाशयों में महाझींगा के उत्पादन के क्षेत्र में नई क्रांति आयेगी।

# निशिकांत के बयान पर बिफरा मूलवासी सदान, ओबीसी और तेली समाज

### कहा- राजेन्द्र प्रसाद ही झारखंडियों के रक्षक

### निशिकांत दुबे का आरोप निराधार और झूठ का पुलिंदा

खबर मन्त्र ब्यूरो

### निशिकांत दुबे का पुतला फूंका



रांची। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे को झारखंड के वास्तविकता की कोई जानकारी नहीं है और न यहां की संस्कृति के बारे में उन्हें मालूम है। राजेन्द्र प्रसाद झारखंड आन्दोलनकारी हैं। राज्य के लिए इनका बड़ा योगदान है। वे हमारे अधिकारों को लेकर लगातार आंदोलन और संघर्ष कर रहे हैं। उक्त बातें आज मूलवासी सदान मोर्चा रांची जिला के अध्यक्ष मुरारी गुप्ता ने निशिकांत दुबे का पुतला दहन करते हुए कही। कहा गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, मूलवासी सदान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के उपर यह आरोप लगा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव में गोड्डा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनाव हराने में एड़ी- छोटी एक कर दिया था, जबकि नरेंद्र मोदी गोड्डा से कभी चुनाव नहीं लड़े हैं। गुप्ता ने कहा कि राजेन्द्र प्रसाद गोड्डा में किसी भी प्रत्याशी के समर्थन में कोई बयान तक नहीं दिये हैं। श्री गुप्ता ने बताया कि बल्कि सांसद के उपर आरोप है कि पिछले विधानसभा चुनाव में वे कांग्रेस प्रत्याशी को जरमुंडी और महागामा में चुनाव जितवाने में लगे थे। निशिकांत दुबे के द्वारा राजेन्द्र प्रसाद के लिए अमर्यादित और झुठा बयान का मूलवासी सदान मोर्चा, तेली समाज व ओबीसी समाज घोर विरोध एवं निन्दा करता है। श्री गुप्ता ने कहा कोई भी व्यक्ति पिछड़ी जाति और मूलवासी सदानों का अपमान करेगा उस व्यक्ति का मूलवासी सदान विरोध करेगा।

चैंबर्स ऑफ कॉमर्स रातू के उपाध्यक्ष विशाल कुमार साहू ने कहा कि इस बात का संज्ञान भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व को लेना चाहिए और श्री दुबे के विरूद्ध कार्रवाई करनी चाहिए। तेली समाज महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय साहू ने कहा कि निशिकांत दुबे बाहर से आकर यहां सांसद बने हैं और यहां के ओबीसी, दलित, मूलवासी सदान को गाली देने का काम कर रहे हैं। पिछड़ा, मूलवासी सदान एवं झारखंडी कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रो. अरविंद ने प्रसाद ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में निशिकांत दुबे को पता चल जाएगा कि पिछड़ी जाति और मूलवासी सदानों को गालियां देने का क्या परिणाम होता है। पुतला दहन कार्यक्रम में विशाल सिंह, अमित साहू, मुकेश पुराण, संदीप साहू, शिव कुमार, हरीश ठाकुर, नीरज साहू, विकास कुमार, मृत्युंजय साहू, अंकित राम, अर्पित, निखिल गोप, राज वर्मा, आलोक वर्मा, पंकज कश्यप, राजू पासवान, मंटू साहू, निसार खान, मुकेश साहू राहुल कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### मूलवासी सदान कोई जाति नहीं एक जमात है

झारखंड में मूलवासी सदानों की आबादी 65 प्रतिशत है, जिसमें 55 प्रतिशत ओबीसी हैं। मूलवासी सदान कोई जाति नहीं एक जमात है। जिसमें अगड़ी, पिछड़ी, दलित सभी झारखण्डी आते हैं। इस जमात का नेतृत्व राजेन्द्र प्रसाद करते हैं। राजेन्द्र प्रसाद पिछड़ी जाति से आते हैं और वे पिछड़ी जाति और मूलवासी सदानों के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। हमलोगों को राजेन्द्र प्रसाद पर गर्व है। श्री गुप्ता ने कहा निशिकांत दुबे ने ओबीसी, दलितों को अपमानित करना नहीं छोड़ा, तो इसका खमियाजा भाजपा को भुगतना पड़ सकता है। मूलवासी सदान झारखंड, असम और बंगाल में इसकी इकाई है और यह एक समाजिक न्याय संगठन है। ऐसे में राजेन्द्र प्रसाद के उपर निशिकांत दुबे के अमर्यादित टिप्पणी से भाजपा को नुकसान हो सकता है।

## संताल के छह जिलों के डीसी ने हाईकोर्ट को किया गुमराह : बाबूलाल मरांडी



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने घुसपैठ मामले को लेकर एक बार फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि संताल परगना के छह जिलों के डीसी ने हाईकोर्ट को गुमराह करने का काम किया है। आगे लिखा कि झारखंड में आदिवासियों की घटती आबादी एक कड़वी सच्चाई है। हालिया कुछ सालों के दौरान बांग्लादेशी मुसलमानों के अप्रत्याशित घुसपैठ के कारण आदिवासी समाज की आबादी में निरंतर गिरावट आयी है, जिस पर चिंता व्यक्त करते हुए हाईकोर्ट ने संथाल परगना के उपायुक्तों से जवाब मांगा था। लेकिन हेमंत सोरेन के इशारे पर संताल परगना के 6 जिलों के डीसी ने आदिवासियों की घटती आबादी की हकीकत को छुपाकर हाईकोर्ट को गुमराह करने का काम किया है। आखिर हेमंत सोरेन इस सच्चाई को आदिवासी समाज से छुपाकर उन्हें अंधेरे में क्यों रखना चाहते हैं? क्या हेमंत सोरेन का शासन-प्रशासन भी आदिवासियों को मिटा देना चाहता है?

# चंपई के साथ उनके बेटे को भी मिलेगा टिकट!

### भाजपा की पिता-पुत्र दोनों पर मेहरबानी



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने को भाजपा पूरी तरह भुनाने के मूड में है। प्रदेश भाजपा के नेता इसे लेकर उत्साहित हैं। उनके लिए भाजपा कार्यालय में अभिनंदन व स्वागत समारोह का आयोजन किए जाने की बात कही जा रही है। साथ ही चंपई सोरेन की मौजूदगी में कोल्हान से ही चुनावी कार्यक्रमों की शुरूआत करने की योजना है। पहले कार्यक्रम को गृह मंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे। इस बीच सूत्रों ने यह स्पष्ट किया है कि भाजपा व चंपई सोरेन के बीच जो बात हुई है, उसमें चंपई के अलावा उनके बेटे को भी भाजपा से टिकट मिलेगा। जानकारी के अनुसार, गृह मंत्री अमित शाह चंपई सोरेन के गांव भी जा सकते हैं। हालांकि अभी अमित शाह के दौरा को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन सितंबर माह में अमित शाह सरायकेला आ सकते हैं। चंपई सोरेन और अमित शाह के बीच हुए बातचीत में गृह मंत्री ने चंपई सोरेन के गांव जिलीगोड़ा आने की बात कही थी।

### प्रदेश कार्यालय में होगा भव्य स्वागत समारोह

चंपई सोरेन 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे। झारखंड प्रदेश कार्यालय में भव्य अभिनंदन सह स्वागत समारोह का आयोजन किया जाना है। इसमें प्रदेश से लेकर केंद्र के भी नेता शामिल हो सकते हैं। शुक्रवार को ही चंपई आधिकारिक रूप से भाजपा का दामन थाम लेंगे। फिलहाल बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन झारखंड लौटेंगे। जिसके बाद मंत्री पद और झामुमो से इस्तीफा दे देंगे। इसके बाद अपने क्षेत्र सरायकेला जाएंगे। फिर वापस रांची लौटेंगे।

## मो. इश्तियाक अहमद लेक व्यू अस्पताल में था रेडियोलॉजिस्ट

# एक मरीज पर मिलते थे छह सौ रुपये

### मेदांता, राज अस्पताल, मेडिका, पल्स में था कार्यरत मो. इश्तियाक अहमद

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। रांची महानगर कांग्रेस के पूर्व नेता व बरियातू स्थित लेक व्यू अस्पताल के डायरेक्टर अफसर खान उर्फ बबलू खान ने इडी को कहा कि उसका मो. इश्तियाक अहमद से कोई व्यक्तिगत नाता रिश्ता नहीं है। वह उनके अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट था और उसे एक मरीज देखने के लिये छह सौ रुपये दिये जाते थे। अफसर खान से इडी ने डॉ इश्तियाक अहमद को लेकर कई सवाल पूछे, जिसकी जानकारी लिखित रूप में दी गयी। मो. इश्तियाक अहमद 2017 से जुड़े थे, अस्पताल का लाइसेंस डॉ निखत के नाम पर था। अचानक डॉ निखत ने अपना लाइसेंस कैंसिल कर दिया। इसके बाद डॉ इश्तियाक अहमद ने संपर्क कर अपना लाइसेंस सदर अस्पताल में देकर मेरे अस्पताल से जुड़ गए। इससे पहले डॉ इश्तियाक अहमद मेदांता, राज अस्पताल, मेडिका, पल्स में काम कर चुके थे।

### डॉ इश्तियाक कैश लेकर काम करता था

इडी को बबलू खान ने बताया कि डॉ इश्तियाक अहमद को कैश में पेमेंट दिया जाता था। अकाउंट में लेनदेन नहीं था। अफसर खान ने कहा कि इतने लंबे समय में मेरी उससे फोन पर बहुत ही कम बात होती थी। जो भी बात फोन पर होती थी वो मरीज को लेकर ही होती थी। उससे व्हाट्सएप या किसी और भी चीज से संपर्क ज्यादा रहा। अस्पताल से जुड़ा था, लेकिन कभी भनक तक नहीं लगी कि वह आतंकी संगठन से जुड़ा था। अफसर खान ने कहा कि अस्पताल को लेकर मैंने बताया कि हजारीबाग के व्यक्ति से जमीन खरीदी थी। इसके बाद बैंक से लोन व एक फ्लैट बेचकर अस्पताल खड़ा किया। शुरू में अस्पताल में बहुत ही कम सामान थे। अस्पताल से ही कमाकर धीरे-धीरे समान खरीदे। शुरू में न आईसीयू या डायलेसिस था, बाद में इसे पूरा किया गया।

# पहले संन्यास की सोची, फिर जनता का हौसला देख नया अध्याय शुरू करने का फैसला : चंपई

### 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होंगे कोल्हान टाइगर चंपई सोरेन

### चंपई को भाजपा में जाने से पहले मिली जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। पूर्व सीएम और हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री चंपई सोरेन अब भाजपा में शामिल होंगे। रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें पार्टी की विधिवत सदस्यता दिलाई जाएगी। इस बारे में असम के सीएम और झारखंड में भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने जानकारी दी है। बताते चलें कि 26 अगस्त की देर शाम भाजपा के वरीय नेता और देश के गृह मंत्री अमित शाह से चंपई सोरेन की मुलाकात के बाद हिमंता ने इस बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (एक्स) पर इसकी सूचना दी है। इस मुलाकात के दौरान हिमंता स्वयं भी मौजूद थे। संभवतः 28 अगस्त को चंपई रांची लौटेंगे। हेमंत सरकार से मंत्री पद छोड़ने के अलावा झामुमो से भी सभी पदों से इस्तीफा देंगे। अमित शाह संग फोटो के सामने आने के साथ ही चंपई को लेकर झारखंड के सियासी गलियारे में जारी सस्पेंस भी थम गया है। लगातार सबकी नजर पूर्व सीएम पर थी कि हेमंत सोरेन सरकार से नाराज होने के बाद आखिर वह क्या कदम उठाएंगे।

### अब नया संगठन नहीं, भाजपा ही ठिकाना

मालूम हो कि जमीन घोटाला मामले में हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद चंपई को सीएम बनाया गया था। परंतु जेल से निकलते ही हेमंत सोरेन फिर से सीएम बन बैठे थे। सीएम पद से हटाए जाने के बाद से ही चंपई नाराज चल रहे थे। इसके बाद वे दिल्ली भी गये थे जहां भाजपा नेताओं से उनकी मुलाकात की बात कही जा रही थी। हालांकि वापस सरायकेला लौटने पर उन्होंने कहा था कि वे अपना नया संगठन बनाएंगे। इसके बाद वे फिर 26 अगस्त को दिल्ली में थे, जहां असम सीएम के साथ उन्होंने अमित शाह से भेंट की। इसके बाद तय हो गया कि वे भाजपा में शामिल होंगे।

### गुरु जी का स्वास्थ्य ठीक होता तो.....

दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए चंपई सोरेन ने कहा कि इससे पहले 18 तारीख को जब यहां आये थे तो अपना विचार दे दिया था। लेकिन पार्टी के बड़े नेता गुरू जी का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता है और वो ठीक से बोल नहीं पाते हैं। इसलिए हमने अब एक नया अध्याय शुरू करने का फैसला किया है। आगे कहा कि पहले मैंने संन्यास लेने की सोची थी, लेकिन बाद में जनता व कार्यकर्ता का हौसला और उनकी मांग को देखते हुए सोचा कि सक्रिय रूप से राजनीति में ही रहूंगा। आगे कहा कि पहले सोचा था कि नया संगठन बनायेंगे, लेकिन समय की कमी और झारखंड प्रदेश की अलग परिस्थीति को देख और मंथन करने के बाद देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री अमित शाह पर विश्वास बढ़ गया और हमने भारतीय जनता पार्टी में जाने का निर्णय ले लिया

### कोई कुछ भी कहे, हम जवाब देना उचित नहीं समझते

चंपई सोरेन ने आगे के क्या प्लान है वाले सवाल पर कहा कि कल (28 अगस्त) झारखंड जा रहे हैं। वहीं दूसरे सवाल पर कहा कि झारखंड में मैंने बहुत संघर्ष किया है, मेरा इतिहास आइने की तरह साफ है, इसलिए कोई कुछ भी कहे, उसका जवाब देना हम उचित नहीं समझते हैं। लेकिन हम भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे। चंपई सोरेन ने यह भी पुष्टि की कि उनके बेटे बाबूलाल सोरेन भी भाजपा का दामन थामेंगे। चंपई ने बाबूलाल मरांडी आपके बीजेपी में आने पर नाराज हैं के सवाल पर कहा कि हम उस बारे में कुछ भी नहीं कहेंगे।

# आरक्षण के नाम पर राज्य में ओबीसी और मूलवासियों को हमेशा ठगा गया : सूरज मंडल

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड आंदोलनकारी सह भाजपा नेता सूरज मंडल ने राज्य के ओबीसी, मूलवासियों को जागरूक होने और असेंबली इलेक्शन में प्रभावी रोल निभाने की अपील की है। सूरज मंडल मंगलवार को रांची प्रेस क्लब में मीडिया से बात कर रहे थे। सूरज मंडल ने कहा कि राज्य में ओबीसी, मूलवासियों को हमेशा ठगा गया है। जब झारखंड बिहार का हिस्सा था, तब कार्मिक विभाग के 13 मई 2005 के लेटर के आधार पर ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ था। अलग राज्य बनने के बाद ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत से 14 प्रतिशत कर दिया गया। इस कारण साढ़े पांच-छह लाख नौकरियां ओबीसी, मूलवासी की छीन ली गयीं। उन्होंने कहा कि राज्य में 24 में से 19 साल आदिवासी शासन ही रहा जबकि सिर्फ एक बार पांच साल के लिए बाहरी का शासन दिखा। आखिर इसमें मूलवासी, स्थानीय ओबीसी कहां दिखा। उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि राज्य में ट्राइबल का आरक्षण ओबीसी से ज्यादा है। हमलोगों में तो ना सिर्फ आरक्षण सीमा कम कर दी गयी बल्कि क्रीमी लेयर भी लागू है। उन्होंने कहा कि झारखंड में होना यह चाहिए कि एससी, एसटी और ओबीसी को एकसमान बनाया जाए। इसके लिए ओबीसी नौजवानों को तैयार होकर आगे आने होगा।

**सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ जनांदोलन का ढोंग :** सूरज मंडल ने कहा कि सरकार ने नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने क्रीमी लेयर लागू करने के मामले में कहा था। इसके बावजूद ट्राइबल और दूसरे वर्ग के पाखंडी लोग सुप्रीम कोर्ट के भी खिलाफ हंगामा करने लगे। यहां की सरकार में एक बार ही बाहरी था जबकि बाकी समय ट्राइबल की सरकार थी। इसके बावजूद भी यहां के मूलवासियों को उचित न्याय नहीं मिला। सुप्रीम कोर्ट के क्रीमी लेयर वाली बात पर उन्हीं लोगों ने हंगामा मचाया जो शासन में रहते हुए यहां के लोगों के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि अपर कास्ट (राजपूत, ब्राह्मण वगैरह) ने यहां के गरीब लोगों को को कभी नहीं लूटा बल्कि आदिवासी के नाम पर राजनीति करने वालों ने लूटा है।



### बीजेपी ने मुझे कुछ नहीं दिया चंपई को क्या देगी

पूर्व सीएम चंपई सोरेन के बीजेपी में शामिल होने की बात पर पूर्व सांसद सूरज मंडल ने कहा कि बीजेपी ने मुझे क्या दिया। उसने तो मुझे रोड पर लाकर खड़ा कर दिया है। 10 साल में मोदी जी के नाम पर बीजेपी वालों ने झारखंड को बर्बाद कर दिया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के सीएम हीमंता बिस्वा सरमा पर हमला करते हुए मंडल ने कहा कि दोनों झारखंड में आकर ऊलजुलूल बोलते रहते हैं। उन्हें झारखंड की माटी के बारे में आखिर पता क्या है। चंपई सोरेन पर बरसते हुए मंडल ने उनकी तुलना कौआ से कर दी। कहा कि सांसद रहते उन्होंने चंपई को घंटी छाप पर विधानसभा चुनाव जिताया था।

सुप्रभात
रांची, बुधवार
28.08.2024
नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | भादो, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 49 | 12



सुनील शेट्टी ने शुरू की हंटर 2 की शूटिंग

## न्यूज डायरी

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले बाबूलाल मरांडी

**रांची।** झारखंड के भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। दोनों के बीच झारखंड के वर्तमान राजनीतिक हालातों पर चर्चा हुई।

### 500 के पांच जाली नोट के साथ आरोपी धराया

**साहेबगंज।** राधानगर थाना पुलिस ने मंगलवार को 500 के पांच जाली नोटों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वह जाली नोट लेकर शराब खरीदने दुकान पहुंचा था। गिरफ्तार आरोपी रिंटू शेख राधानवर थाना क्षेत्र के दियरगांव कबीरटोला का रहने वाला है। इस मामले में राधानगर थाने में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### दौड़ लगाते डेढ़ दर्जन अभ्यर्थी बेहोश

**पलामू।** डालटनगंज के चियांकी स्थित हवाई अड्डा परिसर में उत्पाद विभाग के सिपाही पद पर भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता प्रतियोगिता में दौड़ लगाते डेढ़ दर्जन अभ्यर्थी मंगलवार को बेहोश हो गए। उन्हें एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति खतरे से बाहर है, सभी का इलाज जारी है।

### विनोद सिन्हा लड़ेंगे पांकी से विस चुनाव

**पलामू।** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के करीबी कुशवाहा विनोद सिन्हा ने पांकी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। मंगलवार को मेदिनीनगर के बाइपास रोड में पत्रकारों से बात करते हुए कुशवाहा विनोद सिन्हा ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र को विकास के नये आयाम पर खड़ा करके दिखाउंगा।

### जय शाह निर्विरोध चुने गये आइसीसी के अध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआई के सचिव जय शाह निर्विरोध रूप से आइसीसी के अगले अध्यक्ष चुने गए हैं। वे एक दिसंबर 2024 से आईसीसी अध्यक्ष का पदभार संभालेंगे। फिलहाल ग्रेग बार्कले वर्तमान आईसीसी अध्यक्ष हैं, जिनका कार्यकाल 30 नवंबर को समाप्त होगा। जय शाह के निर्विरोध चयन के बाद आईसीसी ने कहा है कि वो इस पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार थे। सिर्फ उन्होंने ही अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा था। जबकि वर्तमान अध्यक्ष बार्कले ने खुद को रेस से अलग रखा था।

### महिला टी-20 विश्व कप की भारतीय टीम घोषित

**नयी दिल्ली।** आइसीसी महिला टी-20 क्रिकेट विश्व कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय भारतीय दल की घोषणा कर दी गयी है। स्टार बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर भारतीय टीम की कप्तान होंगी। टीम की उपकप्तानी स्मृति मंधाना करेंगी। क्रिकेट टूर्नामेंट दुबई और शारजाह में 3 से 20 अक्टूबर तक खेला जाएगा। भारत ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 86000 रु./प्रति किलो |




---

मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के 7.33 लाख लाभुकों को भेजी राशि

# आधी आबादी को सशक्त व मजबूत बनाने वाला ही आगे बढ़ेगा : हेमंत

■ महिलाएं थी उत्साहित, सीएम ने कहा- हमारा प्रयास आपकी हर समस्या का समाधान करना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर राज्यभर की महिलाओं में जो खुशी देखने को मिल रही है, वह अद्भुत है। यही उत्साह हमें हर मुसीबतों तथा चुनौतियों से लड़ने की ताकत देता है। श्री सोरेन मंगलवार को दुमका जिला के जामा प्रखंड स्थित पांजन पहाड़ी में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी को जो मजबूत और सशक्त करेगा, वही राज्य आगे बढ़ेगा। राज्य के विकास के लिए महिलाओं की भागीदारी हर हाल में जरूरी है। यही वजह है कि हमारी सरकार आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**जिन्होंने कभी ब्लॉक ऑफिस नहीं देखा उनके दरवाजे पहुंच रही सरकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से 4 वर्ष पहले कई ऐसे गांव थे, जहां के लोगों ने कभी ब्लॉक ऑफिस तक नहीं देखा था। डीसी-एसपी ऑफिस के बारे में जिन्हें कोई जानकारी तक नहीं थी। उनके दरवाजे पर आज पूरी सरकार पहुंच रही है। प्रशासन और विभाग के अधिकारी घर तक पहुंचकर समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बेबी देवी, मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री दीपिका पांडेय, मंत्री इरफान अंसारी, सांसद नलिन सोरेन, विधायक प्रदीप यादव, विधायक बसंत सोरेन, विधायक बादल, विधायक दिनेश विलियम मरांडी, विधायक कल्पना सोरेन, जिप अध्यक्ष जॉयस बेसरा, प्रमंडलीय आयुक्त लाल चंद दादेल आदि थे।



### 7 लाख 32 हजार 906 बहन-बेटियों को मिली राशि

मुख्यमंत्री ने संताल परगना प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में 7 लाख 32 हजार 906 लाभुकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से 73 करोड़ 29 लाख 6 हजार रुपए सम्मान राशि हस्तांतरित की। दुमका की 1 लाख 58 हजार 724, देवघर की 50 हजार 152, साहिबगंज जिले की 1 लाख 20 हजार 78, गोड्डा की 1 लाख 58 हजार 289, पाकुड़ जिले की 1 लाख 20 हजार 110 और जामताड़ा की 1 लाख 25 हजार 543 बहन-बेटिया हैं।

### पिछले साढ़े चार वर्षों में विकास का नया पैमाना बना

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में उनकी सरकार ने यहां के आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर, बुजुर्ग, महिला युवा समेत हर वर्ग के लिए जो कार्य किए हैं, उसने विकास का नया आयाम गढ़ा है। आज कोई भी बुजुर्ग पेंशन से वंचित नहीं है। किसानों के दो लाख रुपए तक के लोन माफ किए गए हैं। उत्कृष्ट विद्यालय खोले गए हैं। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत उन्हें आर्थिक सहयोग किया जा रहा है। बच्चियों को सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा गया है। ऐसी योजनाएं राज्यवासियों को आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

### गांवों की मजबूती से राज्य के विकास का रास्ता होगा तय

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों को मजबूत किए बगैर राज्य मजबूत नहीं बन सकता है। यही वजह है कि हमारी सरकार रांची हेडक्वार्टर की बजाय गांव-देहात से चल रही है। आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गांव-गांव टोले-टोले में शिविर लगाकर सरकार की योजनाओं से समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी जोड़ने का काम किया गया। यह कार्यक्रम निरंतर चलेगा। सीएम ने कहा कि हमारा प्रयास आपकी हर समस्या का समाधान करना है।

### वैकल्पिक कृषि को लेकर कर रहे मदद

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार कई योजनाएं लेकर आयी है। मौसम में जिस तरह का बदलाव देखने को मिल रहा है, उसमे किसानों को पारंपरिक खेती के अलाव वैकल्पिक कृषि के लिए आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना जैसी अनेकों योजनाएं हैं, जिससे जुड़कर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं।

---

पूर्व सीएम ने झामुमो को कहा अलविदा

# भाजपा ही आदिवासी समाज की सच्ची हितैषी: चंपई सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने आदिवासियों की अस्मिता और अस्तित्व को बचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने इस बात का जिक्र मंगलवार को लिखे अपने एक पत्र में किया है।

पत्र में चंपई सोरेन ने लिखा है कि इस राजनीतिक उठा-पटक के बीच झारखंड की जनता से मिल कर उनकी राय जानने का प्रयास किया। कोल्हान की जनता ने सन्यास लेने का विकल्प नकार दिया। झामुमो में कोई ऐसा फोरम नहीं था, जहां अपनी पीड़ा को व्यक्त कर पाता। गुरुजी स्वास्थ्य कारणों से राजनीति से दूर हैं। उन्होंने आगे लिखा कि संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ एक बड़ी समस्या बन चुकी है। ये घुसपैठिए आदिवासी-मूलवासी की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं और उन्हें आर्थिक तथा सामाजिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। चंपई सोरेन ने पत्र के माध्यम से कहा कि राजनीति से इतर, इस मुद्दे को एक सामाजिक आंदोलन बनाना होगा, तभी आदिवासियों का अस्तित्व बच पायेगा और इस मुद्दे पर सिर्फ भाजपा ही गंभीर है और बाकी पार्टियां वोटों की खातिर इसे नजरअंदाज कर रही है। इसलिए आदिवासी अस्मिता एवं अस्तित्व को बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने का फैसला लिया।



### भाजपा ही सही, बाकी सब ऐसी-तैसी : चंपई

> भाजपा ही आदिवासियों की सच्ची हितैषी है। इसलिए भाजपा से जुड़ रहा। बाकी सब ऐसी की तैसी हैं।
>
> *चंपई सोरेन*

### चंपई को मिली जेड प्लस सुरक्षा

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की गयी है। दिल्ली से लौटते ही उन्हें जेड प्लस सुरक्षा मिल जायेगी। अब चंपई सोरेन की सुरक्षा में 36 जवान तैनात रहेंगे। मालूम हो कि केंद्रीय गृह मंत्रालय समय-समय पर नेताओं की सुरक्षा-व्यवस्था की समीक्षा करता है। इसके बाद तय करता है कि किस नेता को किस श्रेणी की सुरक्षा देनी है। जेड प्लस श्रेणी सुरक्षा में झारखंड में राज्यपाल संतोष गंगवार, सीएम हेमंत सोरेन, अर्जुन मुंडा, चंपई सोरेन, शिबू सोरेन, ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास और सीता सोरेन को प्रदान किया गया है। चंपई आठवें नंबर की सुरक्षा श्रेणी में शामिल हैं।

### चंपई सोरेन का फैसला आत्मघाती : झामुमो

**रांची।** पूर्व सीएम चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की घोषणा को झामुमो ने आत्मघाती कदम बताया है। पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि अब तक चंपई सोरेन ने झामुमो से इस्तीफा नहीं दिया है। भाजपा में शामिल होने से पहले चंपई सोरेन अपने फैसले पर पुनर्विचार करें। उनके भाजपा में शामिल होने के फैसले से झामुमो के कार्यकर्ताओं में भारी नराजगी है।

**सीएम ने बात करनी चाही थी, पर नहीं हो सकी :** विनोद पांडेय ने बताया कि जमशेदपुर में एक निजी कार्यक्रम के दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने भी चंपई सोरेन से बात करनी चाही थी। लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। अगर चंपई सोरेन को किसी भी बात को लेकर नराजगी थी, तो उन्हें बात करनी चाहिए थी, पार्टी में चर्चा करनी चाहिए थी।

---

राजधानी रांची में सड़क जाम को लेकर हाई कोर्ट गंभीर, कहा

# राज्य में कानून व्यवस्था फेल

■ डीजीपी, रांची डीसी, एसएसपी और ट्रैफिक एसपी हुए हाजिर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची में 23 अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा की आक्रोश रैली के दिन हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी के कांके रोड में जाम में फंसने मामले में रांची डीसी, डीजीपी, रांची एसएसपी, ट्रैफिक एसपी हाईकोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने उक्त तीनों पुलिस के वरीय अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि जब हाई कोर्ट के सिटिंग जज सीएम आवास के समक्ष जाम में फंस रहे हैं उन्हें निर्धारित स्थल पहुंचने में कई घंटे का समय लग रहा है तो आम जनता की स्थिति क्या होगी यह समझा जा सकता है। अदालत ने कहा कि 23 अगस्त को हाई कोर्ट से वापस लौटने के दौरान सीएम आवास कांके रोड के समक्ष जाम के कारण उन्हें रुकना पड़ा।

कोर्ट ने कहा कि कांके रोड में कोई धरना-प्रदर्शन नहीं था इसके बावजूद भी वहां 300 से ज्यादा पुलिसकर्मी सुरक्षा में तैनात थे। कोर्ट ने मौखिक कहा कि ऐसी घटना कानून व्यवस्था का फेलियर है। यह गंभीर मामला है, हाई कोर्ट के सिटिंग जज सुरक्षित नहीं हैं। लगता है सुरक्षा व्यवस्था सिर्फ राजनेताओं एवं मंत्रियों के लिए है। कोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे हाई कोर्ट की एक्टिंग चीफ जस्टिस के पास विस्तृत सुनवाई के लिए भेज दिया। इससे पहले डीजीपी की ओर से कोर्ट से कहा गया कि दोबारा ऐसी घटना नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में कुछ चूक हुई है। कोर्ट ने उनसे कहा कि जब रांची शहर में धरना-प्रदर्शन होते है तो हजारों लोगों को राजधानी में प्रवेश के लिए कैसे अनुमति दी जाती है।

**लगता है सुरक्षा व्यवस्था सिर्फ नेता-मंत्रियों के लिए : कोर्ट**



**राज्य सरकार से पूछा**

### स्कूल-कॉलेज और मंदिरों के पास शराब दुकानें और बार कब बंद होंगी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने मादक पदार्थों की बिक्री एवं अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम पर पुलिस की एसओपी पर कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने मौखिक कहा कि राज्य सरकार बताए कि मंदिर एवं शिक्षण संस्थान के निकट जो बार एवं रेस्टोरेंट और खुदरा शराब हैं उन्हें कब बंद किया जाएगा? कोर्ट ने कहा कि पुलिस की एसओपी केवल आईवाश वाली नहीं होनी चाहिए। मामले में एमिकस क्यूरी ने एसओपी पर जवाब के लिए समय मांगा। जिसे कोर्ट ने मंजूर कर अगली सुनवाई 29 अगस्त को तय की।

### सड़क निर्माण के लिए बनाये गये कैंप पर उग्रवादी हमला

**गुमला।** जिले के बसिया में उग्रवादियों ने मंगलवार तड़के बसिया व सिसई प्रखंड को जोड़ने वाली सड़क निर्माण के लिए बनाये गये कैंप पर हमला कर दिया। हमले में कई गाड़ियों के शीशे तोड़ डाले और कैंप में सो रहे कर्मचारियों को भी मारा-पीटा। जिससे छह कर्मचारियों को चोट लगी है। बाकी कर्मचारी कैंप से भाग खड़े हुए। जानकारी के अनुसार अहले सुबह 10 से 12 की संख्या में हथियारबंद उग्रवादी आये थे। लेवी की मांग को लेकर सिसई और बसिया सड़क का निर्माण कार्य बंद करने की धमकी दी और कैंप में खड़ी गाड़ियों पर हमला कर दिया। उस वक्त कई कर्मचारी सो रहे थे।

गौरतलब हो कि गुमला जिले के बसिया प्रखंड के पोकटा गांव के समीप विनोद जैन कंस्ट्रक्शन की ओर से पुल निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सड़क की लागत 60 करोड़ रुपये से अधिक की है। पुल का काम अधूरा है। उग्रवादियों ने 40 लाख रुपये लेवी की मांग की थी। लेवी नहीं मिलने के बाद मंगलवार की सुबह नारेकेला जंगल की ओर से उग्रवादी पुल निर्माण स्थल के समीप बने कैंप पर पहुंचे और हमला कर दिया।

---

**सचिवालय घेराव :** दर्जनों जगहों पर पुलिस से भिड़े प्रदर्शनकारी

# कोलकाता से हावड़ा तक बना रणक्षेत्र

एजेंसी

**कोलकाता।** सचिवालय घेराव अभियान के दौरान मंगलवार को पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जगह-जगह झड़प हो गयी। सांतारागाछी में बैरिकेडिंग तोड़ने के बाद पुलिस ने आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज किया, जिसके जवाब में प्रदर्शनकारियों ने ईंट-पत्थर फेंके। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल किया। कोना एक्सप्रेसवे पर प्रदर्शनकारी राष्ट्रीय ध्वज लेकर सड़क पर बैठ गए, जिससे यातायात बाधित हो गया। सचिवालय अभियान के दौरान हावड़ा ब्रिज और फोरशोर रोड पर भी भारी तनाव देखा गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। इस दौरान एक रैफ जवान घायल हो गया और चंडीतला थाने के सीआई के सिर में गंभीर चोट आई। इस घायल पुलिसकर्मी को प्रदर्शनकारियों ने ही बचाया।

उल्लेखनीय है कि आरजी कर दुष्कर्म और हत्याकांड के विरोध में पश्चिमबंग छात्र समाज के आह्वान पर सोशल मीडिया के माध्यम से नवान्न अभियान की योजना बनाई गई थी। इसके तहत मंगलवार सुबह से ही विभिन्न स्थानों से लोग नवान्न की ओर रैली करने लगे। कुछ लोग नदी मार्ग से, तो कुछ ट्रेन और सड़क मार्ग से आए। इस बीच, पुलिस ने भी आंदोलनकारियों को रोकने के लिए पूरी तैयारी की थी।

तृणमूल कांग्रेस ने इस विरोध को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि यह विरोध न्याय की मांग नहीं बल्कि अशांति फैलाने की साजिश है।

इस बीच भाजपा नेता अर्जुन सिंह और शुभेंदु अधिकारी के नवान्न अभियान में शामिल होने से राजनीतिक विवाद बढ़ गया। तृणमूल ने इस विरोध को राजनीतिक साजिश करार दिया है, जबकि शुभेंदु अधिकारी ने गिरफ्तार लोगों को कानूनी सहायता का आश्वासन दिया है। पूरे घटनाक्रम ने कोलकाता और आसपास के क्षेत्रों में भारी तनाव और अशांति पैदा कर दी है। स्थिति अभी भी नियंत्रण में नहीं है।



**आज 12 घंटे बंगाल बंद का आह्वान :** राज्य सचिवालय घेराव के लिए छात्रों के आह्वान पर सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की बर्बरता के खिलाफ भाजपा ने बुधवार को भी प्रदर्शन का ऐलान किया है। भाजपा ने बुधवार को 12 घंटे के बंगाल बंद का आह्वान किया है, जिसमें उन्होंने पुलिस पर नवान्न अभियान के दौरान डर फैलाने का आरोप लगाया है।

( पेज12 भी देखें)

---

नेताओं ने कहा- किसी के पार्टी छोड़ने से झामुमो पर नहीं पड़ेगा कोई असर

# कोल्हान टाइगर की मांद में आज दहाड़ेंगे हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** सरायकेला विधानसभा क्षेत्र के गम्हरिया प्रखंड के रापचा मैदान में 28 अगस्त को सीएम हेमंत सोरेन झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। पूर्व सीएम चंपई सोरेन के झामुमो छोड़ने से पहले झामुमो भी उनके गढ़ में शक्ति प्रदर्शन के मूड में है। यही कारण है कि चाईबासा में होने वाले इस कार्यक्रम को सरायकेला जिला में शिफ्ट किया गया है। कार्यक्रम से पहले सरायकेला जिला झामुमो का हौसला बढ़ाने के लिए मंत्री, संसद समेत कोल्हान के तमाम विधायक मंगलवार को गम्हरिया पहुंचे और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। पत्रकारों से बात करते हुए झामुमो नेताओं ने कहा, 28 का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। महिलाओं के सम्मान और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। वहीं चंपई सोरेन के झामुमो छोड़ भाजपा में जाने के सवाल पर कहा झामुमो के आंदोलन और संघर्ष से बनी पार्टी है। किसी एक के पार्टी छोड़कर चले जाने से संगठन को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है।



### लाभार्थियों को देंगे स्वीकृति प्रमाण पत्र

सरायकेला के गम्हरिया में 28 को प्रमंडल स्तरीय झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम की तैयारी पूरी हो चुकी है। सीएम श्री सोरेन दिन के 12 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। वे तीनों जिले के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र बांटेंगे। साथ ही लोगों को संबोधित करेंगे। संभावना है कि चंपई मामला स्पष्ट हो जाने के बाद सीएम हेमंत इस प्रकरण पर भी जनता के बीच अपनी बात रखें। सीएम के दौरे को लेकर हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। डीसी-एसपी समेत तमाम अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर जा कर सभी तैयारयों का जायजा लिया।

**जुटे झामुमो के तमाम दिग्गज :** समारोह को सफल बनाने और स्थानीय नेताओं का हौसला बढ़ाने को लेकर मंगलवार को झामुमो के अनेक दिग्गज जुटे। इनमें मंत्री दीपक बिरुवा, सांसद जोबा माझी, चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव, मझगांव विधायक निरल पुरती, खरसावां विधायक दशरथ गागराई, ईचागढ़ विधायक सविता महतो, घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, पोटका विधायक संजीव सरदार पहुंचे। साथ ही झारखंड आंदोलकारी चिह्नितिकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो, झामुमो जिलाध्यक्ष डॉ सुबेंदू महतो, झारखंड गो सेवा आयोग के सदस्य राजू गिरि, मोहन कर्मकार, पवन सिंह, राहुल आदित्य, दीपक प्रधान, सोमवारी बहन्दा समेत पूरे कोल्हान के झामुमो नेता आदि थे।

---

आठ आइपीएस अधिकारियों का तबादला

# कुमार गौरव लातेहार के एसपी

| आइपीएस अधिकारी | कहां हुआ स्थानानंतरण |
|---|---|
| कुमार गौरव | एसपी लातेहार |
| अंजनी कुमार झा | एसपी झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग |
| निधि द्विवेदी | एसपी जामताड़ा |
| अंजनी अंजन | एसपी एसीबी रांची |
| दीपक शर्मा | एससीआरबी |
| अमित कुमार सिंह | एसपी साहिबगंज |
| अनिमेष नैथानी | एसपी गोड्डा |
| नाथू सिंह मीणा | एसपी एसआईबी स्पेशल ब्रांच |
| विमल कुमार | एसपी गिरिडीह |
| मनीष टोप्पो | एसपी ब्रांच |

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सरकार ने राज्य के आठ आईपीएस रैंक के अधिकारियों का तबादला किया है। पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत दो आईपीएस को भी प्रोन्नति मिली है। साहिबगंज एसपी के पद पर पदस्थापित कुमार गौरव को जहां लातेहार का एसपी बनाया गया है, वहीं होमगार्ड एसपी के पद पर पदस्थापित अमित कुमार सिंह को साहिबगंज का एसपी बनाया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना मंगलवार की रात गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी कर दी गई है।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

बुधवार 28.08.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 130

epaper.khabarmantra.net

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

### निचितपुर आंगनबाड़ी केंद्र में घुसा सांप



कतरास। निचितपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सांप घुस जाने से वहां अफरा तफरी का माहौल रहा। बताते चलें कि आंगनबाड़ी की सेविका नीतू गुप्ता ने मंगलवार को जब कमरे का दरवाजा खोला तो कोने में उन्हें एक सांप दिखा। खबर सुनते ही वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। सेविका ने सांप घुसने की खबर बीइंग काइंड एंड हैप्पी संस्था के अध्यक्ष डा स्वतंत्र कुमार को दिया। उन्होंने तत्काल वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू एक्सपर्ट राणा प्रताप सिंह को खबर कर उन्हें बुलाया। इसके बाद सांप को पकड़ा गया। मौके पर जानिक कुमार, शिवराम दुबे, राज, तूषार, संदीप मौजूद थे।

### सांसद ढुल्लू महतो की पहल पर लगा नया ट्रांसफॉर्मर



**कतरास।** बाघमारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भगतसिंह चौक तेलियाबांध में सांसद ढुल्लू महतो की पहल पर नया ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराया गया। सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो ने ट्रांसफॉर्मर का विधिवत उद्‌घाटन किया। मालूम हो कि यहां का ट्रांसफॉर्मर जल जाने से क्षेत्र में अंधेरा पसरा हुआ था। इस मौके पर. डॉ मधुमाला, डा स्वतंत्र कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### तेतुलिया में कई युवकों ने ग्रहण की कांग्रेस की सदस्यता



**कतरास।** तेतुलिया स्थित कांग्रेस नेता रोहित यादव के आवासीय कार्यालय में दर्जनों युवकों ने परेश दसोंधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। श्री यादव ने कहा कि युवा ही बाघमारा की तस्वीर बदलेंगे। इस मौके पर मुकुंद दसौंधी, शंकर गुप्ता, मनोज कुमार, राजेश दास विजय कुमार, राजेश, विजय, चंदन, संजीव, बिट्टू, बीरु, पंकज, महेश मौजूद थे।

### मजदूर नेता ने पेश की कांग्रेस से चुनाव लड़ने की दावेदारी

**कतरास।** बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के संयुक्त महामंत्री रवि चौबे ने धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष संतोष सिंह के समक्ष अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ अपनी दावेदारी पेश की। इस मौके पर चांद खान, सचिव धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी, राकेश सिंह, के के पांडेय, गुड्डू मिश्रा, अजय कुमार यादव, मोहम्मद तारिक हुसैन, आबिद, हकीम खान, रामराज भर आदि मौजूद थे।

# धनबाद : टासरा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट के प्रभावितों के सवाल पर वार्ता विफल

**उपायुक्त ने कहा जनसुनवाई के बाद पुनर्वासन के प्रारूप पर निर्णय**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सेल टासरा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट से प्रभावित लोगों के पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन को लेकर मंगलवार को समाहरणालय में उपायुक्त माधवी मिश्रा के साथ सेल के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक विफल रही। सेल के महाप्रबंधक शिबाराम बनर्जी तथा महाप्रबंधक टासरा एसके कुरील ने परियोजना के लिए अर्जित की जा रही रैयती भूमि एवं प्रभावित परिवार के भुगतान एवं पुनर्वास पर प्रकाश डाला। जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधियों ने भी कई सुझाव दिये, जिसे सुनने के बाद उपायुक्त ने कहा कि कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (पीएसयू) निर्धारित मानदंडों के आधार पर कार्य करता है। इसलिए टासरा प्रोजेक्ट से संबंधित समस्या पर जनसुनवाई के बाद ही पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन प्रारूप पर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में सेल के महाप्रबंधक ने बताया कि रोहड़ाबांध में 1969 प्रभावित परिवार है। उनमें 1297 टाइटल होल्डर तथा 672 नॉन टाइटल होल्डर परिवार हैं, जबकि टासरा में 392 प्रभावित परिवारों में 348 टाइटल होल्डर एवं 52 नॉन टाइटल होल्डर हैं। उन्होंने कहा कि टाइटल होल्डर को 75 वर्ग मीटर भूमि पर 50 वर्ग मीटर का 2 बीएचके मकान दिया जाएगा। 2 एकड़ जमीन के अधिग्रहण के एवज में प्रभावित कुटुंब के एक सदस्य को सेल में नियोजन या प्रति प्रभावित कुटुंब को एक मुश्त 5 लाख रुप/ अथवा 20 वर्षों तक प्रतिमाह 2000 रुपये दिया जाएगा। विस्थापित कुटुंब के लिए एक वर्ष की अवधि तक जीवन निर्वाह अनुदान के रूप में 3000 रुपए प्रति माह दिया जायेगा या पूरे वर्ष के लिए एकमुश्त 36000 रूपए का ड्डुगतान कर दिया जाएगा। इसके अलावा टाइटल होल्डर को 50000 रुपये परिवहन खर्च, यदि टाइटल होल्डर के पास पशु बड़ा या छोटी दुकान है तो उसके निर्माण के लिए 25000 रुपये, कारीगर या छोटे व्यापारियों को 25000 रुपए की वित्तीय सहायता, 50,000 पुनर्व्यवस्थापन भत्ता एवं रजिस्ट्री के लिए आवश्यक स्टांप शुल्क दिया जाएगा। टाइटल होल्डर के लिए आवंटित भूमि या मकान प्रभावित कुटुंब की पत्नी और पति दोनों के संयुक्त नाम से होगा।

**नॉन टाइटल होल्डर को भी मिलेगा घर**

उन्होंने बताया कि नॉन टाइटल होल्डर को भी 50 वर्ग मीटर का घर, प्रत्येक प्रभावित कुटुंब, जो विस्थापित हो रहे हैं, को 50,000 रुपये परिवहन खर्च तथा विस्थापित परिवार को आवंटित मकान के लिए आवश्यक स्टांप शुल्क और रजिस्ट्री फीस दी जाएगी। बैठक में नगर आयुक्त रविराज शर्मा के अलावा जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## साइकिल वितरण और छात्रवृत्ति योजना में तेजी लाने का निर्देश



**डीसी की बैठक**

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कर्यालय कक्ष में कल्याण विभाग की समीक्षा की। बलियापुर, बाघमारा, निरसा एवं टुंडी में अपेक्षा से कम प्रगति हासिल करने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि साइकिल वितरण तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार अधिकारी गंभीरता से लें। कोई योग्य छात्र योजना से वंचित नहीं रहे, इस बात का ध्यान रखने की जरूरत है। उपायुक्त ने बिरसा फसल बीमा योजना की समीक्षा की और अग्रणी जिला प्रबंधक को योजना में तेजी लाने का निर्देश दिया।

निदेशक सामाजिक सुरक्षा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में 5260 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया जाएगा। वहीं 28608 छात्र-छात्राओं को पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। बैठक में निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार आदि मौजूद थे।

## प्रभात सुरोलिया ने की धनबाद विस सीट से चुनाव लड़ने की दावेदारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिला कांग्रेस महासचिव, धनबाद जिला कांग्रेस व्यापर उद्योग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रभात सुरोलिया ने मंगलवार को धनबाद सीट से चुनाव लड़ने के लिए दावेदारी पेश की है। उनके साथ सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जनों के आलावा विभिन्न सामजिक, व्यापारिक संगठनों एवं शहर के गणमान्य लोग भी थे। सभी की उपस्थिति में उन्होंने उम्मीदवारी का दावा जिला अध्यक्ष संतोष सिंह के समक्ष पेश किया। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस पार्टी में मजबूत दावेदार हैं। वर्षों से व्यापारियों, आम जनता और धनबाद की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत रहे हैं। कई व्यापारिक संस्थाओं के अध्यक्ष, सचिव पद पर कार्य कर चुके हैं। शहर में उनकी अलग पहचान है, लोग चाहते हैं कि उन्हें कॉग्रेस अपना उम्मीदवार बनाये। बहुत सारी सामाजिक संथाओं और संगठनों ने कहा है कि अगर कांग्रेस प्रभात सुरोलिया को टिकट देगी तो उन्हें विजयी बनाने के लिए एड़ी चोटी एक कर देंगे। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीराम चौरसिया, सुनील कुमार, रीता अरोड़ा, बाजार समिति चेंबर अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, बैंक मोड़ चेंबर के प्रभात वर्मा, नारायण सिंह, गुलाम सदाब, कांग्रेस व्यापर प्रकोष्ठ के सचिव गौरव गर्ग आदि मौजूद थे।

## न्यायाधीश ने किया धनबाद जेल का निरीक्षण

- जेल प्रशासन को दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश
- बंदियों को दी गई कानून की जानकारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर अवर न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रोशन ने मंगलवार को एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदू, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट व सहायक कांउसिल के साथ धनबाद मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। न्यायाधीश ने कारागार के प्रत्येक बैरक में बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नाश्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए न्यायाधीश ने बंदियों के शौचालयों की साफ-सफाई का निर्देश दिया। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजे जाने का निर्देश जेल डॉक्टर को दिया। न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर, तैयार हो रहे भोजन, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान-सह-योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने जेल प्रशासन को बंदियों को नियमानुसार सुविधाएं मुहैया कराने और जेल अधिकारियों को उनके कर्तव्य का पालन करने का निर्देश दिया। जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सारी सुविधाएं बंदियों को उपलब्ध कराने का आदेश जेल प्रशासन को दिया।

## आज से जिले में शुरू होगा कुष्ठ मरीज खोज अभियान

**2261 दल हर दिन करेंगे 20-20 घरों में जांच**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन अभियान को लेकर मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में कुष्ठ रोगी खोज अभिाान 28 अगस्त से 13 सितम्बर तक चलाया जायेगा। जिले में लगभग 5 लाख 202 घर हैं। सहिया एवं पुरुष कार्यकर्ता घर-घर जा कर सघन जांच करेंगे। साथ ही प्रचार-प्रसार के माध्यम से कुष्ठ रोग के बारे में लोगों को जागरूक भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सघन जांच के लिए 2261 टीम बनाई गई है। अभियान को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए 444 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। प्रत्येक टीम 20-20 घरों में जांच करेगी। सिविल सर्जन ने बताया कि सभी प्रखंडों में कार्यरत कर्मी माइक्रोप्लान के अनुसार प्रतिदिन कार्य करेंगे।

**ठाकुर कुल्ही दुर्गा मंदिर में मना श्री कृष्ण जन्मोत्सव**

**धनबाद।** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों एवं ठाकुर कुल्ही निवासियों ने ठाकुर कुल्ही सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में धूमधाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत भजन कीर्तन के साथ हुई। भजन मंडली ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया, जिसमें श्रद्धालु झूमते नजर आए।

## उपायुक्त के जनता दरबार में पहुंचा जल जमाव का मामला, मिला आश्वासन



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शहर में हो रही मूसलाधार बारिश एक ओर जहां बहुत से लोगों को सुकुन पहुंचाने का काम कर रही है, वहीं कई ऐसे इलाके हैं, जहां लोगों को जीना मुहाल हो गया है। मंगलवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा के जनता दरबार में ऐसा ही एक मामला पहुंचा। नावाडीह पंचायत के नंदन रेजिडेंसी में रहने वाले लोगों ने बताया कि यहां फेज 1, 2 और 3 में जल जमाव की परेशानी है। बरसात में पानी, बेसमेंट तथा आने जाने वाले रास्ते में भर जा रहा है। इस कारण घर से निकलना मुश्किल हो गया है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। यह समस्या पिछले 2 साल से है। पूरा इलाका टापू बन गया है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों से इलाके की जांच कराकर समाधान करने की बात कही। एक महिला ने बताया कि उनके पास आयुष्मान कार्ड है। फिर भी एसजेएएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में इलाज नहीं किया जा रहा है। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को उचित कदम उठाने का निर्देश दिया। गोविंदपुर से आए युवक ने बताया कि 2017 में एनएच 2 के लिए उसकी जमीन का अधिग्रहण किया गया था। अधिग्रहण के बाद घर भी तोड़ दिया। लेकिन आज तक मुआवजा नहीं मिला है। अब मुआवजे के लिए दुबारा कागजात जमा करने पर अमीन कह रहा है तुम्हारा कागजात गुम हो गया है। मामले की गंभीररता को देखते हुए उपायुक्त ने तुरंत जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को शिकायतकर्ता के कागजात की जांच करने और यदि कागजात सही है तो शीघ्र मुआवजा का भुगतान कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा जनता दरबार में इलाज के लिए सहायता प्रदान करने, ऑनलाइन रसीद नहीं कटने सहित अन्य शिकायते आयीं।

एक नजर में

### इंटरनेशनल नजर फोटो एग्जिबिशन में धनबाद के फोटोजर्नलिस्ट सुभोजीत घोषाल प्रथम



**धनबाद।** जवाहर कला केन्द्र और राजस्थान फोटो फेस्टिवल की सहभागिता में आयोजित इंटरनेशनल नजर फोटो एग्जीबिशन के तीसरे संस्करण का उत्साह के साथ समापन हुआ । एग्जीबिशन के तीसरे दिन विधायक बालमुकुंद आचार्य, हेरिटेज मेयर मुनेश गुजर,आदर्श नगर विधायक प्रत्याशी रवि नैयर, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पत्नी सुनीता गहलोत, आईपीएस सचिन मित्तल, आईपीएस हेमंत शर्मा, झनेश्वर चौधरी, डॉ विवेक शर्मा, नितिन गोधा ने एग्जीबिशन में शिरकत की। एग्जीबिशन के समापन पर अलग-अलग श्रेणियों में विजेता व उपविजेता दोनों को पुरस्कृत किया गया। वही फोटोजर्नलिस्ट श्रेणी में प्रथम झारखंड धनबाद से सुभोजीत घोषाल साथ ही राजस्थान बीकानेर से दिनेश गुप्ता और जयपुर से दिनेश बगड़ा विजेता रहे।

### इस्कॉन कुसुम विहार में मना जन्माष्टमी उत्सव



**ब्रज वासियों का नृत्य, वृंदावन के साधुओं से कथा, गुजरात एवं कोलकता के भक्तों ने किया कीर्तन**

**धनबाद।** इस्कॉन कुसुम विहार द्वारा तीन दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुजरात से आए भक्तों के कीर्तन से की गई। धनबाद के बच्चों नेनृत्य एवं ग्रामीण क्षेत्र के भक्तों ने ड्रामा प्रस्तुत किया। डॉक्यूमेंट्री मूवी के माध्यम से इस्कॉन कुसुम विहार द्वारा किए जा रहे ट्राइबल केयर, मुफ्त शिक्षा मेडिकल कैंप एवं अन्य प्रोजेक्ट की जानकारी भक्तों को दी गई। आरती के बाद भगवान का महा अभिषेक मुख्य अतिथि एवं भक्तों द्वारा किया गया। अभिषेक के पश्चात भगवान को 56 भोग लगाया गया। जन्माष्टमी उत्सव में 5000 से अधिक भक्तों के बीच महा प्रसाद वितरण किया गया।

### लूटने पहुंचे चोरों ने महिला को किया घायल

**सिंदरी।** सिंदरी के आरएमकेफोर 315 निवासी गोविंद सूत्रधर के घर सोमवार की शाम लगभग छह बजे चोरों ने घर में घुसकर लगभग छः हजार रुपये की चोरी की। विरोध कर रही गोविंद की पत्नी प्रतिमा सूत्रधर (26) पर चोरों ने धारदार हथियार से प्रहार किया। जानकारी देते हुए गोविंद ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को वह प्रतिदिन की तरह दोपहर में कार्य करने गया था। उसकी पत्नी और दो साल की बच्ची घर में थी।

## लोयोला स्कूल में छात्राएं मेंहदी लगा कर पहुंची तो मिली सजा

**विरोध में घेराव करने पहुंचे एनएसयूआई कार्यकर्ता, प्राचार्य ने किया इनकार**




खबर मन्त्र संवाददाता

मैथन। चिरकुंडा के लोयोला स्कूल में पिछले दिनों छात्राएं मेहंदी लगाकर पहुंची तो स्कूल प्रबंधन ने कार्रवाई की थी। विरोध में मंगलवार को एनएसयूआई के कार्यकर्ता घेराव करने स्कूल पहुंच गए। नेतृत्व जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्ण चौधरी ने किया। स्कूल के प्रिंसिपल ने एनएसयूआई से जुड़े छात्र नेताओं से वार्ता की। छात्र नेताओं ने कहा कि स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्राओं को स्कूल में मेहंदी व टीका लगाकर आने पर दंडित किया जाता है। परंतु स्कूल के प्राचार्य फादर जॉनी पी देवासिया ने ऐसी किसी बात से इनकार किया और कहा कि स्कूल प्रबंधन ने ऐसा कुछ भी नहीं किया है, जिससे छात्र-छात्राएं आहत हों। उन्होंने छात्र नेताओं से कहा कि किसी भी छात्र छात्रा के साथ स्कूल प्रबंधन ने ऐसा किया है तो अभिभावक सामने आएं। कुछ देर के लिए पूरा माहौल तब तनावपूर्ण हो गया, जब अभिभावकों के एक समूह ने शिक्षा के मंदिर में राजनीति करने का आरोप लगाया। सूचना मिलते ही चिरकुंडा पुलिस स्कूल पहुंच गई। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने छात्र नेताओं को स्कूल का महौल खराब न करने की चेतावनी दी। स्कूल के प्रिंसिपल फादर जॉनी पी देवासिया ने वायरल वीडियो और अखबार में छपी खबरों का खंडन करते हुए कहा कि बच्चों की जिम्मेवारी उनके कंधों पर है और वे ऐसा कोई काम नही करेंगे, जिससे बच्चों पर इसका सीधा असर पड़े। उन्होंने कहा कि यदि बच्चों का किसी भी तरह का कोई शिकायत होगी तो वे उनके अभिभावक को बुलाकर बताने का काम करेंगे।

**छात्राओं के समर्थन में पहुंचा एनएसयूआई**

एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि समाचार पत्रों के माध्यम से उन्हें यह जानकारी मिली थी कि स्कूल प्रबंधन द्वारा मेंहदी लगाए जाने पर छात्राओं को दंडित किया गया है। इसीलिए वे यहां छात्रों के समर्थन में पहुंचे थे और स्कूल के प्राचार्य से मिले। उनके आश्वासन पर वे पूरी तरह संतुष्ट हैं और शिकायत दूर हो गई है।

खबर मन्त्र

रांची. बुधवार .28 अगस्त 2024

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# कब जुड़ेंगी नदियां!

राष्ट्रीय महत्व की केन-बेतवा नदियों को जोड़ने वाली परियोजना को मंजूरी मिली है लेकिन इस पर काम धीमा है। इसे ऐतिहासिक बताते हुए प्रधानमंत्री ने इस परियोजना को समूचे बुंदेलखंड के सुनहरी भविष्य की भाग्यरेखा बताया। निस्संदेह इस परियोजना के अस्तित्व में आने से जहां लाखों हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी, वहीं प्यासे बुंदेलखंड की प्यास भी बुझेगी। जहां प्रगति के द्वार खुलेंगे, वहीं क्षेत्र से लोगों का पलायन रुकेगा, जो आने वाली पीढ़ियों की दुश्वारियों का अंत करेगी। समाज व सरकार की सक्रिय भागीदारी योजना के क्रियान्वयन में तेजी लायेगी। इस परियोजना से जहां दोनों राज्यों के अंतर्गत आने वाले बुंदेलखंड के 10.62 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई संभव होगी, वहीं 62 लाख घरों को पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। आने वाले समय में मौसम परिवर्तन को ध्यान में रखकर हमारी जल समृद्धि को और अधिक बढ़ाना आवश्यक होगा। यूपीए सरकार के दौरान 2005 में उत्तर प्रदेश व मध्यप्रदेश में समझौता हुआ था। जल शक्ति मंत्रालय की कोशिश है कि जलवहन प्रणाली के माध्यम से मानसून अवधि में जल का संग्रहण करके गैर मानसून अवधि में पानी का उपयोग किया जा सके। देश की आजादी के सात दशक बाद भी हम हर व्यक्ति तक पेयजल नहीं पहुंचा सके। राज्य सरकारों की प्राथमिकता में जल संसाधनों का संरक्षण व संवर्धन शामिल ही नहीं रहा है। जल अपव्यय रोकने और कुशल जल प्रबंधन में कामयाब नहीं रहे हैं। यही वजह है कि देश में जल संग्रहण के परंपरागत स्त्रोत खात्मे की कगार पर हैं। झारखंड भी एक पठारी राज्य है यहां भी सोन, गंगा, दामोदर, स्वर्णरेखा , कोयल, खरकई सहित सैकड़ों नदियां जिनका उपयोग अधिक से अधिक हो और बरसात में इनके जल का संरक्षण हो इस दिशा में ठोस कार्य करने की जरूरत है।

# शराबबंदी पर विमर्श

सवाल है कि इसके नियमन और निगरानी की जिम्मेदारी किसकी थी? अब लोगों की जान जाने की घटना के तूल पकड़ने के बाद एक रस्मी कार्रवाई के तहत कुछ पुलिसकर्मियों को निलंबित करके सरकार की ओर से सख्ती बरतने का संदेश दिया गया है। लेकिन नाहक लोगों के मारे जाने के बाद इस तरह की औपचारिक कार्रवाइयां क्या ऐसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए काफी हैं? ऐसा नहीं है कि इस तरह की यह कोई पहली घटना है जिसमें लोगों ने विषाक्त शराब पी ली हो और उसमें कई परिवारों पर दुख का पहाड़ गिर गया।आखिर ऐसा पुलिस और प्रशासन के संबंधित और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही या मिलीभगत के बिना कैसे संभव हो सकता है?अफसोस की बात यह है कि देश भर में जहरीली शराब से मौत की घटनाएं आज एक गंभीर समस्या बन चुकी है, जो महज इसलिए हो रही हैं कि कुछ लोग बेलगाम मुनाफा कमाना चाहते हैं और इसके नियमन और रोकथाम के लिए जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी या पुलिस महकमे के अफसर किसी सौदेबाजी या फिर लापरवाही के चलते अपनी आंखें मूंदे रहते हैं। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि देश के जिन राज्यों में शराब पर कानूनन पाबंदी है, वहां भी विषाक्त शराब पीकर लोगों की मरने की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं। आखिर यह सब किसकी अनदेखी और किसके संरक्षण में चलता है? कायदे से देखें तो किसी भी कोने में कोई छोटा कारोबार करने वाला भी पुलिस और प्रशासन की निगरानी की जद में होता है। जरूरत पड़ने पर पुलिस कहीं भी छिपे आरोपियों या अपराधियों को खोज निकालती है। आखिर बिहार हो या गुजरात जिन राज्यों में प्रतिबंध हैं वहां भी शराब आसानी से मिलती है, बिकती है और इन्हें संरक्षण भी प्राप्त है। शराब की नियंत्रित बिक्री और पूर्ण प्रतिबंध पर विमर्श जरूरी है।

# मरीजों को पीड़ामुक्त करती नर्सों के चेहरे की मुस्कान





-डॉ आरके सिन्हा

> भारत में, नर्सिंग एक ऐसा पेशा है जो महिलाओं द्वारा बड़े पैमाने पर चुना जाता है। इस क्षेत्र में पुरुष नर्सों की भूमिका अभी भी ऐसे क्षेत्रों तक सीमित है, जिसमें रोगियों को उनकी न्यूनतम आवश्यकता होती है जैसे आई.सी.यू.। अभी भी विशेष रूप से प्रसूति एवं महिला रोग विज्ञान विभाग में पुरुष नर्सों को स्वीकार नहीं करते। जानकार मानते हैं कि भारत में एक लाख सहायक नर्स (मिडवाइफों) तथा चार लाख सामान्य नर्स (मिडवाइफों) की कमी है।

**भारत** में रोगियों का अस्पतालों में तस्ल्लीबख्श इलाज किस तरह से हो, इस मसले पर नए-नए सुझाव सामने आते रहते हैं। सब अपने-अपने अनुभव और जानकारी के हिसाब से बताते हैं कि रोगियों को हम किस तरह से उच्च कोटि का इलाज दे सकते हैं। पर सारी बहस में हेल्थ सेक्टर की जान नर्सों के योगदान और उनके हितों की चर्चा कहीं पीछे छूट जाती है। यह बात ध्यान रखने की है कि अपने पेशे के प्रति निष्ठावान नर्सों के बिना रोगियों को सही ढंग से इलाज ही संभव नहीं है। इसलिए नर्सों की ट्रेनिंग और इनकी पगार और दूसरी सुविधाओं, खासकर इनके साथ होने वाले विनम्र व्यवहार पर खास देते रहना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का मानना है कि एक हजार की आबादी पर चार नर्सें लाजिमी तौर पर होनी चाहिए। भारत अभी तक इस स्थिति तक नहीं पहुंचा है। भारत में एक हजार लोगों पर औसत दो ही प्रशिक्षित नर्स उपलब्ध हैं।

भारत को अपने हेल्थ सेक्टर को बेहतर बनाने के लिए नर्सिंग क्षेत्र को और सशक्त बनाना होगा। हमारे यहां हर साल करीब ढाई लाख नई नर्सें प्रशिक्षित होकर आ जाती हैं। यह बहुत साफ है कि नर्सें किसी भी देश के हेल्थ सेक्टर की जान होती हैं, जो रोगी की देखभाल, उपचार का संचालन और रोगी के मनोबल को बढ़ाकर उन्हें स्वस्थ करने में अहम रोल निभाती हैं। भारत में नर्सों की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। नर्स अपने आप में डॉक्टरों से कोई बहुत पीछे नहीं होती, रोगियों का इलाज करने में। उदाहरण के रूप में कैंसर रोगियों का इलाज करने के लिए विशेष ज्ञान और कौशल की आवश्यकता होती है। ऑन्कोलॉजी नर्सों को उपचार का संचालन करने, दुष्प्रभावों का प्रबंधन करने और रोगियों और उनके परिवारों को भावनात्मक समर्थन प्रदान करने में कुशल होना चाहिए। इसी प्रकार किडनी या लिवर ट्रांसप्लांट के मरीजों को संक्रमण (इन्फेक्शन) से बचाना एक बड़ी समस्या है जिससे निपटने के लिये प्रशिक्षित नर्सें ही प्राणरक्षक का कार्य करती हैं।

अंग्रेज नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगल विश्व में आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक मानी जाती हैं। बेशक, नर्सें किसी भी देश की चिकित्सा प्रणाली का जरूरी अंग हैं। यह रोगियों की जांच में फिजिशियनों एवं ऑपरेशन के दौरान भी सर्जनों की सहायता करती हैं, फीवर और बल्ड शुगर, ब्लड प्रेशर, पल्स रेट आदि नियमित रूप से रिकॉर्ड करती हैं, रोगियों को दवा खिलाने/पिलाने, इंजेक्शन देने का कार्य करती हैं, घावों की पट्टियां बदलती हैं और रोगियों के उपचार का रिकॉर्ड, तापमान, पल्स रेट, पोषाहार, सुधार आदि का रिकॉर्ड भी रखती हैं।

अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, नर्सों को अकसर उनके योगदान के लिए बहुत कम पहचान मिलती है और उनके पेशेवर विकास के अवसर भी कम ही होते हैं। यह सबको पता है कि भारत में अधिकतर नर्स केरल से आती हैं, यूरोप और अमेरिका में फिलीपींस से। दोनों ही स्थान समंदर के किनारे बसे हैं। यह अपने घरों को और बाल-बच्चों परिवार को देखने के अलावा नाइट-ड्यूटी भी करती हैं। फिलीपींस और केरल दोनों से हर साल हजारों नर्सें निकलती हैं। नर्सें भारत के विभिन्न भागों अलावा अरब खाड़ी के अन्य देशों में जातीं हैं। फिलीपींस वाली नर्सें ज्यादा पसंद करती हैं अमेरिका और यूरोप। इन दोनों जगहों की नर्सों ने अपनी मेहनत और लगन से सारी दुनिया में अपना नाम कमाया है। दिल्ली का सेंट स्टीफंस अस्पताल गुजरे सवा सौ सालों से रोगियों का इलाज कर रहा है। यहां की नर्सों को इस अस्पताल को स्थापित करने वाली संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी की तरफ से सीख मिलती रही है कि जनसेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। इसके चलते सेंट स्टीफंस अस्पताल या इसे छोड़कर किसी अन्य जगह पर जाकर काम करने वाली नर्से हमेशा रोगियों के साथ खड़ी रहती हैं।

अगर आप खेलों की दुनिया को करीब से नहीं भी जानते हैं तो भी आपने भारत के मशहूर धावक अमोज जैकब का नाम सुना होगा? हो सकता है कि कि आप कहें कि नर्सों की चर्चा करते हुए हम भटक तो नहीं रहे। यह बात नहीं है। जैकब उस भारतीय पुरुष 4x400 रिले टीम के मेंबर थे जिसने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नए राष्ट्रीय और एशियाई रिकॉर्ड के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भी भाग लिया था। अमोज जैकब की मां राजधानी दिल्ली के एक अस्पताल में हेड नर्स हैं। अमोज जैकब कहते हैं कि मेरी मां ने दिन-रात रोगियों की सेवा करते हुए मुझे भी हमेशा प्रोत्साहित किया कि मैं बेहतरीन धावक बन जाऊं।

अब तो भारत के सभी प्रदेशों से नर्सें आ रही हैं। खासकर पहाड़ी प्रदेशों उत्तराखंड, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश , मिजोरम, नागालैंड, मेघालय, सिक्किम आदि से। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि केरल की नर्सों की अब भी सब जगहों में बहुत मांग है। वह जहां जाती हैं, वहां पर केरल का नाम रोशन भी करती हैं। उन्हें बेहतर सेवा करने के बदले में अच्छी से अच्छी सेलरी भी मिलनी चाहिए। डब्ल्यूएचओ की एक रिपोर्ट के अनुसार, करीब साढ़े छह लाख भारतीय नर्सें देश से बाहर जाकर काम कर रही हैं। जाहिर हैं कि इतनी बड़ी संख्या में नर्सों के देश से बाहर काम करने से देश में और उनके परिवारों में पर्याप्त काफी विदेशी मुद्रा आती ही होगी।

भारत में, नर्सिंग एक ऐसा पेशा है जो महिलाओं द्वारा बड़े पैमाने पर चुना जाता है। इस क्षेत्र में पुरुष नर्सों की भूमिका अभी भी ऐसे क्षेत्रों तक सीमित है, जिसमें रोगियों को उनकी न्यूनतम आवश्यकता होती है जैसे आई.सी.यू.। अभी भी विशेष रूप से प्रसूति एवं महिला रोग विज्ञान विभाग में पुरुष नर्सों को स्वीकार नहीं करते। जानकार मानते हैं कि भारत में एक लाख सहायक नर्स (मिडवाइफों) तथा चार लाख सामान्य नर्स (मिडवाइफों) की कमी है।

आप भी मानेंगे कि इस तरह के बहुत भाग्यशाली ही लोग होते हैं, जिन्हें कभी अस्पताल में जाना नहीं पड़ता। उन कठिन दिनों में हमें नर्स की सेवा और उनकी मुस्कान से कितनी राहत मिलती है, यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है।

## खास बात

# बेहाल मजदूर

जीवीएस शास्त्री

**किसी** भी समाज, देश संस्था और उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों की अहमियत किसी से भी कम नहीं आंकी जा सकती। इनके श्रम के बिना औद्योगिक ढांचे के खड़े होने की कल्पना नहीं की जा सकती। दिहाड़ीदार मजदूर की गतिविधियों या डेटा के संग्रह को किसी कानूनी प्रावधान के तहत संजोकर नहीं रखा जाता है मतलब ये की सरकार इनका खाता नहीं रखती है। इन दिहाड़ीदार मजदूरो/अनौपचारिक / असंगठित क्षेत्र का जीडीपी और रोजगार में योगदान के मामले में भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रमुख स्थान है। देश के कुल श्रमिकों में से, शहरी क्षेत्रों में लगभग 72 प्रतिशत दिहाड़ीदार/अनौपचारिक क्षेत्र में लगे हुए हैं।

शहरी विकास में दिहाड़ीदार/अनौपचारिक क्षेत्र का महत्व बहुत ज्यादा है. भारत के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 500 मिलियन श्रमिकों के भारत के कुल कार्यबल का लगभग 90% अनौपचारिक क्षेत्र में लगा हुआ है। यही नहीं प्रवासी दिहाड़ीदार मजदूर न केवल आधुनिक भारत, बल्कि आधुनिक सिंगापुर, आधुनिक दुबई और हर आधुनिक देश का निमार्ता है जो आधुनिकता की ग्लैमर सूची में खुद को ढालता है। भारत में शहरी अर्थव्यवस्था विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के अनुरूप है, जो अनौपचारिक श्रमिकों दिहाड़ीदार मजदूरों और असंगठित क्षेत्र द्वारा लाइ गई है। आधुनिक अर्थव्यवस्था के पहियों को चालू रखने के लिए फ्रंट-एंड इंडिया को दैनिक जरूरत का समर्थन प्रदान करता है। फैक्ट्रियां, औद्योगिक इकाइयां, होटल, रेस्तरां और कई अन्य प्रतिष्ठान, भले ही बड़े नाम और उनके प्रसिद्ध संचालकों के बावजूद ऐसे श्रमिकों या दिहाड़ीदारों पर निर्भर करते हैं। ये अलग-अलग कार्यों के लिए आते हैं। उबर और ओला ड्राइवर,राजमिस्त्री, बढ़ई, फूड डिलीवरी बॉय, पेंटर, प्लम्बर और कई अन्य हैं। प्रवासन आय में सुधार, कौशल विकास, और स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसी सेवाओं तक अधिक पहुंच प्रदान करने जैसे कार्यों में मदद कर सकता है। इसके बावजूद ये दिहाड़ीदार बहुत सी समस्यों से घिरे हुए है। (विश्वभारती रांची)

# खर-दूषण वध

## धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यांनदजी परमहंस

**श्री राम** ने लक्ष्मण से कहा आप सीता को लेकर गुफा में चले जाए। और गुफा के मुहाने पर धनुष बाण लेकर खड़ा हो जाए। राक्षण दूर नजर आये तो वाण से मार दें और नजदीक आये तो तलवार से मौत की घाट उतार दीजिए शेष मैं देखता हूं। ऐसा कहकर राम ऊंची टीला पर चढ़ गये। उन्होंने देखा कि आगे-आगे शूर्पनेखा है और उसके पीछे खर-दूषण सहित पूरी सेना चली आ रही है। दूर से ही शर्पूनेखा ने दिखायी कि वे देखों जो टीला पर खड़ा है वही बड़ा है। राम ने देखा कि वे दस हजार की संख्या में है मैं किसको-किसको बाण मारुगा तब तक वे यहां भी आ सकते हैं। हो सकता है निसाचर लोग सीता तक चली जाए। इसलिये उन्होंने गंदर्भ विद्या का प्रयोग किया। इसके प्रभाव से राक्षसी सेना को एक दूसरे में ही राम दिखने लगे और उनकी आंख की पुतलियों में राम की तस्वीर आ गयी। इसका परिणाम यह हुआ कि राक्षस गण एक दूसरे को ही मारने लगे। थोड़ी ही देर में एक दूसरे को मारकर दस हजार सैनिक मारे गये। खर-दूषण पर इस जादू का असर नहीं हुआथा। उसने कहा कि अरे इसने तो जादू का खेल खेला। लेकिन तुम्हारे जादू के खेल से हमलोग नहीं मरने और डरने वाले हैं। तुमको असली लड़ाई लड़नी पड़ेंगी। इसके पहले वो कुछ कर पाते राम ने दोनों का वध कर दिया। अलग टीले पर बैठकर शूर्पणखा सब कुछ देख रही थी। इतना देखने के बाद वो सीधे लंका गयी और रावण से डांटकर पूछा- तुम क्या करते हो?

ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम


**झारखंड** की राजधानी रांची में हुई युवा आक्रोश रैली में जो हुआ, उससे मैं बेहद आहत हूं। राज्य सरकार ने जिस तरह से अपनी हदें पार की हैं, वह ना केवल निंदनीय है बल्कि जनजीवन के लिए भी खतरनाक है।

-जयश्री सोरेन, दुर्गा सोरेन सेना

## आपके ट्वीट

**अरण्य** अनेक सभ्यता संस्कृति व लोकोपकारी वृत्तियों के जनक हैं ।रामायणमहाभारत,वैदिक ऋचाओं और उपनिषदों का उद्गम अरण्यों में ही हुआ है ! अतः जैव जगत के अभ्युत्थान हेतु वन-उपवनों का अभिरक्षण हो !

-स्वामी अवधेशानंद गिरी





**बाबा** साहेब ने कहा था कि किसी समाज की तरक़्की का आकलन उस समाज की महिलाओं की प्रगति से पता चलता है ! आज सिर्फ.संथाल परगना में ही 10 लाख से ज्यादा महिलाओं का निबंधन मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना में हो चुका है ! - **हेमंत सोरेन**

# कृषि के विकास के लिए राज्यों को विश्वास में लिया जाये

नागेन्द्र सिंह

## सामयिक

**कृषि कानूनों** की वापसी के बाद कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ें। इसका सबसे अच्छा तरीका यही होगा कि राज्य सरकारों को नेतृत्व करने दिया जाए। इससे पहले भी केंद्र राज्यों को अलग-अलग स्तर की सफलता के साथ अपने कृषि विपणन कानूनों में सुधार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बार-बार प्रयास कर चुका है। जहां तक किसानों को लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने की बात है, इसके लिए कई तरह के उपाय अपनाने होंगे। ऐसे उपायों के तहत सरकारी खरीद का जारी रहना इसका एक हिस्सा हो सकता है। इसके साथ-साथ सरकार सहकारिता या किसान उत्पादकों को मूल्य श्रृंखला में भागीदारी के लिए भी प्रेरित कर सकती है। 23 नवंबर को लोकसभा बुलेटिन में तीन नए कृषि कानूनों को रद करने के लिए संसद के शीतकालीन सत्र में विधेयक प्रस्तुत किए जाने हेतु 'द फार्म लाज रिपील बिल, 2021' सूचीबद्ध किया गया है। इस विधेयक को 29 नवंबर से शुरू हो रहे शीत सत्र के पहले दिन ही पेश करने की तैयारी है। 19 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुपर्व के पवित्र दिन राष्ट्र के नाम संबोधन में तीनों कृषि कानूनों की वापसी का ऐलान किया। उन्होंने देशवासियों से क्षमा मांगते हुए कहा कि शायद हमारी तपस्या में ही कोई कमी रह गई होगी, जिसके कारण दिए के प्रकाश जैसा सत्य, कुछ किसान भाइयों को हम समझा नहीं पाए। तीनों कानूनों को वापस लेने के ऐलान के बाद भी आंदोलन न खत्म करते हुए आंदोलनकारी किसानों ने 22 नवंबर को लखनऊ में महापंचायत करके सरकार के सामने आंदोलन समाप्त करने के लिए कई मांगें रख दी। इनमें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर कानूनी गारंटी, बिजली संशोधन बिल वापसी, पराली जलाने पर जुमार्ने के प्रावधानों को समाप्त करना आदि शामिल हैं। वस्तुतः किसान नेता अब जिन नई मांगों को लेकर सामने आए हैं। वे अव्यावहारिक हैं। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री की यह पहल स्वागत योग्य है कि उन्होंने कृषि कानूनों को अहं का मुद्दा नहीं बनाया और उन्होंने किसानों के साथ सहानुभूति जताते हुए तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की घोषणा की है। कृषि कानूनों को निरस्त करने के फैसले से कृषि के क्षेत्र में देशी-विदेशी निवेश और कारोबार व बाजार पर कितना प्रतिकूल असर पड़ेगा, बीएसई सेसेक्स 1170 अंक टूटकर 58465 के स्तर पर आ गया। यह बाजार में सात महीने की सबसे बड़ी गिरावट है। इस समय कृषि कानूनों की वापसी के बाद देश में कृषि एवं ग्रामीण विकास की मजबूती के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने के कई महत्वपूर्ण रणनीतिक आधार उभरकर दिखाई दे रहे हैं।

यह बात महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कृषि को प्रभावी बनाने, विकास की नई रणनीति और जीरो बजट खेती की तरफ प्रभावी कदम बनाने के लिए एक कमिटी के गठन का फैसला भी घोषित किया है। उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने, देश की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर क्रॉप पैटर्न के वैज्ञानिक तरीके, एमएसपी को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर भविष्य को ध्यान में रखते हुए नई कमेटी के द्वारा प्रभावी निर्णय लिए जाने की बात कही। निसंदेह कृषि संबंधी मसलों के समाधान के लिए समिति बनाने के सरकार के फैसले से किसानों की मुश्किलों को दूर करने में मदद मिलेगी। इससे सरकार को किसानों की आय के स्तर को बढ़ाने के लिए पर्याप्त कृषि नीति बनाने में मदद मिलेगी। ! सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि किसानों की फसल का अच्छा मूल्य देंगे। सरकारी खरीद की प्रक्रिया जारी रहेगी, लेकिन किसान संगठन कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं।

## कॉर्टून वर्ल्ड

महंगाई की मार...



## लेटर टू एडिटर

### संकट और शिक्षा

**वर्तमान** में शिक्षा की दशा और दिशा ने ध्यान आकर्षित किया। देश में यदि कोरोना केस लाखों में है तो अभिभावक की नजर से सरकार के इस फैसले का स्वागत नहीं किया जा सकता। इसमें स्वैच्छिक विकल्प और अनुमति का प्रश्न ही नहीं उठता। लेकिन इस बात की क्या गारंटी है कि बच्चे और स्कूल, नियमों के पालन में लापरवाही नहीं करेंगे? इस बात पर ध्यान दें सरकार।

-मनोज, चांडिल

### विस्तार मिले

**हिन्दी** एकमात्र ऐसी भाषा है जो संपूर्ण देश को एक सूत्र में जोड़ने का काम कर सकती है। भारतीय संस्कृति की आत्मा एवं संस्कारों का प्रतिबिंब तथा राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। हिंदी को अधिक शक्तिशाली बनाने की आवश्यकता है। हिंदी को साहित्य, संस्कार एवं संस्कृति के अतिरिक्त शोध, अनुसंधान, ज्ञान-विज्ञान, जनसंचार, प्रौद्योगिकी तथा रोजगार से भी जोड़ने की आवश्यकता है।

-आवंतिका, रांची

# हरियाणा में कांग्रेस 60 सें अधिक सीटें जीत सकती है

डॉ. रमेश ठाकुर

## चुनाव 2024

**कुश्ती** का कितना दबदबा इस मर्तबा हरियाणा विधानसभा चुनाव में रहेगा? इसको लेकर तो चचाएं आम हैं ही, लेकिन एक और कारण है जिसके चलते मौजूदा चुनाव बड़े दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है। जाट लैंड के नाम से विख्यात हरियाणा में इस बार चुनावी मुद्दे एकाध नहीं, बल्कि बहुतेरे हैं। कुश्ती की किचकिच, बृजभूषण सिंह और विनेश फोगाट के बीच चिंगारी की भांति भड़कता प्रकरण, जाट आंदोलन, किसान मूवमेंट, चुनाव से पहले नेताओं द्वारा दलबदल, आपसी खींचतान के इतर एक ऐसा अलहदा और नया रौचक मुद्दा उभरा हुआ है। मुद्दा किसी सियासी खिलाड़ी से नहीं, बल्कि घुड़सवार खिलाड़ी से वास्ता रखता है। किरदार का नाम है श्वेता मिर्धा। श्वेता के अचानक सियासत में कूदने से राजनीतिक समीकरण अपने आप बदल गए हैं। श्वेता की आमद ने जहां कांग्रेस में नई जान फूंकी है, तो वहीं भाजपा के चुनावी गणित-भूगोल की ऐसी की तैसी कर दी है।

श्वेता मिर्धा बेशक सियासी गलियारों में अपरिचित नाम हो और अनसुना भी। पर, ये नाम हरियाणा विधानसभा चुनाव में अचानक चचाओं में आया है। अगर थोड़ा विस्तार से पूरे माजरे को समझें तो मौजूदा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस विनेश फोगाट में अपना भविष्य तलाश रही है। कांग्रेस चाहती है विनेश कांग्रेस का दामन थामे और सियासी लड़ाई में छलांग लगाकर उनकी बैतरणी पार लगाए। लेकिन उनके अथक प्रयासों से कमोबेश वैसा हो न सका। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं से लेकर शीर्ष लीडरशिप विनेश को खूब मनाती रही, तरह-तरह के लोभ-लालच दिए गए, लेकिन विनेश नहीं मानी। आखिरकार विनेश के मानने की खबर आई है। उन्हें मनाया किसी नेता ने नहीं, बल्कि एक खिलाड़ी ने मनाया है। खिलाड़ी का नाम है श्वेता मिर्धा। कांग्रेस इन दोनों के जरिए 90 में कम से कम 60 से ज्यादा सीटें जीतने का लक्ष्य बनाकर चल रही है।

सट्टा बाजार तो भविष्यवाणी ही कर चुका है कि अगर विनेश कांग्रेस का प्रचार भी कर देती हैं तो 56 से 60 सीटें जीत सकती हैं। कांग्रेस किसी भी सूरत में विनेश को चुनाव में उतारकर इस बार का चुनावी मैदान फतह करना चाहती है। श्वेता मिर्धा कोई और नहीं, हरियाणा कांग्रेस के कद्दावर नेता व युवा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की पत्नी हैं। युवा हैं। उच्चशिक्षित हैं। इसके अलावा श्वेता सफल अंतरराष्ट्रीय घुड़सवार खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने तमाम इंटरनेशनल घुड़सवारी प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीते हैं। ऐसा भी नहीं है कि वह राजनीति से अनभिज्ञ हैं। सियासत उनके खून में पहले से है। राजस्थान के दिग्गज जाट नेता व पांच मर्तबा सांसद रहे नाथूराम मिर्धा की पोती हैं।

चलिए अब आते हैं मुद्दे की बात पर। कांग्रेस ने श्वेता को विनेश फोगाट को मनाने के लिए लगाया है। शुरूआती सफलता भी मिली है। पक्की खबर है कि उन्होंने विनेश फोगाट को राजनीति में आने के लिए मना लिया है। अगर ऐसा होता है तो कांग्रेस विनेश से जुड़ा पेरिस ओलंपिक में पदक न मिलने के उनके विश्वव्यापी प्रकरण को चुनाव में सहानुभूति के रूप में भुनाने से नहीं चूकेगी। सूत्र बताते हैं, विनेश कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ सकती हैं। श्वेता मिर्धा, अपने पति दीपेंद्र सिंह हुड्डा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा के साथ विनेश के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचकर लंबी मुलाकात कर चुकी हैं। मुलाकात के बाद संकेत मिले हैं कि अब विनेश हरियाणा विधानसभा चुनाव में कूदेंगी। चुनावी पंडित इस प्रकरण के बाद कयास लगाने लगे हैं कि अब मौजूदा चुनाव और दिलचस्प हो जाएगा, क्योंकि विनेश फोगाट चुनावी मैदान में अपनी चचेरी बहन और भाजपा नेता बबीता फोगाट से ही दो-दो हाथ करेंगी।

गौरतलब है कि हरियाणा में कुल 90 सीटें हैं जिनमें पिछले चुनाव में भाजपा ने मनोहर लाल की अगुवाई में 41 सीटें जीतकर जेजेपी के जीते 10 विधायकों का साथ लेकर सरकार बनाई थी। तब कांग्रेस ने 31 सीटें जीती थीं। दूसरे नंबर की पार्टी बनकर विपक्ष में बैठी थी। इस बार मनोहर लाल नहीं हैं, नायब सिंह सैनी हैं।

## स्पीड न्यूज

### डीसी ने सुनी जनता की समस्यायें



**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार ने मंगलवार को कार्यालय में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, सड़क, रोजगार, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### स्कूल के पूर्व सचिव की मनी पुण्यतिथि



कुजू। बालिका उच्च विद्यालय कुजू के पूर्व सचिव स्व बैजनाथ प्रसाद गुप्ता की दूसरी पुण्यतिथि मंगलवार को विद्यालय में मनाई गई। प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद, शिक्षक कर्मचारी व छात्राओं ने तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद ने बैजनाथ प्रसाद गुप्ता द्वारा मुरपा विद्यालय में दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा कि लड़कियों की शिक्षा के लिए अलख जगाते हुए क्षेत्र में एक धरोहर खड़ा किए। यह संस्थान निरंतर आगे बढ़ता रहे, उसके लिए सबो को प्रयास करते रहना है। मौके पर भुवनेश्वर महतो, शिशुपाल महतो ,बबीता कुमारी ,सुमन कुमारी, रामनरेश शर्मा, किरण देवी,प्रभा, नरगिस, परी, अंतरा, शब्बा गुलसार, प्रियंका, रिया, दीपिका, पूजा, विलासो, सुप्रिया रानी, रौनक, मीनाक्षी आदि शामिल थे।

### हरिकीर्तन में हुए शामिल सांसद



**कुजू।** कुजू में श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर चल रहे अखंड हरिकीर्तन मंगलवार को भंडारे के साथ संपन्न हो गया। सांसद मनीष जायसवाल व आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो सोमवार की देर रात्रि जन्माष्टमी को लेकर पोचरा व दिगवार में चल रहे 48 घंटे के अखंड हरिकीर्तन में शामिल हुए। समिति द्वारा सांसद व आजसू नेता का स्वागत बुके एवं अंग वस्त्र देकर किया गया। तत्पश्चात पंडितों द्वारा रक्षा सूत्र बांधते हुए भगवान श्रीकृष्ण के चरणों में उन्हें विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। इस दौरान सांसद श्री जायसवाल हरे राम, हरे कृष्ण के संकल्पित जाप में भाग लिया। मौके पर उन्होंने कहा कि पूजा पाठ होने से हमारे भगवान हम सभी लोगों पर अपना कृपा बनाये रखते है। वहीं समिति द्वारा मंडप परिसर में विवाह भवन बनाने सहित कई मांग किया। जिस पर उन्होंने पहल करने का आश्वासन दिया। मौके पर काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### कोयलांचल में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी सहित आसपास के क्षेत्रो में सोमवार को धूमधाम के साथ जन्माष्टमी मनाया गया। इस दौरान जगह-जगह विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान एवं भव्य भंडारा का भी किया गया। जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूजा के दौरान भक्ति उद्घोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इधर पटेलनगर सीसीएल कॉलोन स्थित प्राचीन श्री राधा-कृष्ण ठाकुरबाड़ी मंदिर में पूरे धूमधाम एवं श्रद्धाभाव के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। मंदिर व प्रगांण को आकर्षक रूप से सजाया गया था। पंडित रामकुमार पाठक द्वारा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की पूजा-अर्चना कराई गई। पूजा में यजमान उत्तम सिन्हा व पत्नी बबीता देवी और शशांक कौशिक शामिल हुए। जन्माष्टमी के अवसर पर पंडित रामकुमार पाठक द्वारा श्रद्धालुओं को श्रीमद् भगवात कथा के सरांश का अमृतपान कराया गया। जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। रात्रि 12:01 बजे श्री कृष्ण भगवान के जन्मोत्सव के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर बच्चियों ने श्री राधा-कृष्ण का रूप धारण कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

### जवाहर नगर शिव मंदिर में मनी जन्माष्टमी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा जवाहर नगर स्थित शिव मंदिर में पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। पंडित पवन मिश्रा व राम अवतार पांडेय द्वारा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की पूजा-अर्चना कराई गई। पूजा में बतौर यजमान सुनील साव सपत्नी शामिल हुए। पूजा के दौरान भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। सोमवार की मध्य रात्रि 12:01 बजे श्री कृष्ण भगवान के जन्मोत्सव मनाया गया। साथ ही भजन आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा के दौरान राधे-राधे, जय श्री कृष्ण सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा जवाहर नगर कॉलोनी गूंजता रहा। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में अंगद राय, हिमांशु शुक्ला, गौतम कुमार, कन्हैया, संदीप, कृष्णा, प्रिंस, रवि प्रकाश गुप्ता उर्फ गोलू सहित दर्जनों श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा।

### जिले में उत्साह के साथ मनी जन्माष्टमी



**रामगढ़।** जिले में जन्माष्टमी का पर्व उत्साह और उमंग के माहौल में मनाया गया। शहर सहित जिले के मंदिरों को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। जिससे मंदिर भव्य प्रतीत हो रहे थे। वहीं, जैसे ही रात्रि के 12:00 बजे मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप की पूजा अर्चना कर उन्हें पालना झुलाया और खुशहाली की कामना की। इधर, जन्माष्टमी पर बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप का आकर्षक वेष धारण का लोगों का मन मोह लिया। जन्माष्टमी पर विभिन्न स्थानो पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# आइडियल पैथोलॉजी का अल्ट्रासाउंड सील

## डॉ इश्तियाक बतौर रेडियोलाजिस्ट करता था काम




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** स्वास्थ्य विभाग के आदेश पर शहर में संचालित आइडियल पैथोलॉजी के अल्ट्रासाउंड यूनिट को सील कर दिया गया है। टीम ने ये कार्रवाई आतंकी डॉ इश्तियाक की गिरफ्तारी के बाद की है। इश्तियाक, को झारखंड एटीएस ने रांची से अलकायदा इन इंडियन सब-कांटिनेंट (एक्यूआईएस) के संदिग्ध आतंकी के रूप में पकड़ा था। वह हजारीबाग के आइडियल पैथोलॉजी में काम करता था। जानकारी के अनुसार इश्तियाक हजारीबाग में प्रत्येक दिन रविवार को छोड़कर दोपहर 12 से 3:30 बजे तक काम करता था। उसकी नियमित उपस्थिति की जानकारी भी मिली है कि 5 दिसंबर 2022 से हजारीबाग में सक्रिय था । हजारीबाग में इस निजी क्लिनिक की आड़ में ही उसने फैजान अहमद को संगठन से जोड़ा था। स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने बताया कि उन्हें दो दिन पहले ही इसको सील करने का आदेश दिया गया था। लेकिन किसी कारणवश इसे सील नहीं किया गया था, लेकिन आज पूरी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गयी थी जिसके बाद अल्ट्रासाउंड यूनिट को सील कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग को जानकारी मिली थी कि दो स्वास्थ्य कर्मी जो सेंटर में काम कर रहे थे। इश्तियाक के नाम को बदलकर दूसरे डॉक्टर का नाम एंट्री करने की कोशिश कर रहे थे। जानकारी सामने आने के बाद सिविल सर्जन डॉ एसपी सिंह ने अल्ट्रासाउंड यूनिट को तत्काल सील करने का आदेश जारी किया। सील के दौरान दारू अंचल के पदाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू, डॉ सुभाष प्रसाद और डॉ राहुल कुमार मौजूद थे।

**एनआईए कर रही जांच :** अलकायदा इन इंडियन सब-कांटिनेंट के आतंकी डॉक्टर इश्तियाक की गिरफ्तारी के बाद एक बड़े आतंकी मॉड्यूल के खुलासे की आशंका जताई जा रही है। एनआईए इस मामले की जांच कर रही है । हजारीबाग से फैजान अहमद को भी गिरफ्तार किया गया है। फैजान से दिल्ली में पूछताछ जारी है। वह डॉक्टर इश्तियाक के संपर्क में था। पूरे मामले में हजारीबाग में एक बड़ा स्लीपर सेल तैयार करने की योजना के संकेत भी मिल रहे हैं, जिसमें डॉक्टर इश्तियाक और फैजान की अहम भूमिका बताई जा रही है।

## आभार जताने उग्रवाद प्रभावित चोरदाहा पहुंचे मनीष जायसवाल, कहा

# बेटा बनकर सेवा करेंगे



**खबर मन्त्र संवाददाता**

चौपारण । आजादी के बाद पहली बार कोइ सांसद अति उग्रवाद प्रभावित तथा सीमांत चोरदाहा पंचायत के अत्यंत पिछड़े गाँव अहरी पहुंचा। सांसद आने से ग्रामीण काफी खुश थे। मंगलवार को आभार यात्रा के तहत सांसद मनीष जायसवाल पूर्व विधायक मनोज यादव के साथ अहरी गांव पहुंचे, ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों के स्वागत से अभिभूत सांसद ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से ही मोदी जी प्रधानमंत्री बने हैं। आपसभी की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास होगा। ग्रामीणों ने गाँव में बिजली, सडक तथा शिक्षा जैसे मुलभूत समस्याओं को दुरूस्त करने की मांग रखी जिस पर सांसद ने समाधान का आश्वासन दिया। वहीं पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि चोरदाहा की जनता ने जो सहयोग दिया है, उसे विकास कार्य से पूरा किया जायेगा। दोनों ने चोरदाहा गांव में भी आमजनों से मिले। मौके पर मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, राजेन्द्र चनद्रवंशी, भाजपा नेता मुकुंद साव, रामस्वरूप पासवान, आशीष सिंह, भरत सिंह, बालेश्वर साव, बालेश्वर राणा, सियाराम सिंह, संतेन्द्र सिंह, मुखिया पप्पू रजक, युवा नेता रंजन सिंह, मुकेश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

**सिंघरावां में ग्रामीणों ने अंडर कैटल पास की रखी मांग :** पंचायत भवन सिंघरावां में आभार यात्रा व जन संवाद किया। उप प्रमुख प्रिती गुप्ता व समिति सदस्य विजय मधेसिया ने सामूहिक रूप से सिंघरावां में अंडर कैटल पास व सिंचाई सुविधा की मांग की। जायसवाल ने एनएच पीडी से जानकारी दी कि योजना दूसरे जगह स्विफ्ट कर दिया गया है। सांसद ने ग्रामीणों से नया प्रस्ताव देने की बात कही। मौके पर मुखिया संतोष सिंह, बद्री साव, सुभाष राणा, बबलू खान, नौसाद खान, राजेन्द्र रवीदास, लालेश साहू, सहित अन्य मौजूद थे।

**बूथ जितने वाले कार्यकर्ताओं को सांसद ने किया सम्मानित :** जायसवाल को अपने बीच पाकर ग्रामीण उत्साहित दिखे। इस दौरान सांसद व पूर्व विधायक अहरी बुथ से जीत दिलाने वाले भाजपा कार्यकताओं को भगवा वस्त्र देकर समान्नित किया। मौके पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष सुखदेव पासवान, भाजपा नेता राजकुमार यादव, परमेश्वर यादव, कृष्णा पासवान, बिगन यादव, सुकर भूईयां आशीष चौधरी, कैलास चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

### जल, जंगल व जमीन की रक्षा के लिए एकजुट हों : संदीप उरांव



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** चैनगड़ा के धूमकुड़िया भवन में सोमवार को सरना समाज की बैठक हुई। इसमें पिछले दिनों राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के तत्वाधान में रामगढ़ में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम की समीक्षा की गई। प्रदेश महासचिव उरांव ने कहा कि अपने हक अधिकार और जल, जंगल, जमीन की रक्षा एवं संरक्षण के लिए एकजुट रहें। कार्यक्रम में हुए खर्च का लेखा जोखा पर चर्चा की किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की आने वाले समय में भव्य कार्यक्रम किया जाएगा। रामगढ़ जिला में जिला कमिटी और प्रखंड कमिटी संगठन का विस्तार किया जायेगा। साथ ही सरना कोड के लिए राज्यपाल के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जायेगा। सभी सरना स्थल में पूजा अर्चना करने सहित शिक्षा, रोजगार के के लिए गांव गांव में जागरूकता फैलाने की बात कही गई।

### प्रभा एनर्जी से चोरी हुये 45 लाख के लोहे के पाइप बरामद



**बड़कागांव।** खरांटी में संचालित प्रभा एनर्जी के गैस प्लांट के साईट में डंप किये गये लोहे का पाईप को चोरों ने 17अगस्त की रात्रि को चुरा लिया था। लोहे के पाईप मूल्य लगभग 45 लाख रुपए बताया गया। चोरी की सूचना बड़कागांव पुलिस को कंपनी के कर्मियों ने 18 अगस्त को दी। बड़कागांव थाना में मामला दर्ज किया था। तकनीकी साक्ष्य एवं गुप्त सूचना के आधार पर कांड में संलिप्त बासुदेव यादव उर्फ बासु पिता अन्दु यादव, खरांटी, वकील अहमद उर्फ मुन्ना पिता स्व. साकीर अहमद ग्राम चौपदार बलिया, दोनों थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग को गिरफ्तार किया । गिरफ्तार बासुदेव यादव के निशानदेही पर चोरी किये गये पाइप को बेचे जाने से 50,000/- रुपये को अभियुक्त के दुकान के छज्जे में काला प्लास्टिक में मिला जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया। छापामारी में पुअनि वरुण कुमार, पुअनि अभिषेक कुमार, पुअनि आशीष कुमार भगत, पुअनि अमित कुमार व जवान शामिल थे।

### श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने नरेंद्र सिन्हा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुध बाजार गांधी पार्क में इस वर्ष दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को गांधी पार्क दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया सत्यवंती देवी ने की। बैठक में इस वर्ष भी पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ रिभर साईड बुध बाजार गांधी पार्क में दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया। साथ ही पूजा की तैयारियों पर चर्चा की गई। पूजा की सफलता को लेकर समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा उर्फ नप्पू, उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह मल्होत्रा, लक्ष्मी देवी, विनोद चंद्रवंशी, बीगल करमाली बीगल, सुधीर पांडेय, नरेश महतो, संजय पासवान व बसंत सिंह, सचिव विनय भगत उर्फ बीनू, संयुक्त सचिव विजय चंद्रवंशी, सोहन चौधरी, दिनेश कुमार, संजय करमाली, अनिल मांझी, गुल्लू मांझी, राजेंद्र मुंडा, तुहीन नायक, कोषाध्यक्ष प्रशांत सिन्हा, उपकोषाध्यक्ष रामचंद्र यादव उर्फ रामू, संयोजक रामाशंकर पांडेय , लव महतो व संजय रवि, मीडिया प्रभारी दुर्गेश नंदन तिवारी, संरक्षक पतरातू प्रखंड उप प्रमुख, बबीता पांडेय को बनाया गया।

## दारू में शेफाली गुप्ता ने सुनी समस्यायें



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दारू।** मंगलवार को दारू प्रखंड के कई पंचायतों में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने संकलन कैंप लगाया। इस दौरान ग्रामीणों से रूबरू होकर कई जनसमस्याएं सुनी। दारू प्रखंड के जिनंगा पंचायत ग्राम महेशरा, रामदेव खारिका, गोपलो एवं पेटो में संकलन कैंप लगा।

प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभुको को जोड़ने हेतु संकल्प कैंप में भीड़ उमड़ा। गुप्ता ने जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारियां दी। समास्याओं की निराकरण में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

गुप्ता ने ग्रामीणों से कहा कि जन- जन तक प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु संकल्पबद्ध हूँ। सदर विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है, आपके हरेक सुखदुख में साथ खड़ी हूँ।

**शोकसभा में हुयीं शामिल :** रामदेव खरिका पंचायत के मुखिया झरना देवी के पति कौशल सिंह के शोकसभा एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा दारू प्रखंड अध्यक्ष देवद्रथ प्रसाद के माता के निधन पर आयोजित शोकसभा में शेफाली गुप्ता शामिल हुई तथा गहरी शोक संवेदना प्रकट किया। परिवारजनों से मिलकर ढाढस बंधाया । मौके पर मनोज पांडे, राहुल पांडे, नवीन पांडे, रोहित पांडे, मनीष कुमार, ओमप्रकाश, रंजीत राम, रोहित राम, मोनू अजीत, आशीष सिंह एवं ऋषव ज्योति सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे

## बॉक्सिंग प्रतियोगिता में संस्कृति ने जीता गोल्ड

**▶▶ बच्चों की सफलता से माता-पिता को मिलती खुशी : सत्यनारायण**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा निवासी सह सीसीएल कर्मी सत्यनारायण ठाकुर और ज्योति देवी की पुत्री सह एनटीएस डीएवी बरकाकाना 10वीं की छात्रा संस्कृति कुमारी ने डीएवी स्टेट लेबल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है। संस्कृति की सफलता पर विद्यालय परिवार, उसके माता-पिता व परिजन सहित कोयलांचल भुरकुंडावासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। अपने पुत्री की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए संस्कृति के पिता सत्यनारायण ठाकुर और माता ज्योति देवी ने बताया कि 24-25 अगस्त को धनबाद में डीएवी स्टेट लेबल बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। जिसमें सस्कृति ने अंडर-17 के 48 किलो वजन में गोल्ड मेडल जीता है। साथ ही स्टेट लेबल पर बेस्ट प्लेयर का खिताब अपने नाम किया है। सत्यनारायण ठाकुर और ज्योति देवी ने कहा कि बच्चों के सफलता से बड़ी माता-पिता के लिए और काई उपहार नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हमारी बच्ची ने गोल्ड मेडल जीतकर ठाकुर परिवार सहित विद्यालय व कोयलांचल का नाम रोशन किया है। हमें पूरी उम्मीद है कि हमारी बच्ची बेहतर शिक्षा ग्रहण करने के साथ बॉक्सिंग के क्षेत्र में नई बुलंदियों को छुते हुए आने वाले समय में एक नया आयाम गढ़ेगी। संस्कृति की उपलब्धि पर भुरकुंडा के लोगों ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### युवाओं को अमीन का दिया जायेगा प्रशिक्षण

**रामगढ़।** जिले में नई पहल के तहत स्थानीय युवाओं को अमीन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए उपायुक्त सह अध्यक्ष डीएमएफटी चंदन कुमार ने स्वीकृति प्रदान करते हुए जिला नियोजन पदाधिकारी रामगढ़ को कार्यकारी एजेंसी के रूप में नामित किया है। डीएमएफटी के तहत संचालित होने वाली परियोजना के तहत कुल 180 युवाओं, जिसमें प्रत्येक प्रखंड से 30-30 युवाओं का चयन किया जाएगा। उपायुक्त ने इस परियोजना के तहत कुल 77 लाख 27 हजार 400 रुपये की स्वीकृति दी है। 75 फीसदी यानी 57 लाख 95 हजार 550 रुपये डीएमएफटी के माध्यम से दी जाएगी। 19 लाख 31 हजार 850 रुपये योजना से जुड़ने वाले युवाओं को देना होगा।

## एक नजर में

### एनटीपीसी ने छात्रों को बीच बांटा छाता



बड़कागांव ।सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत एनटीपीसी बादम खनन परियोजना द्वारा मंगलवार को ग्राम बादम स्थित बालिका प्राथमिक विद्यालय हिंदीऔर बालिका उच्च विद्यालय के विद्याथीर्यों को लगभग 300 छाते वितरित किए गए। साथ ही बच्चो के लिये अल्पाहार कि व्यवस्था कि गयी । बरसात के दिनों में विद्यार्थियों को स्कूल जाने में काफी परेशानी होती है और उनकी किताबें भीग जाती हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मदद करने और बारिश से बचाने के लिए छाते वितरित किए गए ।बादम खनन परियोजना जनसमुदाय कि मदद एवं सहकार्य करने के उद्देश्य से काम कर रहा है। बादम खनन परियोजना का लक्ष्य है ऐसी कई योजनाओ के माध्यम से समुदाय का विकास करना ।एन टी पी सी लिमिटेड बादम खनन परियोजना शिक्षा,स्वास्थ एवं आधारभूत संरचना सहित विकास कार्यो के लिए प्रतिबद्ध है।
२७ है पी ५ : छाता वितरण करते अधिकारी

### उपायुक्त कार्यालय में लगा जनता दरबार

हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को समाहरणालय कार्यालय में जनता दरबार लगाया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का अनुरोध किया। आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रोला निवासी दिव्यांग अमित कुमार ने उपायुक्त से ट्राय साइकिल उपलब्ध कराने की अनुरोध किया। इसी तरह सेवानिवृत्त शिक्षिका कृष्णा कुमारी ने उपायुक्त से पेंशन बहाल करने की अनुरोध की। बरही थाना क्षेत्र के सैबुन अंसारी ने उपायुक्त से खरीदी गई भूमि को हड़पने, मारपीट व गाली-गलौज करने की शिकायत कर समाधान करने का अनुरोध किया। लोहसिंघना थाना क्षेत्र के कोलघट्टी निवासी सोनी देवी और लोहसिंघना थाना क्षेत्र के ग्वालटोली निवासी रिंकी कुमारी ने उपायुक्त से राशन कार्ड निर्गत करने का अनुरोध की। बड़कागांव थाना क्षेत्र के संदीप कुमार सिंह ने उपायुक्त से अमुक व्यक्ति द्वारा लाखो रुपये अवैध तरीके से निकालने की शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, जमीन हड़पने, राशन कार्ड आदि से सबंधित कई आवेदन आये, जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

### जमुआ में जमीनी विवाद जांच को पहुंचे सीओ

**दारु।** मेडकुरी खुर्द पंचायत के ग्राम जमुआ मे दो पक्षो का जमीनी विवाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस विवाद को लेकर मंगलवार को अंचलाधिकरी नवीन भूषम कुल्लू, थाना प्रभारी शफीक खान, अंचल निरीक्षक रागिनी कच्छप ने स्थल पर पहुंचकर जांच की और लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की। यह विवाद जमुआ मौजा के खाता संख्या 33 प्लॉट संख्या 390 कुल रकबा 11.16 एकड़ गैर मजरुवा खास किस्म की जमीन पर मालिकाना हक को लेकर है ।यह जमीन हरिजन टोला के नजदीक है जिसको लेकर एक पक्ष के हरिजन टोला निवासी लोगों का कहना है कि जिस जमीन पर ग्रामीणों का वर्षो से आना जाना है। यह जमीन पर जानवर चराने, बच्चों के खेलने कूदने और आवाजाही के लिए वर्षो से इस्तेमाल किया जा रहा है। इस मुद्दे मे दूसरे पक्ष के देवेंद्र सिंह, ऋषि सिंह का कहना है कि उक्त जमीन पर उनका मालिकाना हक है जिसके सारे कागजात उनके पास उपलब्ध है। इस जमीन पर फिलहाल उड़द की फसल लगी हुई है। इस फसल को प्रयाग राम, धीरन राम, निर्मल राम,प्रदीप राम, बीरेंद्र राम आदि मिलकर बर्बाद कर दे रहे है और उल्टा उन्हे हरिजन सम्बन्धी मुकदमे मे फंसाने की धमकी दे रहे है।

### बरही में केशव महतो का भव्य स्वागत

बरही। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का बरही चौक पर गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया। कमलेश ने पार्टी की आगामी रणनीतियों पर चर्चा की और जनता से समर्थन की अपील की। मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला, केदार पासवान, कांग्रेस पार्टी प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मंटू यादव, जीप सदस्य रविशंकर अकेला, सुनील साव तौकीर रजा, अशोक सिंह,समेत अन्य मौजूद थे।

### बरही में युवाओं ने चलाया सफाई अभियान

**बरही।** सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर बरही मोटर परिवहन स्वावलंबी सहकारी सहयोग समिति के अभिषेक निषाद के नेतृत्व में बरही चौक पर सफाई अभियान चलाया। युवाओं ने मिलकर सड़क के किनारे पड़े गन्दगी और सार्वजनिक स्थानों की सफाई की। सफाई अभियान में समिति के अभिषेक निषाद ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बरही चौक को साफ-सुथरा बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने भी उनके प्रयासों की सराहना की और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। मौके पर अभिषेक निषाद, अजित राम, डब्लू कुमार मौजूद थे।

### मांगों को ले मुखिया संघ ने सौंपा ज्ञापन

**बड़कागांव।** सात सूत्री मांगों को लेकर प्रदेश मुखिया संघ के दिशा निर्देशन में बड़कागांव प्रखंड के मुखिया संघ द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सोपा गया ।प्रदेश मुखिया संघ द्वारा 27 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरना रांची के राज भवन जाकिर हुसैन पार्क में शुरू हो गई है ।इस अनिश्चितकालीन धरना में बड़कागांव प्रखंड के 23 पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार के नेतृत्व में भाग लेंगे। दिए गए ज्ञापन के अनुसार 24 जुलाई एवं 29 जुलाई को झारखंड सरकार को सात सूत्री मांग पत्र प्रदेश मुखिया संघ द्वारा सोपा गया था ।उक्त मांग को लेकर 20 अगस्त को मुख्यमंत्री से वार्ता करने के लिए संघ द्वारा मांग की गई थी लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं की गई । इस कारण झारखंड के पंचायत प्रतिनिधियों में सरकार के प्रति आक्रोश है। ज्ञापन में मुखिया रंजीत कुमार मुखिया सह संघ प्रवक्ता तकरीमुला खान, मुखिया विमला देवी,चौपदार बलिया मुखिया पूजा कुमारी,सांढ पंचायत मुखिया सुलेखा कुमारी समेत 23 पंचायत के मुखिया का हस्ताक्षर है।

### टाटीझरिया प्रखंड में मनी जन्माष्टमी



टाटीझरिया । प्रखंड के भराजो कोल्हू खंभवा में श्रद्धालुओं द्वारा बहुत ही हर्षोल्लास के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। वही झरपो गांव के प्रसिद्ध राधा कृष्ण मंदिर ठाकुर बाड़ी में भी बहुत ही सुंदर और आकर्षक ढंग से मंदिर व्यवस्थापक के ओर से जगमगाता हुआ लाइट से सुसज्जित किया गया एवं मंदिर के पुजारी पुरोहित ठाकुर बाड़ी महंथ रामलखन पाण्डेय ,पंडित अरविंद पांडेय के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर भक्त गणों का पूजन करवाया गया ।संपूर्ण मंदिर में भक्त जनों के जय घोष जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़े पालकी, भगवान कृष्ण माता राधा की जय ,बाबा नंद ,बासुदेव महाराज ,मैया यशोदा, देवकी की जय से गूंज उठा । रात्रि में भजन कीर्तन हुआ, जिसमे टाटीझरिया उप प्रमुख रवि कु. वर्णवाल,समाज सेवी सह शिक्षक छोटन कुमार, उमेश प्रसाद,जयनाथ महतो,अजय कुमार,अशोक प्रसाद,रोहित कुमार ,गणेश राम,राजू पासवान,विजय सोनी,अशोक वर्णवाल, प्रबील प्रसाद ,प्रेम कुमार,सुरेश प्रसाद,यमुना महतो,विजय प्रसाद,गणेश कुमार,सरजू प्रसाद,राहुल राम,रवि यादव, केदार गौरव, समेत अन्य कई ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

# जन्माष्टमी की धूम : नन्द के घर आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल की...

## श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन

**अलौकिक श्रृंगार और भजन संध्या ने भक्तों का मोहा मन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** अड्डी बांग्ला रोड स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व अत्यंत भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण का अलौकिक श्रृंगार मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। मंदिर को रंग-बिरंगे गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। जिससे पूरा परिसर दिव्य और पावन आभा से ओतप्रोत हो गया।



### भजन संध्या में भक्ति का प्रवाह

कृष्ण जन्माष्टमी के इस पर्व पर भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें झुमरी तिलैया और कोडरमा के प्रतिष्ठित गायक कलाकारों ने भाग लिया। इस भजन संध्या का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसने पूरे कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। भजन संध्या में लगभग 5 घंटे 15 मिनट तक भोजपुरी, राजस्थानी, और क्लासिकल संगीत पर आधारित भजनों की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। भजन गायक नवीन पाण्डया ने 'ओ कान्हा अब मुरली की मधुर सुनाओ... गाकर भगवान श्रीकृष्ण की मधुर लीलाओं का स्मरण कराया। इसके बाद रवि दाहिमा ने 'राधे राधे चले आएंगे मुरारी..., भजन प्रस्तुत किया, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आराध्या सिन्हा का भजन 'रंगीन गुब्बारों से मंदिर सजाया है, मिश्री, मेवा का केक बनाया है, इसे चखो तु श्याम तू, तो हम सब कहेंगे हैप्पी बर्थडे टू यु..., ने जन्माष्टमी के उत्सव में एक अनोखा रंग भर दिया।

### संगीत की सुरमयी शाम

आराधना सिंह ने 'आया आया सांवरे मुरली की तान सुना जा...' गाकर भक्तों को श्रीकृष्ण की तान की मधुरता का अनुभव कराया। राजा चैरसिया ने 'मेरी छोटी सी किशोरी बड़ी प्यारी लागे..., प्रस्तुत कर बालकृष्ण के मासूम स्वरूप की महिमा का गुणगान किया। नवीन सिन्हा के भजन 'राधा कहने लगी अपने घनश्याम से तेरा मुरली..., ने वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया। धीरज पांडे के 'यशोदा के नंदलाला ब्रिज का उजाला है..., भजन ने श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण के बाल्यकाल की लीलाओं में डूबने का अवसर प्रदान किया। मनोज माथुर का 'तुमसे मिलने के बाद दिल के आत्मा में चलने लगा है..., और नितिन मिश्रा का 'काली कमली वाला मेरा यार है..., जैसे भजनों ने श्रोताओं को भक्तिरस में विभोर कर दिया। अंत में अनूप वर्णवाल, बिनोद चैरसिया, संजय राही, और यश दाहिमा ने अपने भजनों से भक्ति की गहराइयों में डुबो दिया।

### पूजा अर्चना और प्रसाद वितरण

कार्यक्रम का समापन पूजा अर्चना के साथ हुआ, जिसे पंडित रामप्रवेश पांडे और मोनू पांडे ने संपन्न कराया। इस अवसर पर भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर उनके आशीर्वाद की कामना की। पूजा के बाद मंदिर में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरविंद चैधरी, विपुल चैधरी, चंद्रशेखर जोशी, पप्पू सिंह, सुशील चैधरी, राम चैधरी, अभिषेक कुमार, विकास साव, मनोज चैधरी, अनिल चैधरी, अनुराग हिसारिया, अनूप कंदोई, विष्णु चैधरी, सुरेश चैधरी, राजू अजमानी, शुभम कुमार, निलेश लड्ढा, किशन चैधरी, यश बंसल, विक्की चैधरी, अमित चैधरी, सुरेश चैधरी, रंजीत चैधरी, गौतम पाण्डेय, सुजय सिंह, विशाल कपसिमे, ब्बलु पाण्डेय, रचना चैधरी, सुधा देवी, कुसुम देवी, कबीता देवी, शालु देवी, नीतु देवी, प्रगति देवी, बेदीका कुमारी, मधु सिंह आदि उपस्थित थे।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर ध्वजाधारी धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**सच्चे मन से पूजा करने वालों भक्तों की हर मनोकामनाएं ठाकुर जी पूर्ण करतें हैं : सुखदेव दास जी महाराज**



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर जिला मुख्यालय और आस पास के क्षेत्रों में सोमवार को काफी उत्साह देखा गया। जन्माष्टमी को लेकर ध्वजाधारी धाम को आकर्षक विद्युत लाइट से साज सज्जा किया गया था, विशेष कर राधारानी मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया, धाम के मुख्य महंत महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज के नेतृत्व में कान्हा के लिए विशेष पालना तैयार कर, आकर्षक रूप से सजाया गया था। जन्माष्टमी को लेकर सोमवार सुबह 9 बजे से 24 घण्टे का अखंड हरिकर्तन का शुभारंभ किया गया, जिसमे लगभग 25 गांवों के श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं रात्रि 9 बजे से धाम के मुख्य महंत के नेतृत्व में जन्माष्टमी महोत्सव की शुरूआत की गई, जो देर रात तक जारी रहा। कार्यक्रम का शुरूआत भजन कीर्तन से शुरू हुआ, जिसके बाद कान्हा के बाल रूप को आकर्षक रूप से सजाया गया। रात्रि 11 बजे से अभिषेक और विशेष पूजन शुरू किया गया और रात्रि 12 बजते ही जन्माष्टमी महोत्सव शुरू हुआ। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप को पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ पालना में रखा गया, जहां श्रद्धालु भक्तों ने भगवान का दर्शन कर स्वयं को धन्य माना और बारी बारी से झूला झुलाकर भगवान के प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई। धाम के मुख्य महंत श्री दास से भगवान को दही और माखन का भोग कराया और सम्पूर्ण मानव जाति के सुख शांति और खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो भक्त सच्चे मन और श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना करते हैं, उन्हें भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी का आशीर्वाद प्राप्त होता है, उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। मौके पर मनोज कु झुन्नू, गजेंद्र राम, गोपाल यादव, यमुना यादव, अशोक यादव, सुनील यादव, सहदेव पांडेय, विनोद पांडेय, राजेश पांडेय समेत भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत



**गिद्धौर।** चतरा इटखोरी रोड स्थित बरहमपुर मोड़ के पास नव नियुक्त कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद का इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर अ०जा० प्रदेश सचिव सह भावी प्रत्याशी सिमरिया के आनंद भारती, सुधीर दुबे, आभा देवी, कृष्णा साहू, रामाशीष कुमार यादव, सुनील कुमार यादव, यदुनंदन कुमार यादव, मनोज रविदास, सुरेंद्र रविदास और काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे ।कार्यकताओं ने केशव प्रसाद का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें चतरा जाने के लिए विदा किया।

### कल्याणपुर के पास हाइवा-ट्रक की टक्कर से आठ घंटे लगा जाम, राहगीर परेशान



**टंडवा (चतरा)।** कल्याणपुर के समीप एक हाइवा और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिससे सड़क पर जाम लग गया और मोटरसाइकिल को छोड़कर सभी छोटी-बड़ी गाड़ियों की आवाजाही बाधित हो गई। यह जाम लगभग छह घंटे से लगा हुआ है, जिससे इमरजेंसी सेवाओं और आम राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। सूत्रों का कहना है कि चट्टी बरियातू और आम्रपाली से कोयले की ढुलाई करने वाली कंपनियों की मनमानी बढ़ गई है और वे ग्रामीण सड़कों से कोयले की ढुलाई कर रहे हैं, जिससे सड़कें कोयला वाहनों से जाम हो जाती हैं। यदि इस जाम के कारण किसी की मौत हो जाती है, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? हाइवा चालक घायल हो गया है और वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसे इलाज के लिए रांची ले जाया गया है।

### शिवम मेडिकल पिपचो में दो महीने के अंतराल में दो लोगों की गई जान

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पिपचो चैक पर शिवम मेडिकल हॉल के एक झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज के कारण दो दिन पूर्व टुड़मी निवासी 70 वर्षीय कुरैसा खातून की जान ले ली। इसके बावजूद भी पुलिस प्रशासन व जिला पदाधिकारी चुप लगाए बैठे हैं। सूत्रों के अनुसार शिवम मेडिकल हॉल के झोलाछाप डॉक्टर ने महिला का इलाज किया, जिसके बाद महिला की तबीयत काफी बिगड़ने लगी और मुंह से झाग आने लगा, तत्पश्चात मेडिकल वाले ने आनन-फानन में एक गाड़ी बुक कर मरीज को उनके परिजनों के साथ सदर अस्पताल भेज दिया, जहां डॉक्टर परिमल तारा ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक कुरैसा खातून की जीवन की कीमत लगाते हुए चार लाख पच्चीस हजार रूपए में उसके परिवार वालों के साथ सेटलमेंट कर लिया गया। उल्लेखनीय हो कि यदि इसी तरह जान का सौदा होगा तो, झोलाछाप डॉक्टरों का मनोबल बढ़ता रहेगा। इससे स्पष्ट जाहिर होता है कि पुलिस प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन के पदाधिकारी तक निष्क्रिय हैं, जिसके कारण अवैध रूप से चल रहे मेडिकल व झोलाछाप डॉक्टरों के उपर करवाई नहीं हो पाती है। लोगों ने यह मांग किया है कि झोलाछाप डॉक्टरों पर अभिलंब कार्रवाई हो।

## स्वास्थ्य सेवा बदहाल : गर्भवती महिला को खाट पर लादकर पहुंचाया अस्पताल



**(पारस यादव) गारू।** महुआडाड़ अनुमंडल अंतर्गत अक्सी पंचायत के अति नक्सल प्रभावित ग्राम तिसिया का टोला खूंटीकरम की गर्भवती आदिम जनजातिय महिला ज्योति कोरवा (उम्र 30) को मंगलवार शाम उसके पति सुदेश्वर कोरवा साथ गांव के चार लोगों के द्वारा खाट पर 8 किमी दूर बूढ़ा नदी को पार कर तिलैयाताड़ तक लाया गया। फिर तिलैयाताड़ से एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड लाया गया। जहां मंगलवार की शाम 7 बजे उस आदिम जनजातिय गर्भवती महिला ने जुड़वा लड़के को जन्म दिया।

### एम्बुलेस के जगह चारपाई को बनाया अस्थायी स्ट्रेचर

ज्ञात हो कि ग्रास तिसिया गांव जहां 30 घर है, तिसिया ग्राम से चेतमा मुख्य सड़क तक पहुचनें के लिए सड़क कच्ची एवं जंगल रास्ते से हो 8 किलोमीटर दूरी तय कर आना पड़ता है, इस दौरान दो पहाड़ी बूढ़ा नदी और टेटूक नदी पड़ती है। बरसात में किसी भी वाहन से तिसिया ग्राम तक पहुंचना अंसभव है। ग्रामीणों के गर्भवती महिला को अस्पताल लाने की लिए चारपाई को स्ट्रेचर बना कर अस्पताल पहुंचे इस संबंध में चेतमा की एन एम रिना एक्का ने बताया कि तिसिया ग्राम अति पिछड़ा क्षेत्र है। मेरा पोषण क्षेत्र है। टीकाकरण समेत अन्य कार्य में बहुत परेशानी होती है। गाड़ी जंगल में छोड़कर पैदल जाना पड़ता है। बरसात में परेशानी दुगनी हो जाती है।

## राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के आवास पर भव्य श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह का आयोजन



**कोडरमा।** राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के विशुनपुर रोड स्थित झुमरीतिलैया राजद प्रधान कार्यालय में भव्य श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजद जिलाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष रामधन यादव, युवा राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश प्रसाद यादव, कुणाल यादव ने संयुक्त रूप से की। श्री कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर राजद प्रधान कार्यालय को भव्य रूप से वृंदावन की तरह सजाया गया था। वहीं जन्मोत्सव को लेकर भक्ति जागरण-राधा-कृष्ण पर आधारित नृत्य नाटिका कार्यक्रम भी पेश किया गया। रात्रि में घड़ी की सुई 12 पर पहुंचते ही राजद कार्यालय में ह्लआनंद उमंग भयो, जय हो नन्द लाल की, नन्द के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीह्ल आरती से परिसर गूंजता रहा। राजद नेताओ ने बाल-गोपाल के जन्मोत्सव पर झूला झुलाया और आरती की। वहीं भक्ति जागरण के कलाकारों ने अपने मधुर स्वर में श्रद्धालुओं को आस्था के उमंग में डुबो दिया। जन्मोत्सव के उपरांत महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर कंचन यादव, मो मुबारक, डॉ सरफराज नवाज, विजय सिंह, घनश्याम तुरी, रघुनाथ दास, रामबचन यादव, मो सरफुद्दीन, महेश यादव, मोहन यादव, संजय दास, मंटू यादव, धीरज यादव, किशोरी यादव, आरके मिश्रा, तौकीर आलम, महेश दास, चरणजीत सिंह, अमरजीत कौर, सोनी देवी, मंटू यादव, अरुण सिंह, पवन भगत, शिवपूजन यादव, प्रिंस कुमार, पंकज यादव, बलदेव यादव समेत कलाकारों में गायक सुरेश प्रसाद यादव, गायिका मधु विश्वकर्मा, राजन दीवान, विवेक मुखर्जी आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### कांग्रेसी नेता का निधन, किया शोक व्यक्त

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य पंचायत केदरगाह मुहल्ला निवासी समाजसेवी सह कांग्रेसी नेता 80 वर्षीय क्यूम शेख का निधन सोमवार क ी रात्रि हो गया। वे लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे तीन पुत्र व एक पुत्री का भरा पूरा परिवार छोड़ गये। उनका पार्थिक शरीर मंगलवार को स्थनीय कब्रिस्तान नौकी बागी में उनके जनाजा को सुपुर्द ए खाक किया गया। उनके निधन पर प्रखण्ड के लोगों ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालो में प्रमुख विजय सिंह, सावित्री देवी, पिंकी देवी, रंजीत सिंह, सलीम शेख, महताब आलम, अल्ताफ आलम, इनामूल शेख, आजाद शेख, हाजी बसीर अली, डॉ अंसार आलम, नूर आलम, अशोक दास, दीवाकर तिवारी, अहमद हुसैन, मकबूल आलम, सरफु अली, मंसूर आलम, तोकीर अहमद, सोहराब आलम, अफजल मियाँ, मकबूल अंसारी आदि के नाम शामिल हैं।

### 24 घंटे का अखंड हरिकीर्त्तन का समापन



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड के उत्तरी पंचायत स्थित धुब्बाडीह मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सोमवार 11 बजे से आयोजित 24 घंटे का अखंड हरिकीर्त्तन का समापन मंगलवार को विभिन्न अनुष्ठानों के बीच किया गया। दो दिवसीय अनुष्ठान के दूसरे दिन अखंड कीर्तन में श्रद्धालु उमड़ पड़े। हरे रामा, हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा हरे हरे, सीता राम के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। दिन के बारह बजे अखंड हरिकीर्तन का समापन किया गया। उसके बाद हवन, आरती के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर मंदिर को फुलों से सजाया गया था। रंग-बिरंगी बल्बों से मंदिर परिसर को रोशन किया गया था। आरती के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। सम्पूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर कमिटी के प्रमुख नवल किशोर यादव के अलावे व्यास मुखलाल सिंह, व्यास बाली दास, मनी दास, माथुरा ठाकुर, कपिल देव सिंह, अनेश्वर सिंह, जागेश्वर सिंह, उमेश सिंह, बालो साव, लक्ष्मण सिंह, सहदेव यादव, संजय सिंह, नागो महतो समेत कई ग्रामीण लगे हुए थे।

### खपरैला का कच्चा मकान गिरा




**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार से लगातार हो रही मुसलाधार बारिश से नावाडीह पंचायत निवासी सीताराम राम, रमेश रजक का कच्चा मकान बारिस में भर भरा कर गिर गया। जिससे उन लोगों के सामने मुसीबत आ गई। इस दौरान सीताराम राम ने बताया कि हमारे पास रहने के लिए सिर्फ एक ही खपरैला का कच्चा मकान है, जो अब बारिश में ढह गया। हम लोग बेघर हो गए। जिला प्रशासन तथा प्रखंड प्रशासन से अबुवा आवास की मांग की है।

### एक सितंबर को श्री राणी सती दादी जी का मंगल पाठ का होगा आयोजन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** महाराणा प्रताप चैक स्थित मन्नालाल सोनी केंपस में महासती सावित्री मंदिर कोठरी धाम में 1 सितंबर को मंगल पाठ का आयोजन किया जाएगा। मंगल पाठ कोलकाता की शिल्पी वर्मा एवं वंदना रंभा के द्वारा सह स्वर आयोजित किया जाएगा। इसके पूर्व प्रात: 11 बजे पूजा अर्चना की जाएगी। यह जानकारी मंदिर कमेटी के राम प्रसाद सोनी और लक्ष्मीकांत सोनी ने दी। उन्होंने बताया कि 12:30 बजे से मंगल पाठ का आयोजन होगा और इसी दौरान 56 भोग अर्पित किया जाएगा तथा संध्या में सभी श्रद्धालु भक्त माता की आरती करेंगे। वही महाप्रसाद के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। 2 सितंबर की सुबह मंगला आरती सुबह 4 बजे आयोजित होगी। इसके बाद पाटा पूजा, धोक पुजा व विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### कोडरमा थाना के समीप चला दो पहिया वाहन जांच



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप के निदेर्सानुशार कोडरमा थाना के समीप चलाया गया दो पहिया वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस मौके पर दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट और वाहन सबंधित जरूरी कागजातों का जांच किया गया। साथ ही बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चालकों का चालान काटा गया।

### पल्स पोलियो अभियान के तहत डॉ ने किया निरीक्षण



**कोडरमा।** सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार के निदेशानुसार 27 अगस्त को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत जिला आर.सी.एच.ओ. डॉ कुलदीप कुमार ने चन्दवारा एवं तिलैया डैम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांव का भ्रमण कर निरीक्षण किया एवं पोलियो खुराक से वंचित बच्चों को पोलियो का खुराक दिया। इस दौरान उन्होंने शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने हेतु क्षेत्र में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक निदेश दिये, साथ ही उन्होंने कहा कि पोलियो से शत-प्रतिशत प्रतिरक्षण पाना ही हमारा लक्ष्य है। जिले में पोलियो का कोई केस नहीं है, फिर भी एहतियात रखना होगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान में विश्व स्वास्थ्य संगठन संस्था विशेष तौर पर सहयोग कर रही है।

## जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का शुभारंभ

### खेल से संबंधित प्रतिभा है तो मेहनत करते रहिए सफलता जरूर मिलेगी: रमेश घोलप

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता 2024-25 का शुभारंभ जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हुआ, जिसमें जिले के उपायुक्त रमेश घोलप ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, जिला ओलंपिक संघ चतरा के सचिव राकेश कुमार सिंह मंत्री सत्यानंद भोक्ता के प्रतिनिधि जितेंद्र चंद्रवंशी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत खेलो झारखंड के झंडोतोलन के साथ हुई, उसके बाद कस्तूरबा विद्यालय चतरा के बच्चों ने स्वागत गीत गाया और अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विभिन्न प्रखंडों से आए खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया और मशाल प्रज्वलित कर प्रखंड के सभी कप्तानों ने मैदान का चक्कर लगाया और शपथ ली। यह प्रतियोगिता 27 अगस्त 2024 से 3 सितंबर 2024 तक चलेगी, जिसमें एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, हॉकी, खो खो, वालीबॉल, क्रिकेट, उसु, चेस, बैंड, योगा आदि खेलों का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त रमेश घोलप ने विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि वे जिला स्तर पर पहुँच गए हैं।खेलो झारखंड प्रतियोगिता सुदूरवर्ती क्षेत्र के बच्चों को आगे बढ़ने का मौका देती है। चतरा जिला निश्चित रूप से अपना जौहर दिखाएगा।झारखंड सरकार हर साल खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन करती है ताकि प्रतिभाशाली बच्चों को अवसर मिल सके। इस प्रतियोगिता से कई अच्छे खिलाड़ी निकले हैं जिन्होंने राज्य और जिले का नाम रौशन किया है। सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि, पेंशन और अन्य सहयोग प्रदान करती है। जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी ने कहा कि चतरा जिला खेल कूद कार्यक्रमों में हमेशा से ही आगे रहा है और यही कारण है कि विभिन्न खेलों में आज हमारा जिला कई जिलों से आगे है। उन्होंने कहा कि वह बच्चों के खेल कूद कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में हर संभव सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि खेल कूद से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है और उन्हें अनुशासन का पाठ भी मिलता है। मंगलवार के मैच में अंडर 14 बालिका फुटबॉल का शुरूआत टंडवा बनाम सिमरिया के बीच मैच हुआ जिसमें टंडवा 3-0 से विजयी रही। दूसरा मैच चतरा बनाम कुंदा के बीच हुआ जिसमें चतरा 10 से विजयी रही। तीसरा मैच गिद्धौर बनाम हंटरगंज के बीच हुआ जिसमें गिद्धौर 30 से विजयी रही। चौथा मैच लावालौंग बनाम इटखोरी के बीच हुआ जिसमें लावालौंग विजयी रही। क्वार्टर फाइनल मैच कान्हाचट्टी एवं टंडवा के बीच हुआ जिसमें टंडवा की टीम विजयी रही। दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच चतरा बनाम मयूरहण्ड के बीच हुआ जिसमें मयूरहण्ड प्लेंटी शूटआउट में विजयी हुई। सेमी फाइनल मैच गिद्धौर बनाम लावालौंग के बीच हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ओलंपिक जिला संघ के सचिव राकेश कुमार सिंह, जितेंद्र चंद्रवंशी, मनोज सिंह, दीपक कुमार, अबोध राम, राघवेंद्र कुमार, विकास कुमार, मुकेश कुमार, प्रियंक कुमार, कुसुम कुमारी, प्रियंका कुमारी, पूनम कुमारी, मेनका कुमारी, वीरेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार यादव, जितेंद्र कुमार पांडे, सचिन कुमार, सविता माल्टो, बालकुमार, राजेश कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, सुभाष कुमार के अलावा प्रखंड के सभी शारीरिक शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग काफी सराहनीय रहा।

# जनता दरबार में डीसी ने सुनी आमजनों की समस्यायें

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जनता दरबार में ग्राम जोरी प्रखंड हंटरगंज के आवेदिका ने उपायुक्त से मिल बताया कि मेरा प्रधानमंत्री आवास के कई बार आवेदन किया हूं परन्तु बार बार मेरा नाम छुट जाता है। मै लाल कार्ड धारी हूं। मेरी स्थिति अत्यंत खराब है। रहने के लिए आवास नहीं है। आवास जिसमें रहते है वो काफी जर्जर है। वो कभी भी गिर सकता है। हर समय दूर्धटना की आशंका बनी रहती है। इस पर उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी हंटरगंज को मामले की जांच करते हुए जांच प्रतिवेदन उप विकास आयुक्त को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं सदर प्रखंड के बुचीडाड़ी चतरा की एक छात्रा ने उपायुक्त से मिल बताया कि गर्ल हाई स्कूल चतरा में क्लाश 9वीं तक पढ़ाई की हूं। घर की परेशानी के कारण बीच में पढ़ाई छुट गया अब मै पुनः पढ़ाई करना चाहती हूं। मै नामांकन के लिए गर्ल हाई स्कूल गई तो वहां मेरा नामांकन नहीं लिया जा रहा है। इस पर उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र को बच्ची को शिक्षा का अधिकार दिलाने का निर्देश दिया। उन्होने कहा शिक्षा पाना सभी का अधिकार है नियमसंगत बच्ची का नामांकन कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार एक मामला अुबआ आवास से संबंधित प्राप्त हुआ जिसमे हंटरगंज प्रखंड की आवेदिका द्वारा बताया गया कि मै विधवा महिला हूं। और अत्यंत गरीब भी हूं। मेरे घर में आय का किसी भी प्रकार का श्रोत नहीं है। मेरे द्वारा अबुआ आवास योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन किया गया परन्तु सूचि में मेरा नाम नहीं आया। सूचि में मेरे पुत्र का नाम आया है जो एससी कैटेगरी में क्रम संख्या-194 में है। मुझे आज तक किसी भी प्रकार का आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। अनुरोध है कि मेरी समस्या को देखते हुए मेरे पुत्र के नाम से अबुआ आवास या मेरे नाम से अम्बेडकर आवास देने की कृपा करें। इस पर उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी हंटरगंज को नियम संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने समाहरणालय सभा कक्ष में एक एक कर जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उक्त के अलावे जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास, भूमि विवाद, राशन कार्ड, शिक्षा विभाग से संबंधित समेत अन्य मामला शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। साथ ही उक्त मौके पर संबंधित पदाधिकारी को शीघ्र मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया।

स्पीड न्यूज

## तोपचांची बीआरसी में एमडीएम का आडिट रुका

**बैंक कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण हो रहा विलंब**

**तोपचांची।** तोपचांची ब्लॉक रिसोर्स सेंटर (बीआरसी) में मध्याह्न भोजन (एमडीएम) योजना का आडिट मंगलवार को रुक गया है। आडिट टीम को बैंक कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण आडिट प्रक्रिया में देरी हो रही है। प्रखंड के सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक मध्याह्न भोजन योजना से संबंधित रिकॉर्ड लेकर आडिट टीम के सामने प्रस्तुत हुए थे। लेकिन आडिट टीम ने पाया कि एमडीएम योजना के लिए आवंटित धन का उपयोग कैसे किया गया है, इसके बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विनोद मोदी ने कहा कि प्रधानाध्यापकों द्वारा बैंक कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण आडिट रोक दिया गया है। बैंक संबंधित कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश प्रधानाध्यापकों को दे दिया गया है। आडिट प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## एसएनएमएमसीएच में पांच साल बाद शुरू हुई अल्ट्रासाउण्ड जांच




**धनबाद।** पिछले पांच साल के लंबे इंतेजार के बाद जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएनएमएमसीएच में मरीजों की अल्ट्रासाउण्ड जांच शुरू हो गई है। डॉ बेनीजेर मुख्तार ने बताया कि सोमवार से ही यहां भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड किया जा रहा है। पहले दिन 15 और आज लगभग 20 मरीजों की जांच की गई है। उन्होंने बताया कि उनकी नियुक्ति यहां एक माह पूर्व ही हो गई थी, लेकिन मशीन का रजिस्ट्रेशन रिनुवल नहीं होने के कारण इस काम में देरी हुई है। लेकिन अब कोई परेशानी नहीं होगी। नियमित रूप से जांच की जाएगी। आउटडोर मरीजों की भीड़ न लगे, इसे देखते हुए उन्हें अलग अलग समय दिया जा रहा है, ताकि वे अपने समय पर बिना रुके जांच करा सके। इस संबंध में अस्पताल के मरीजों ने बताया कि बाहर जांच कराने में पांच सौ से एक हजार रुपया भुगतान करना पड़ता था। निर्धन परिवारों के लिए काफी परेशानी होती थी। जांच शुरू होने से हमलोगों को काफी खुशी है। ज्ञात हो कि यहां पूरे जिला से मरीज पहुंचते हैं और उन्हें अल्ट्रा साउंड की सुविधा नहीं मिलती थी, जिससे उन्हें आर्थिक हानि के साथ परेशानी भी उठानी पड़ती थी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# भारी बारिश से मिट्टी का घर गिरा, बाल-बाल बचा परिवार

**मजदूरी से होता है गुजारा, बेघर होने पर टूटा मुसीबतों का पहाड़**

खबर मन्त्र संवाददाता





**मैथन।** निरसा प्रखंड के रांगामटिया पंचायत अंतर्गत हड़कतोड़िया गांव में सोमवार की रात भारी बारिश से बीना देवी का मिट्टी का मकान ढह गया। मकान गिर जाने से परिवार वालों का आशियाना उजड़ गया है। धनंजय मंडल, बीना देवी अपनी दो बेटी के साथ इसी घर में रहते थे। हालांकि सभी बाल बाल बच गए। परंतु घर में रखा सारा सामान मिट्टी में दब गया। खाना बनाने का बर्तन, कोयला, गोयठा, कपड़ा सभी मिट्टी में मिल गए। परिजनों ने बताया कि 2023 दिसंबर में अबूआ आवास के लिए आवेदन भी किया है, लेकिन अब तक कोई परिणाम सामने नहीं आया है। बताते चलें कि धनंजय मंडल की मां के नाम पीएम आवास मिला है और इसी पीएम आवास के दो कमरे में दो भाई के 6 लोग बहुत ही मुश्किल से रहते हैं। गरीब और मजदूरी कर गुजर बसर करने वाले का आशियाना उजड़ जाने से मुसीबत का पहाड़ खड़ा हो गया है। प्रशासन से गुहार लगाई है कि किसी तरह आवास योजना का लाभ मिल जाए तो बरसात में मुसीबत से बचा जा सकता है। धनंजय मंडल ने घटना की सूचना पंचायत के मुखिया एवं स्थानीय वार्ड सदस्य को भी दी है।

# श्रीकृष्ण मातृ सदन के स्टॉफ मेरे परिवार के समान : डॉ शिवानी

खबर मन्त्र संवाददाता




**कतरास।** श्रीकृष्णा मातृ सदन रानी बाजार कतरास की 20 वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ विश्वनाथ चौधरी थे। मुख्य अतिथि को विजय कुमार झा ने बुके दे कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मातृ सदन की संचालक डॉक्टर शिवानी झा ने कहा कि पूरे अस्पताल परिसर के सभी स्टॉफ उनके लिए परिवार के समान हैं। उन्होंने कहा कि कॉल फॉर हेल्प के जरिये सभी स्टाफ एक साथ सेवा के लिये तत्पर रहते हैं। डॉक्टर श्रीमती झा ने कहा कि सेवा करते 20 वर्ष गुजर गये, पता ही नहीं चला। शुरुआती दौर में जब बच्चे छोटे थे, तो काम बहुत मुश्किल लगता था। समय के साथ सब ठीक हो गया। महिला मरीजों को धनबाद या बाहर जाकर इलाज कराना पड़ता था। परंतु 20 साल से यह सुविधा कतरास के श्रीकृष्णा मातृ सदन में उपलब्ध है और मरीजों को अपनी बात खुलकर बताने का मौका मिलता है। मौके पर कार्यरत सभी स्टाफ को सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा ने किया। उन्होंने सेवा परमो धर्म पर जोर देते हुए कहा कि 20 वर्षों के सफर में कई बार उतार चढ़ाव को देखते हुए श्रीकृष्णा मातृ सदन ने आज 20 साल पूरा कर लिया है। मौके पर डॉक्टर बी एन चौधरी,डॉक्टर नेहा प्रियदर्शिनी, डॉक्टर धीरज चौधरी, अनुज कुमार सिन्हा उर्फ पलटू, शंकर चौहान, गौतम मंडल, बिनोद सिंह, अनंत श्रीकृष्णा, मनीषा मीनू, सात्विका झा एवं श्रीकृष्णा मातृ सदन के जयकांत प्रसाद सिंह, धीरज सिंह, मुन्ना झा, धीरेन रजवार, गीता देवी, सुनीता देवी, सुमन गोस्वामी, मीना कुमारी, बिरेन्द्र कुमार, गोबिंद हाड़ी सहित सभी स्टाफ मौजूद थे।

# सीबीआई ने जीटीएस कंपनी के मालिक सहित तीन को किया गिरफ्तार, ले गई पटना

**घूसखोरी के कनेक्शन में गुरपाल सिंह, डॉ. प्रणय पूर्वे सहित पांच के ठिकाने पर दबिश दी थी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** मटकुरिया निवासी ट्रांसपोर्टर व जीटीएस कंपनी के मालिक गुरपाल सिंह, हाउसिंग कॉलोनी निवासी फेमस रेडियोलोजिस्ट डॉ प्रणय पूर्वे और बिपिन प्रिंटिंग प्रेस के मालिक बैंक मोड़ निवासी अशोक चौरसिया को सीबीआई टीम ने सोमवार देर रात छापेमारी के बाद गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को सभी की सदर अस्पताल में मेडिकल जांच कराई गई। जांच के बाद सीबीआई की टीम सभी को लेकर पटना रवाना हो गई। बताया जाता है कि तीनों को पटना की सीबीआई कोर्ट में पेशी के बाद ट्रांजिट रिमांड पर टीम दिल्ली ले जाएगी, जहां मामले को लेकर पूछताछ की जाएगी। सीबीआई की दबिश का यह पूरा मामला इनकम टैक्स के बड़े अधिकारी संतोष कुमार के रिश्वत लेने से जुडा है, जिसे सीबीआई की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। सीबीआई की टीम ने घूसखोरी के कनेक्शन में गुरपाल सिंह, डॉ. प्रणय पूर्वे सहित पांच लोगों के ठिकाने पर दबिश दी थी।

# कांग्रेस नेत्री ने फुटपाथ दुकानदारों की समस्याएं सुनीं

**कांग्रेस के दिवंगत नेता के परिवार से मिलकर दी सांत्वना**

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** बेरमो विधायक अनूप सिंह की पत्नी व कांग्रेस के टिकट पर धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ चुकी अनुपमा सिंह मंगलवार को प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष डीएन प्रसाद यादव के नेतृत्व में निरसा बाजार में फुटपाथ दुकानदारों से मिलकर उनकी समस्याओं से रू ब रू हुई। निरसा पहुंचते ही कांग्रेसी व फुटपाथ दुकानदारों ने श्रीमती सिंह को फूल माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। दुकानदारों की समस्या व पीड़ा सुनकर श्रीमती सिंह काफी भावुक हो गई और आश्वासन देते हुए कहा कि इस मुद्दे को लेकर वह शीघ्र ही डीसी से मिलकर समस्या का निदान निकालने का प्रयास करेंगी। श्रीमती सिंह वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व रामवृक्ष यादव के कुमारधुभी आवास गई और उनके परिवार को सांत्वना देते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष डीएन प्रसाद यादव, जिला सचिव अर्जुन भुईया, प्रदेश प्रतिनिधि दुगार्दास, जिला प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका, जियाउल हुसैन, दीपक कुमार मिश्रा, नंदन भईया, शशि भूषण तिवारी, एस के हुसैन, रोहित मोदी, दिनेश मोदी, राजेंद्र मोदी, आशिक अंसारी, रविंद्र यादव,वलड्डु यादव, बाबूलाल रब्बानी, लव यादव, शुभम मोदी, मनोज यादव, रंजन यादव, चंद्रभूषण कुमार, रामा रबिदास, अस्तिक आदि मौजूद थे।

एक नजर में

## विधानसभा की उम्मीदवारी के लिए जिला अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**धनबाद।** विधानसभा की उम्मीदवारी हेतु धनबाद जिला युवा कॉंग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ सोनू ने धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह को उम्मीदवारी का आवेदन दिया। बताया कि वह पिछले 16 वर्षों से कॉंग्रेस पार्टी के साथ कंधा से कंधा मिलाकर पूरी ईमानदारी से काम करते आ रहे हैं। और आगे भी काम करेंगे। बताया कि पार्टी एक मौके दे तो वर्ष 2010 से 16 तक एनएसयूआई का जिला अध्यक्ष, वर्ष 2017 से 2020 तक प्रदेश युवा सचिव, वर्ष 2021 में धनबाद जिला युवा कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वर्तमान में निर्वाचित धनबाद जिला युवा कांग्रेस का अध्यक्ष हैं। सामाजिक क्रिया कलाप लगभग कई वर्षो से कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के लिए समर्पित हैं। धनबाद विधानसभा से सक्षम हैं। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नवीन सिंह, दिनेश सिंह जिला युवा महासचिव विक्की कुमार, सोनू यादव, खुर्शीद अंसारी, अरुण दास, राहुल चौहान, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष दीपक यादव, टिंकू अंसारी, विशाल महतो, रघुबीर कुम्हार, सुरज पासवान, राजीव दास, यूसुफ खान, दीपक तिवारी, कायदे आजम, अयांश कुमार, रुस्तम अंसारी, राजा कुमार आदि सैकड़ों युवा साथी मौजूद थे।

## हर मोर्चे पर सरकार फेल, किसान और बेरोजगार परेशान : आजसू



**जामताड़ा।** आजसू पार्टी जामताड़ा इकाई की ओर से मंगलवार को नारायणपुर प्रखंड के बुटबेरिया,दिघारी पंचायत के बाबूडीह गांव से दूसरे दिन की जन जागरण पदयात्रा शुरू हुई, जो बुटबेरिया,दुद्पनिया, चितामि, घटियारी, केंदूवा, चैनपुर, सकलपुर, ढोबना आदि जगहों से गुजरी। आज भी हर गांव में आदिवासी समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। लोगों को संबोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव तरुण गुप्ता ने कहा कि झारखंड में चलने वाली सरकार हर मोर्चे पर बिफल हो चुकी है, कानून व्यवस्था बदतर स्थिति में है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच चुका है। आने वाले समय में जामताड़ा विधानसभा की जनता को परिवर्तन के लिए तैयार रहना पड़ेगा। पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार महतो, कार्यकारी जिला अध्यक्ष निमाई चंद्र सेन, रमेश पंडित, माने बेसरा, सीतामनी हसदा, सुखदेव रवानी, सुखदेव भंडारी, राम किशोर हांसदा बम शंकर दुबे, साजिद अंसारी, इमामुद्दीन अंसारी, सलाउद्दीन अंसारी, शहादत अंसारी, अनवर सौदागर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जन जागरण पदयात्रा में चल रहे थे।

# बांग्ला भाषा उन्नयन समिति ने दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता




**गोविंदपुर।** झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति ने अपने तीन सूत्री मांगों के समर्थन में मंगलवार को गोविंदपर प्रखंड मुख्यालय में धरना दिया। समिति के संस्थापक बेंगु ठाकुर ने कहा कि गोविंदपुर क्षेत्र में नल जल योजना के तहत ग्रामीणों को पेयजल पहुंचाने की कोई पहल नहीं हुई है। मैथन पेयजल योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में सप्ताह में एक बार जलापूर्ति की जाती है। उन्होंने कहा कि गोविंदपुर स्वास्थ्य केंद्र में रात के समय चिकित्सक नहीं रहते हैं, जिससे ा मरीजो को काफी दिक्कत होती है। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की काफी दिक्कत है जिसे सुधारने की जरूरत है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि उपरोक्त बिंदुओं पर संबंधित पदाधिकारी अगर अविलंब कार्रवाई नहीं करते हैं तो समिति को बाध्य होकर आंदोलन करना होगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष भवानी बनर्जी, दुलाल चंद्रा, जायजीत मुखर्जी, विनोद शर्मा, बैजू, पार्थो, प्रसन्न, भमाल चंद्र, कविता सेन, रीता सेन, मामूनी सेन, माया वाली दासी, सागर दांत, चिंता सेन, बबीता दांत, रिंकू दां, मामूनी दा, बसंती देवी, संजती रवानी, बुली देवी, सोहित कुमार, बुबई दत्त, पल्लव राय आदि मौजूद थे।

# सेंट मदर टेरेसा की 114वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /कथारा।** सेंट मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल कथारा में मदर टेरेसा की 114वीं जयंती भव्य रूप से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सतीश कुमार दयाल ने द्वीप प्रज्वलित व मदर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मदर टेरेसा ने अपने पूरे जीवन में सात दशक तक भारत में रहकर, अपने कर्मों और निश्छल प्रेम के द्वारा लाखों लोगों के हृदय में मां की छवि बना ली ।बीमारगण, असहाय गरीब निर्धन ऐसे लोगों के बीच में अपनी अटूट प्रेम और सेवा के द्वारा पूरे राष्ट्र और पूरे विश्व के लिए एक आदरणीय अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।उनके अतुलनीय प्रेम और राष्ट्र के प्रति समर्पण और गरीबों के सेवा हेतु भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया।विद्यालय के सहायक शिक्षक दिलीप कुमार यादव ने कहा कि प्रेम, त्याग और तपस्या का दूसरा नाम मदर टेरेसा है।इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं के द्वारा आकर्षक नित्य संगीत और झांकी की प्रस्तुति की गई।इस मौके पर विद्यालय में केक भी काटा गया और बच्चों को मिठाई विवरण किया गया।

# छात्राओं ने लगाये नारे : 'बेटी पढ़ रही, मगर बच नहीं रही'

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** कोलकाता की घटना को लेकर धनबाद में लगातार प्रोटेस्ट मार्च जारी है। मंगलवार को भी छात्र-छात्राओं व गृहणियों नें सड़क पर उतर कर वी वांट जस्टिस के नारे लगाए। सभी हाथ में इस देश को बेटी देने में भगवान अब घबरायेगा, सुनो द्रोपदी शस्त्र उठा लो अब गोविन्द ना आएंगे, बेटी पढ़ तो रही है, पर बच नहीं रही जैसे श्लोगन लिखी तख़्तियां लेकर चल रहे थे। लॉ कॉलेज की छात्रा संजीवनी मिश्रा और श्रेयशी बनर्जी ने बताया कि आईएसएम गेट से रणधीर वर्मा चौक तक प्रोटेस्ट मार्च निकाला गया। विकृत मानसिकता वालों की सोच बदलनी होगी। लड़कियों, महिलाओं के साथ अत्याचार अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोलकाता की घटना की पुनरावृति रोकने के लिए ममता सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। वही इस प्रोटेस्ट मार्च में बिपासा पॉल, एडवोकेट सोनिया मिश्रा, किशन अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, परिणीता मिश्रा और इमक्लूपिंक-पीएलसी के सदस्य मौजूद थे।

## कारो माइंस में मंत्री पुत्र के समर्थकों और विस्थापितों में नोंकझोंक

**बेरमो।** बेरमो के सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र के कारो परियोजना में सोमवार को पूर्व घोषित आंदोलन के तहत कारो के विस्थापितों द्वारा चक्का जाम आंदोलन वापस लेने के बाद सूबे की मंत्री बेबी देवी के पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू महतो झामुमो के सैकड़ों समर्थकों व ट्रक मालिकों के साथ बाइक जुलूस लेकर माइंस बंद कराने कारो पहुंचे।इसी बीच विस्थापितों और मंत्री पुत्र के समर्थकों के साथ नोंकझोंक हो गई। हेमलाल महतो ने बताया कि झामुमो समर्थक और ट्रक मालिक यहां लोकल सेल में वीआईपी कोटा चाह रहे हैं।

## बीसीसीएल के सहयोग से बस्ताकोला ऑफिसर क्लब में लगा रक्तदान शिविर



**बस्ताकोला।** एशिया द्वारिका दास जलान सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल द्वारा मंगलवार को बीसीसीएल अधिकारियों के सहयोग से बस्ताकोला ऑफिसर क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ करते हुए बस्ताकोला महाप्रबंधक अनिल कुमार सिन्हा ने कहा के बीसीसीएल के कर्मठ कर्मचारी देश के लिए ऊर्जा उत्पादन करते हुए कई सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देते हैं। यह सभी बीसीसीएल के रक्तदान वीर हैं। रक्तदान शिविर में बीसीसीएल अधिकारियों, कर्मियों, मुख्यालय सतर्कता विभाग सहित यूनियन प्रतिनिधियों ने भाग लिया। शिविर में करीब 20 यूनिट विभिन्न ग्रुप के ब्लड का संग्रह किया गया, जिसे जरूरतमंद मरीजों को उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान बस्ताकोला क्षेत्र के एपीएम अभिषेक कुमार ने कहा कि जागरुकता के अभाव में कई लोग रक्तदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य से अछूते रह जाते हैं. रक्तदान से स्वास्थ्य पर कोई बुरा असर नहीं पड़ता, बल्कि किसी जरूरतमंद इंसान की जिंदगी को बचाया जा सकता है। मौके पर एसीएम अमित झा कुमार, डॉ सरस्वती पंडित ,देवाशीष बाग दुर्गा झा विश्वजीत महतो, रविंद्र शेट्टी आदि मौजूद थे।

## झारखंड का महत्वपूर्ण त्यौहार कर्मा महोत्सव को सफल बनाने को लेकर तैयारी जोरों पर

**बेरमो/खेतको।** झारखंड प्रदेश का महत्वपूर्ण त्यौहार कर्मा महोत्सव 5 सितंबर को करगली स्थित बिनोद बिहारी महतो फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित किया जायेगा। इस महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर ग्रामीणों से लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है। कर्मा महोत्सव के मौके पर भव्य शोभा यात्रा फुसरो के हिंदुस्तान पुल से शुरूआत की जाएगी जिसमें हजारों हजार महिलाएं एक ही रंग की पोशाक में भाग लेगी। जिसमें लगभग 500 गांव की उपस्थिति होने की संभावना जताई जा रही है। जिसके तहत कर्मा साड़ी का वितरण गांव-गांव में किया जा रहा है। इस साड़ी का वितरण संतोष कुमार महतो अपने हाथो से कर रहे है। मौके पर आजसू के अंगवली मंडल प्रभारी भगवान दास नायक,राजेश गिरी,अशोक कुमार, कृष्णा नायक, चंदन महतो एवं गांव के दर्जनों महिलाएं उपस्थित थे।

# झरिया डिवीजन ने मनाई टाटा की 165वीं जयंती

**सर दोराबजी टाटा पार्क में अधिकारियों-कर्मचारियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि**

खबर मन्त्र संवाददाता




**जोड़ापोखर।** टाटा स्टील झरिया डिवीजन ने मंगलवार को अपने पहले चेयरमैन सर दोराबजी टाटा की 165वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर जामाडोबा स्थित सर दोराबजी टाटा पार्क में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। टाटा स्टील के झरिया डिवीजन के जनरल मैनेजर संजय राजोरिया ने वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और यूनियन प्रतिनिधियों के साथ सर दोराबजी टाटा पार्क में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राजोरिया ने दोराबजी टाटा के जीवन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और सभी लोगों से उनके विजन और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता की मांग की, जो आज भी बेहद प्रासंगिक है। दोराबजी को खेलों से बेहद लगाव था और वह भारतीय ओलंपिक आंदोलन में अग्रणी थे। भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने 1924 में पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल को वित्त पोषित किया था। मौके पर नरेंद्र कुमार गुप्ता, चीफ जामाडोबा ग्रुप, पंकज दास हेड एचआरबीपी, बरुण बनर्जी हेड सेफ्टी, श्वेता मिश्रा हेड एडमिनिस्ट्रेशन, कौशिक गायेन हेड प्लानिंग,अमन हेड इंजीनियरिंग सर्विसेज, संतोष महतो रीजनल सेक्रेटरी, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन और झरिया डिवीजन के कई अधिकारी, यूनियन प्रतिनिधि और कर्मचारी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## पोटका के बालिजुड़ी में रक्तदान शिविर एक को

**जमशेदपुर।** आदिवासी बहुउद्देशीय उत्थान सहकारी समिति पोटका प्रखंड और नई जिंदगी परिवार जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 1 सितम्बर 2024 रविवार को बालिजुड़ी के सोहदा पंचायत भवन में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। सहकारी समिति पोटका प्रखंड की अध्यक्ष सीमा बास्के की अध्यक्षता में जादुगोड़ा स्थित भाटिन पंचायत भवन के तैयारी बैठक में उन्होंने बताया कि यह शिविर सुबह 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक चलेगा। 74 बार रक्तदान कर चुके वीवीडीए सदस्य और जमशेदपुर निवासी ट्राइबल ब्लड मैन के नाम से मशहूर आदिवासी युवा रक्तदाता राजेश मार्डी भी स्वयं अपना रक्तदान करेंगे और नए युवा पीढ़ी के रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए शिविर में उपस्थित रहेंगे। बिष्टुपुर स्थित जमशेदपुर ब्लड सेंटर की टीम द्वारा रक्त संग्रह किया जायेगा। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को सम्मान पत्र के साथ साथ विशेष रूप से उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा और भविष्य में जरूरत पड़ने पर उन्हें रक्त भी उपलब्ध कराया जायेगा। सभी सक्षम युवा, छात्र, पुरुष एवं महिलाओं से इस शिविर में शामिल होने की अपील की गयी है। तैयारी बैठक में मुख्य रूप से सहकारी समिति पोटका के उपाध्यक्ष रघुनाथ हांसदा, भाटिन पंचायत के मुखिया सिराम मुर्मू, कोषाध्यक्ष सरस्वती मुर्मू, संजय मुर्मू, राहुल हेम्ब्रम, सुखलाल मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## बिष्टुपुर में नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर 29 से 31 तक

**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान का तीन दिवसीय नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर नवजीवन का आयोजन 29 से 31 अगस्त तक बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में होने जा रहा है। स्व. मुन्ना बाबू गुप्ता ट्रस्ट के सौजन्य से आयोजित हो रहे इस नि:शुल्क शिविर में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति और तुलसी भवन प्रबंधन का भी पूरा सहयोग मिल रहा हैं। यह जानकारी इस कार्यक्रम की संयोजिका सोनल अग्रवाल एवं किरण अग्रवाल तथा संस्थापक अध्यक्ष कविता धुत ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण का लाभ लेने के लिए पंजीकरण कराना जरूरी हैं। पहले दिन 29 अगस्त गुरूवार तक पंजीकरण होगा। इस संबंध में संस्था की अध्यक्ष बीना देबूका, सचिव मोनिका बांकरेवाल एवं कोषाध्यक्ष पूजा मोदी ने बताया कि इस शिविर का लाभ लेने वाला विकलांग बिना किसी सहारे के चल सकता हैं। पहाड़ पर भी चढ़ सकता हैं। साइकिल चला सकता हैं। नृत्य कर सकता हैं। खेत में काम कर सकता हैं। जरूरतमंद दिव्यांग इसका लाभ अवश्य उठायें। इसे सफल बनाने में जेसीआई संस्था और स्व. मुन्ना बाबू गुप्ता ट्रस्ट के सभी सदस्य लगे हुए हैं।

## ट्रेनी महिला डॉक्टर रेप-मर्डर के विरोध में नौ रोटरी क्लबों का प्रदर्शन

**जमशेदपुर।** मंगलवार को कोल्हान क्षेत्र के नौ रोटरी क्लबों ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को एक ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ हुई बलात्कार और हत्या के विरोध में साकची की सड़कों पर रैली निकाली। साथ ही जिला उपायुक्त अनन्या मित्तल से मुलाकात की और सरकार से ऐसी घटनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। मौके पर रोटरी सदस्यों ने महिलाओं, खासकर मेडिकल प्रोफेशनल्स के खिलाफ होने वाले अपराधों पर चिंता व्यक्त की और सरकार से अस्पतालों में डॉक्टरों की सुरक्षा बढ़ाने और उनके लिए विशेष सुविधाएं प्रदान करने की मांग की। डीसी अनन्या मित्तल ने उनकी चिंताओं को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। रैली में जमशेदपुर पश्चिम, जमशेदपुर ग्रीन, चाईबासा रोटरी क्लब, जमशेदपुर रोटरी क्लब मेन, जमशेदपुर दलमा रोटरी क्लब, जमशेदपुर मिड टाउन, रोटरी क्लब जमशेदपुर फेमिना, रोटरी क्लब जमशेदपुर स्टील सिटी और रोटरी क्लब जमशेदपुर ईस्ट के सदस्य शामिल थे।

# इंडियन नेवी के हीरो सम्मानित, आज रांची में रक्षा राज्य मंत्री के साथ नाश्ता कर लौटेंगे मुख्यालय

- चांडिल डैम में डुबे दुर्घटनाग्रस्त प्रशिक्षण विमान और पायलटों का शव निकालने में निभाई भूमिका
- भारतीय नौसेना की सर्वे एवं गोताखोर टीम के वीर सैनिकों को पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने किया सम्मान


**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पांच दिनों के अथक प्रयास के बाद भारतीय नौसेना की सर्वे एवं गोताखोर टीम ने अंततः 26 अगस्त 2024 की रात 11 बजे चांडिल डैम गेट से छह किमी दूर 40 मीटर गहरे पानी में डूबे अलकेमिस्ट एविएशन के प्रशिक्षण विमान को निकाल कर अपना बचाव कार्य पूर्ण कर दिया। इसके पूर्व टीम ने विमान के पायलट और प्रशिक्षु पायलट का शव भी बरामद करने में मदद की। इस टीम की मेहनत, हिम्मत और समपर्ण की तारीफ पूरे राज्य में हो रही है। आज सरायकेला-खरसावां के डीसी रविशंकर शुक्ला और एसपी मुकेश लुणावत ने आदित्यपुर स्थित होटल क्रूज में टीम को सम्मानित कर उनके मदद के लिए कृतज्ञता जतायी तो पूर्व सैनिकों के संगठन ने भी उनका सम्मान होटल वेब इंटरनेशनल में किया। नेवी की टीम आज रात होटल वेब इंटरनेशनल में रात्रि भोज के पश्चात रांची के लिए रवाना हो गई। रांची में गुरुवार की सुबह सांसद एवं देश के रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ के आवास पर टीम उनके साथ नाश्ता करेगी, और फिर अपने विशेष विमान से मुख्यालय के लिए रवाना हो जायेगी। चांडिल डैम में प्लेन क्रैश के बाद एनडीआरएफ के हार मानने के पश्चात नेवी की विशेषज्ञ टीम भेजने का आग्रह सरायकेला-खरसावां जिला प्रशासन ने रक्षा राज्य मंत्री से की तो उन्होंने बिना देरी किये टीम को रवाना कर दिया था।

इधर, भारतीय मानवधिकार एसोसिएशन एवं पूर्व सैनिक सेवा परिषद की पूर्वी सिंहभूम इकाई ने भारतीय नौसेना के सर्वे एवं गोताखोर टीम को उनके कुशल नेतृत्व अदम्य साहस पूर्वक चांडिल डैम में दुर्घटनाग्रस विमान को निकालने के मिशन को पूरा करने के लिये सम्मानित करने का कार्यक्रम आज दिनांकः 27 अगस्त 2024 स्थानः वेव इंटरनेशनल होटल के सभागार में संध्याः 5:00 बजे से आयोजित किया गया। जैसा कि विदित हैं कि सोनारी एयरपोर्ट से एक ट्रेनिंग विमान दिनांकः 20 अगस्त को उड़ान भरने के 15 मिनट के बाद से ही ए टी सी से संपर्क टूट कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिसमें प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षु पायलट का मृत्य हो गया था। एन डी आर एफ की टीम द्वारा पूरी कोशिश के बाद जब विमान का पता नही चला तो स्थानीय प्रशासन के आग्रह और रक्षा राज्य मंत्री के सहयोग से भारतीय नौसेना की टीम ऑपरेशन में जुटी एवं विषम परिस्थितियों का सामना करते हुवे विमान की तलाश करने एवं 7 किलोमीटर दूर 40 मीटर गहरे पानी से साल्वेज बैग के सहारे ऊपर लाकर डैम के किनारे तक खींचकर लाया गया। जिसको डी जी सी ए की टीम को दुर्घटना के कारणों की जानकारी के लिये सौंपा गया। नौसेना की टीम द्वारा चलाये जा रहे अभियान में पूर्व सैनिक सेवा परिषद पुर्वी सिंहभूम का भी अतुल्यनीय सहयोग प्राप्त हुआ। इस ऐतिहासिक अभियान के नेतृत्व कर रहे कमांडर जनमेजय सिंह कमांडर वरुण गुप्ता लेफ्टिनेंट आर पी पटेल एवं मास्टर चीफ पेटीआफिसर आर एस सैनी के साथ साथ 20 सदस्यीय टीम का मनोबल बढ़ाते हुए शॉल, प्रतीक चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। यह ऑपरेशन सागर में सुई निकालने जैसा कठिन था। पूरे राज्य ही नही पूरे देश की नजर इस अभियान पर था। जिसको भारतीय नौसेना ने पूरा कर देश की शक्तिशाली सेना होने का विस्वास सिविल समाज को दिलाया। इस कार्यक्रम का संचालन पूर्व नौसैनिक सुशील कुमार सिंह धन्यवाद ज्ञापन भारतीय मानव अधिकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष एस एन पाल ने की।




नेवी टीम के लीडर का सम्मान करते सरायकेला के डीसी रविशंकर शुक्ला और एसपी मुकेश लुणावत और नेवी टीम का होटल वेब में स्वागत करते पूर्व सैनिक।



# पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार ने जमशेदपुर पूर्वी से मांगा टिकट

- पूर्व सांसद की दावेदारी से कार्यकर्ताओं में उत्साह, रोचक होगा चुनाव
- कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर को सौंपा दावेदारी पत्र



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पूर्वी सिंहभूम जिला के अंतर्गत आनेवाले छह विधानसभाओं में से सबसे हॉट सीट मानी जाने वाली जमशेदपुर पूर्वी (48) विधानसभा से विगत 25 अगस्त को जमशेदपुर के पूर्व सांसद, पूर्व आईपीएस, पूर्व झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं निवर्तमान एआईसीसी प्रभारी (ओडिशा, तमिलनाडु एवं पुडुचेरी) ड़ॉ अजय कुमार ने अपनी उम्मीदवारी का आवेदन पूर्वी सिंहभूम के कार्यकारी जिलाध्यक्ष (नगर) धर्मेन्द्र सोनकर को सौंपा। डा अजय को कांग्रेस से टिकट तय माना जा रहा है ऐसे में उनकी दावेदारी पत्र को औपचारिकता पूर्ति भर बताया जा रहा है। डा अजय के जमशेदपुर पूर्वी के चुनावी समर में कूदने से यहां बहुत ही रोचक मुकाबला मौजूदा विधायक सरयू राय के साथ होने की उम्मीद है जबकि भाजपा यहां मुकाबले को त्रिकोणी बनायेगी।

खबर मन्त्र से बातचीत के क्रम में धर्मेन्द्र सोनकर ने बताया कि जमशेदपुर के सर्वमान्य, गरीब-जरूरतमंदो के मसीहा एवं हरदिल अजीज नेता डॉ. अजय कुमार का जमशेदपुरू पूर्वी विधानसभा को एक अर्से से इंतजार था। डॉ. अजय कुमार की उम्मीदवारी का आवेदन, अन्य दो आवेदनों (धर्मेन्द्र सोनकर- जमशेदपुर पश्चिमी एवं सुरेंद्र कुमार झा उर्फ बब्लू झा-जमशेदपुर पूर्वी) के साथ उसी दिन रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में जमा भी करवा दिया गया है। धर्मेन्द्र सोनकर का दावा है कि जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा में डॉ. अजय कुमार को लेकर समाज के हर वर्ग में उत्साह स्पष्ट देखा जा सकता है। पारंपरिक नेताओं से बिलकुल अलग छवि रखने वाले, तेजतर्रार पूर्व आईपीएस एवं कुशल प्रबंधन क्षमता वाले डॉ अजय कुमार के आने से क्षेत्र के तमाम समीकरण बदल चुके हैं।



डा अजय के दावेदारी पत्र को प्रदेश कार्यालय में कार्यालय सचिव केशरी को सौंपते हुए धर्मेन्द्र सोनकर।

## एक नजर में

### आज चंपाई के गढ़ में दहाड़ेंगे सीएम हेमंत सोरेन




**गम्हरिया।** कोल्हान टाइगर चंपाई सोरेन के गढ़ सरायकेला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया में सीएम हेमंत सोरेन के 28 अगस्त के प्रस्तावित कार्यक्रम की धमक बढ़ाने कोल्हान के पार्टी के नेता, विधायको और मंत्रियों ने कमर कस लिया है। इसी क्रम में राज्य के मंत्री दीपक बिरुआ ने कोल्हान के सभी विधायकों के साथ मंगलवार को गम्हरिया के रपचा फुटबॉल मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर की गई तैयारियों का उन्होंने जायजा लिया। निरीक्षण के पश्चात गम्हरिया के रामचंद्रपुर स्थित एनटीपीसी गेस्ट हाउस में झामुमो के विधायक और मंत्रियों ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम के सफल आयोजन की रणनीति तैयार की। विदित हो कि गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत रपचा फुटबॉल मैदान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को कोल्हान प्रमंडल स्तरीय मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना में शामिल होंगे। वहां मुख्यमंत्री कोल्हान प्रमंडल की महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 1 हजार सहायता राशि भेजने का शुभारंभ करेंगे। चंपाई के विस क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम को हिट करने की जिम्मेदारी सीएम हेमंत ने कोल्हान के विधायकों, सांसद और मंत्रियों को दी है। इस दौरान मुख्य रूप से मंत्री दीपक बिरुवा, सांसद जोबा मांझी, विधायक रामदास सोरेन, विधायक दशरथ गागराई, विधायक सुखराम उरांव, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक संजीव सरदार, विधायक निरल पूर्ति, विधायक सविता महतो आदि मौजूद रहे।

### एनजीटी के नाम से कल्याणनगर और भुइयांडीह के लोगों में भ्रम फैला रही कांग्रेस : सुधांशु ओझा



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भुइयांडीह से सटे कल्याणनगर व इंद्रानगर के 150 मकान तोड़े जाने संबंधी नोटिस पर भाजपा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। मंगलवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कांग्रेस नेता डॉ अजय कुमार पर लोगों को आधारहीन बातों से भ्रमित करने का आरोप लगाया। सुधांशु ओझा ने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की ओर से लिखे गए पत्र में कल्याणनगर और इंद्रानगर समेत किसी भी बस्ती के अतिक्रमण का जिक्र नही है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि डॉ अजय के पास पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा कल्याण नगर और इंद्रा नगर के घरों को तोड़ने के बारे में एनजीटी को लिखा कोई पत्र है तो उसे जारी करें नहीं तो प्रेस वार्ता में सार्वजनिक रूप से की गई गलतबयानी के लिए माफी मांगे। कहा कि स्वयं के राजनीतिक विश्वसनीयता पर संघर्ष कर रहे डॉ अजय कुमार इस मामले में अपने झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार की करतूतों को छिपाने के लिए भाजपा पर झूठे और भ्रामक आरोप लगा रहे हैं। जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने स्पष्ट किया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पर्यावरण और स्थानीय समुदाय के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए दलमा और डिमना घाटी क्षेत्र से सटे इलाकों में प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण सुनिश्चित करने का आग्रह किया था। यह मामला सिर्फ और सिर्फ पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा है और इसमें किसी भी बस्ती का कोई जिक्र नहीं है। परंतु राजनीति में अप्रासंगिक हो चुके डॉ अजय कुमार आज अपनी पार्टी की कार्यशैली के अनुरूप झूठे आरोपों के सहारे अपनी खोई हुई साख वापस पाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पर्यावरण संरक्षण के इस मुद्दों को इंद्रानगर और कल्याण नगर से जोड़कर राजनीतिक रंग देने में लगी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा पर्यावरण की रक्षा के लिए उठाये गये कदमों को कांग्रेस ने झूठे और भ्रामक आरोपों के माध्यम से बदनाम करने की कोशिश की है। वहीं, जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा बहुत ही सुलझे नेता होने के साथ पर्यावरण, जनजातीय संरक्षण और कृषि के मुद्दों पर सक्रिय रूप से मुखर रहे हैं। ऐसे में साफ है कि कांग्रेस के पास न तो कोई ठोस नीति है और न ही कोई विजन, इसलिए वे अनर्गल आरोप लगाकर राजनीति कर रही है। भाजपा जनहित और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और सदैव रहेगी। इसके साथ ही जिलाध्यक्ष ने कांग्रेस द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के पुतला दहन को ओछी राजनीति का परिचायक बताते हुए इसकी निंदा की है।

### जुस्को के बिजली उपभोक्ताओं को भी 200 यूनिट तक बिजली पर सब्सिडी मिले : सरयू राय



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय ने मांग की है कि जैसे जेवीबीएनएल के उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली पर सब्सिडी मिलती है, वैसे ही जुस्को क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भी 200 यूनिट तक सब्सिडी मिले। यहां जेबीवीएनएल महाप्रबंधक के कार्यालय में हुई बैठक में श्री राय ने टेल्को आजाद मार्केट में जुस्को की बिजली का भी मुद्दा उठाया। इस पर टाटा स्टील यूआइएसएल के जीएम श्री वीपी सिंह ने कहा कि जुस्को बिजली देने के लिए तैयार है। उपयुक्त फिजिबिलिटी के आधार पर जल्द ही नेटवर्क बिछाने का काम शुरू किया जायेगा। बैठक में जुस्को के जीएम वीपी सिंह ने बताया कि केबुल टाउन क्षेत्र में हर घर बिजली के लिए 29 अगस्त को हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। इस संबंध में आरपी को भी नोटिस दिया गया है। उन्होंने कहा कि जुस्को बिजली देने के लिए तैयार है। एक हफ्ते के भीतर छायानगर सब स्टेशन का उद्घाटन हो जाएगा और 15 सितंबर तक बागुनहातू सब स्टेशन काम करना शुरू कर देगा। सितंबर के अंतिम हफ्ते तक मोहरदा क्षेत्र के लिए सब स्टेशन का निर्माण एवं बिजली के खंभे लगाने का कार्य पूर्ण हो जाएगा। श्री सरयू राय द्वारा बमार्माइंस के भक्तिनगर क्षेत्र में बिजली कनेक्शन के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि जुस्को नेटवर्क का काम पूरा हो गया है। अब वहां के निवासी जुस्को की बिजली के लिए आवेदन कर सकते हैं। जुस्को बिजली देने के लिए तैयार है।

## जिले में 20,748 मतदाताओं के नाम हटे, अब 18.54 लाख शुद्ध मतदाता

- डीसी ने की प्रेस वार्ता, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन को लेकर दी जानकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने जानकारी दी कि द्वितीय संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसएसआर-2024) के तहत मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। मतदाता सूची का अवलोकन सभी मतदान केंद्र व एईआरओ, ईआरओ कार्यालय तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में मतदाता कर सकते हैं। साथ ही ऑनलाइन माध्यम से भी मतदाता अपने नाम की जांच कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के फाइनल प्रकाशन में कुल 18 लाख 54 हजार 767 मतदाता सूचीबद्ध किये गये हैं जिसमें 9 लाख 27 हजार 747 पुरूष, 9 लाख 26 हजार 883 महिला एवं 137 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 20748 मतदाताओं का नाम विलोपित किया गया है।



## सर दोराबजी टाटा और मेहरबाई टाटा के त्याग के बुनियाद पर खड़ी है टाटा स्टील : चैतन्य भानु

- टाटा स्टील ने सर दोराबजी टाटा की 165वीं जयंती मनायी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने आज सर दोराबजी टाटा की 165वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनायी। मौके पर जमशेदपुर में सर दोराबजी टाटा पार्क में एक विशेष श्रद्धांजलि समारोह किया गया। कार्यक्रम में चैतन्य भानु, वाईस प्रेसिडेंट (ऑपरेशन्स), टाटा स्टील जमशेदपुर, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। साथ ही, डॉ. टी मुखर्जी, पूर्व डेप्युटी मैनेजिंग डायरेक्टर (स्टील), सम्मानित अतिथि और संजीव कुमार चौधरी, प्रेसिडेंट, टाटा वर्कर्स यूनियन, विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में शामिल हुए। मौके पर टाटा स्टील और समूह की अन्य कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी, टाटा वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी और जमशेदपुर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में, चैतन्य भानु ने सर दोराबजी टाटा के भारतीय औद्योगीकरण और राष्ट्र के समग्र विकास में उनके अमूल्य योगदान को याद किया। बताया कि किस प्रकार संकट के दौर में सर दोराबजी टाटा और मेहरबाई टाटा ने टाटा स्टील को पुनर्जीवित करने के लिए अपनी पूरी संपत्ति को समर्पित कर दिया था।





जयंती समारोह को संबोधित करते मुख्य अतिथि चैतन्य भानु और सर दोराब जी टाटा की प्रतिमा के सामने खड़े अतिथिगण।

# कृष्ण जन्माष्टमी पर यदुवंशी समाज ने निकाली शोभा यात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कृष्ण जन्माष्टमी पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी यदुवंशी समाज ने कृष्ण उत्सव यात्रा एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान से साकची आम बगान मैदान तक भव्य जुलूस के साथ यदुवंशी युवा और महिलाओं ने यात्रा की। जुलूस में हजारों लोग शामिल थे। इस जुलूस में हरी कीर्तन मंडली और राधा कृष्ण की झांकी सम्मिलित थी, जो जुलूस का आकर्षण केंद्र था। डी जे में युवा ने खूब आनंद लिया। इस जुलूस में डिसपी धर्मेंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व सांसद एवं आइएस ऑफिसर डॉ अजय कुमार, विजय यादव, मिथलेश यादव, डॉ आर एन राय, यादव महासभा के अध्यक्ष पीतांबर दास, आनंदमय पात्रा, जोगिंदर यादव, कीशोर यादव, सुभाष यादव, अजीत यादव, सागर यादव, जे पी यादव, दीपक यादव समाज के वरिष्ठ लोग सम्मिलित हुए।

शोभा यात्रा में शामिल विजय कुमार यादव, नटटू झा व पूर्व सांसद डा अजय व मिथिलेश सिंह यादव और शोभा यात्रा में शामिल यदुवंशी महिलाएं।

## जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में टेक महिन्द्रा का पूल कैंपस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेन्स यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों के लिए रोजगार के स्वर्णिम अवसर उपलब्ध कराते हुए महिन्द्रा टेक के द्वारा कैम्पस सेलेक्शन किया गया। कुल 2000 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड के बड़कागाँव की युवा विधायक अंबा प्रसाद, माननीय कुलपति प्रो डॉ अंजिला गुप्ता, हेड कैम्पस हायरिंग बीपीएस प्रत्युष राहुल, कैम्पस हायरिंग कार्तिक, प्लेसमेन्ट को ऑडिनेटर डॉ रत्ना मित्रा एवं प्लेसमेन्ट सदस्य डॉ कामिनी कुमारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो डॉ अंजिला गुप्ता द्वारा की गयी। माननीय कुलपति ने अपने स्वागत भाषण में उपस्थित सभी जनों का स्वागत करते हुए कहा कि यह बड़ी खुशी की बात है झारखण्ड के 15000 विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। जमशेदपुर वीमेन्स यूनिवर्सिटी को एक स्वर्णिम अवसर प्राप्त हुआ है कि पूल कैंपस प्लेसमेन्ट के द्वारा कोल्हान क्षेत्र के विद्यार्थियों को बे बेहतरीन अवसर प्रदान करे और सशक्त करे।


# अवध डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में धूमधाम से मनाया गया अवध उत्सव

- रंगारंग कार्यक्रमों के जरिए छात्र छात्राओं ने दी संस्थापक को श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एनएच-33 पर स्थित अवध डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल परिसर में धूमधाम से संस्थापक अवध बिहारी सिंह की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। मौके पर डेंटल कॉलेज की चेयरमैन मंगलावती देवी और उनके पुत्र सह गजेंद्र सिंह और कॉलेज के निदेशक केएनपी सिंह ने संस्थापक की आदमकद प्रतिमा पर प्रध्यापकों एवं छात्र- छात्राओं संग श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

इसके पश्चात मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए निदेशक केएनपी सिंह ने कहा कि अवध डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल एवं अवध होटल मैनेजमेंट के संस्थापक स्व. अवध बिहारी सिंह एक दूरदर्शी व्यक्तित्व थे जिन्होंने दशकों तक टाटा ग्रुप में सेवा देने के पश्चात अवध ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के जरिए चिकित्सा एवं अन्य पेशेवर शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड को मिल का पत्थर बनाने का सपना देखा था। अवध डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल उनके द्वारा विजन के तहत स्थापित किया गया पहला चिकित्सा शिक्षा संस्थान है जो अब पूर्वी भारत में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। हमें खुशी है कि होटल मैनेजमेंट संस्थान भी बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। जल्दी ही अवध आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का भी शुभारंभ इसी कैंपस में किया जायेगा। इसके प्रथम चरण में ओपीडी की सुविधा पहले ही शुरु कर दी गयी है।





रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं और रंगारंग कार्यक्रम देखती चेयरमैन मंगलावती देवी, उनके पुत्र सह वाइस चेयरमैन गजेंद्र सिंह व संस्थान परिवार के सदस्यगण।

## मंत्री लगातार चला रहे हैं जन संवाद, मेराल के दर्जन भर गांवों में सुनी ग्रामीणों की समस्या

# जन सेवा के लिए समर्पित है मेरा जीवन : मंत्री मिथिलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार जनसंवाद कार्यक्रम चला रहे हैं। वे प्रतिदिन विभिन्न प्रखंडों में एक दर्जन से अधिक गांवों में भ्रमण कर जनसंवाद के माध्यम से लोगों से रू-ब-रू हो रहे हैं एवं उनकी समस्याओं का निदान भी कर रहे हैं। इस क्रम में मंत्री ने मंगलवार को मेराल प्रखंड के चेचरिया एवं खोरीडीह पंचायत के दर्जन भर गांवों में जनसंवाद किया। इस दौरान चेचरिया प्रखंड के ग्राम बाजुडीह में देवी धाम के समीप, ग्राम बोकेया में देवी धाम के समीप, ग्राम खोलरा में स्कूल के समीप, ग्राम छपरवार खुर्द में दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम चेचरिया में पंचायत भवन के समीप, ग्राम अटौला में शिव मंदिर के समीप, पंचायत खोरीडीह के ग्राम तरके में उमवि तरके के समीप, ग्राम औरईया के टोला लिखनिया में शिव स्थान के समीप, ग्राम औरईया एवं हारनदुबे का औरईया स्कूल के समीप, ग्राम छपरवार कला में शिव स्थान का समीप, ग्राम खोरीडीह में रविदास मंदिर के समीप जनसंवाद का आयोजन किया।


ग्रामीणों को संबोधित करते मंत्री।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जन सेवा ही मेरे जीवन का उद्देश्य है। अपना जीवन जन सेवा के लिए समर्पित कर चुका हूं। गढ़वा की जनता ने मुझे अपना सेवक चुना और सेवा करने का मौका दिया, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आज गढ़वा वासियों के आशीर्वाद से मैं लोगों का बेहतर सेवा करने के काबिल बना हूं। किसी भी परिस्थिति में मैं गढ़वा वासियों की सेवा करने, क्षेत्र का विकास करने का मौका कोई भी मौका मैं गंवाना नहीं चाहता। यही कारण है कि प्रतिदिन प्रत्येक गांव और प्रत्येक टोला में घूम-घूम कर सभी लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उसे दूर कर रहा हूं। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, प्रमुख दीपमाला, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, उदय पाल, अजय राम, गंगा राम, राजेंद्र चौधरी, मंजय राम, हरि प्रसाद राम, सिकेश कुमार, नरेश चौधरी, ब्रजेश राम, मो. इब्राहिम खान, अशोक साव, धनंजय चौधरी, रंजन कुमार चौधरी, सुनेश्वर चौधरी, कमलेश चौधरी, अमृत चौधरी, श्याम बिहारी वर्मा, सुनील कुमार, लव कुमार, गुड्डू कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# परिवारवाद की जगह भाजपा में नहीं : रामाशीष यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** केंद्र सरकार के सलाहकार सदस्य एवं भाजपा के युवा नेता रामाशीष यादव पूरे जोर शोर के साथ जनसंपर्क कर रहे हैं। मंगलवार को उन्होंने विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में भ्रमण कर जनसंपर्क किया। सर्वप्रथम वे मझिआंवा के टड़हे बाजार पहुंचे। यहां उनके समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात वे लावाचम्पा आदर, लेवाटांड़ आदर, सेमरी विद्यालय, नावाडीह, जतरो बंजारी, कुसुमिया दामर, खरसोती आदि जगहों पर गए। जनसंपर्क यात्रा के दौरान उनके साथ कई समर्थक चलते हुए नजर आये। वे जहां भी गए, अपने युवा नेता से मिलने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों का कहना है कि रामाशीष यादव उनकी पहली पसंद हैं। युवा शक्ति ही अब विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा का कायाकल्प कर सकती है। लोगों द्वारा मिले अत्यंत स्नेह से रामाशीष यादव भावविभोर हो उठे। जनसभा के दौरान उन्होंने लोगों से आभार प्रकट करते हुए बिश्रामपुर की बदहाली पर गहरा शोक जताया। उन्होंने ग्रामवासियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि बिश्रामपुर विधानसभा को अब और परिवारवाद की भेंट नहीं चढ़ने देंगे। गरीबों को उनका हक दिलवा कर रहेंगे। आगे कहा कि बिश्रामपुर की तरक्की के लिए रण में उतर चुका हूं, अब चाहे जिससे भी लड़ाई लड़नी पड़े लड़ूंगा। परिवारवाद भाजपा की नीति नहीं है न इसके लिए जगह। मौके पर उदेश चौधरी, दशरथ साव, बैद्यनाथ राम, असरेश पॉल, शिवनाथ चौधरी, सीताराम साव, मनोज चौधरी, राजेश पाल, परशु राम, प्रयाग चौधरी, सुशील कुमार, प्रिंस कुमार ठाकुर, सतेंद्र प्रजापति, करीमन राम, तूफानी मेहता, सुशील यादव, अभिनाश कुमार, रामाशीष पासवान, अभय यादव, अजय पासवान, सतेंद्र यादव, अनिल विश्वकर्मा, विक्रम चौधरी, संजय साव, शंकर राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


जनसंपर्क करते रामाशीष यादव।

## रात्रि 12 बजे हर मंदिर में बाल कृष्ण का धूमधाम से मना जन्मोत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा/डंडई।** गढ़वा जिले के प्रत्येक मंदिरों में रात्रि 12 बजे भगवान बाल कृष्ण का भावपूर्ण जन्मोत्सव मनाया गया। जिले के श्री बंशीधर मंदिर में इसे लेकर भव्य आयोजन किया गया। वहीं जिला मुख्यालय के बिहारी मंदिर सहित सभी मंदिरों में जनमोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। रंका मोड़ सहित शहर के कई स्थानों पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन प्रखंड मुख्यालयों एवं कई गावों में भी किया गया। डंडई प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न मंदिरों में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरो में काफी रौनक देखी गई। श्रद्धालुओं ने व्रत रख भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना की। पर्व को लेकर मंदिरों में विशेष रूप तैयारी की गई थी। इस दौरान बच्चों ने श्री कृष्ण, राधा, शंकर भगवान का भेष धारण कर भगवान का लीला और भजन गाकर माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया।


भगवान श्री कृष्ण एवं राधिका।

## मंत्री ने किया झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** अलग झारखंड राज्य गठन के लिए किए गए आंदोलन में विशिष्ट योगदान करने वाले आदांलनकारियों को झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गढ़वा समाहरणालय में आयोजित इस कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिला अंतर्गत कुल 116 आंदोलनकारियों की सूची गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड, रांची से प्राप्त हुई है। जिसमें से 68 आंदोलनकारियों को 26 जनवरी 2024 एवं 15 अगस्त 2024 के अवसर पर सम्मानित किया जा चुका है। शेष बचे हुए 48 आंदोलनकारियों को आज सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि वह आंदोलनकारियों ने सम्माजनक पेंशन राशि एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करेंगे। डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि आंदोलनकारियों को सम्मानित करते से गर्व की अनुभूति हो रही है। इस मौके पर आंदोलनकारियों ने भी अपने अपने अनुभव से लागों को अवगत कराया। सम्मानित होने वाले आंदोलनकारियों में वीरेंद्र तिवारी, नवरंग तिवारी, कामेश्वर उपाध्याय, कबूतरी देवी, सुदर्शन सिंह चेरो, शिवकुमार सिंह, विनोद विश्वकर्मा, रामनारायण राम, नरेश बैठा आदि समेत 48 आंदोलनकारियों के नाम शामिल हैं। मौके पर एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।


सम्मानित करते मंत्री।

## बच्ची को बचाने के क्रम में अधेड़ की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के टाटीदीरी पंचायत अंतर्गत तेनुआही टोला में तालाब मे डुबने से एक दो वर्ष की बच्ची व 41 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तेनुआही टोला स्थित एक तालाब मे स्व. कमलेश कोरबा की दो वर्षीर्या पुत्री खुशी कुमारी नहाने के दौरान गहरे पानी में डुबने लगी। खुशी को डूबता देख 41 वर्षीय जोधू कोरवा उसे बचाने के लिए तालाब मे छलांग लगा दिया। तभी उसी तालाब में पहले से कुआं भी खोदा गया था। उसी क्रम पानी से भरे तालाब के गहरे पानी मे वह भी डुब गया और उसकी मौत हो गई। घटना के संबंध में थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि धुरकी थाना क्षेत्र के ग्राम टाटीदीरी तेनुवाही टोला के दो वर्षीय बच्ची खुशी कुमारी पिता स्व. कमलेश कोरवा अहरा बांध में डूब गई थी, जिसे बचाने के लिए ग्रामीण जोधू कोरवा अहरा में छलांग लगाया था। दोनों की डूबने के कारण मृत्यु हो गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया दिया गया है।



## चिनियां में मटका फोड़ कार्यक्रम

**चिनिया।** गढ़वा जिले के चिनियां प्रखंड के देवी धाम के समीप जन्माष्टमी के अवसर पर मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पांच टीमों चिनिया आर्यन क्लब, नयवयुक क्लब, जीएम ए, जीएम बी, टाईगर टीम ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चिनियां थाना प्रभारी मौजूद थे। विजेता टीम को मुख्य अतिथि के पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर अरविंद यादव, बंशीधर यादव, मो. फरीद खान, बंधु राम, मो. यासीन मलिक सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


मटका फोड़ते लोग।

## स्तरोन्नत उवि सोहगड़ा में एसएमसी का पुनर्गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड के शिवपुर संकुल अंतर्गत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय सोहगड़ा में मंगलवार को एसएमसी का पुनर्गठन किया गया। बीआरसी द्वारा प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक सीआरपी धर्मेन्द्र कुमार दुबे के देखरेख में पुनर्गठन शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। जिसमें संगीता देवी को अध्यक्ष, उषा देवी को उपाध्यक्ष व सरिता देवी को संयोजिका पद के लिए सर्वसम्मति से चयन किया गया। मौके पर जिला पार्षद नेहा कुमारी, मुखिया ललित बैठा, हेडमास्टर पीटर मिंज, जिला पार्षद प्रतिनिधि सुजीत कुमार रजक, शिक्षक विनोद मिस्त्री, राम किशुन राम सहित कई अभिभावक उपस्थित थे।

## उद्घाटन के नौ वर्ष बाद ही डंडई प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन हुआ जर्जर, टपक रहा पानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

डंडई। प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन उद्घाटन के 9 वर्ष बाद ही काफी जर्जर हो गया। प्रखंड कर्मी यहा जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं। प्रखंड कार्यालय के अंदर अधिकतर कमरों मे छत से रिसकर पानी टपक रहा है। कई कमरों में जल का जमाव भी देखा गया। कर्मचारी पानी सुखा सुखा कर इस बीच कार्य करने को मजबूर है। फिर भी पानी का जमाव हो रहा है। ज्ञात हो कि डंडई प्रखंड कार्यालय भवन का शिलान्यास तात्कालिक विधायक रामचंद्र केशरी ने 29 जुलाई 2004 में किया था। करीब 10 वर्षों तक निमार्णाधीन रहने के बाद 2015 में प्रखंड कार्यालय नये भवन में शिफ्ट हुआ था। प्रखंड कर्मी प्रखंड कार्यालय के ऊपरी तल्ले पर भी काम करते हैं। इस तल्ले पर करीब 10 कमरे हैं। सभी में छत से पानी टपकता है। इन कमरों की दीवारें भी फट गयी है। ऊपरी छत का पलास्टर झड़ चुका है। वही भवन के बाहर का छाजा भी गिर गया है। बरसात के दिनों में सरकारी कागजातों को पानी से बचाना मुश्किल हो जाता है। अंचल सहायक नुमान अंसारी ने बताया कि प्रखंड कार्यालय भवन का कोई भी रूम अछूता नहीं है। सभी कमरों में छत से पानी रिस रिस कर पानी टपक रहा है। वही फर्श पर भी पानी का जमाव हो जा रहा है। हम लोग डरे सहमें में होकर काम कर रहे हैं।

# भवनाथपुर में धूमधाम से मना जन्माष्टमी महोत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न मंदिरों एवं पंडालो में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गय। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर टाउनशिप दुर्गा मंदिर परिसर में दही हांडी प्रतियोगिता की धूम रही।इस प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय लोगों के बीच उत्साह और जोश से हुआ। दही हांडी प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों ने हिस्सा लिया। 25 फीट की ऊँचाई पर लटकाई गई दही हांडी को तोड़ने के लिए अपनी पूरी ताकत लगाई। टीमों ने अपनी कुशलता, सामर्थ्य और रणनीति का उपयोग करते हुए दही हांडी को तोड़ने की कोशिश की। उत्सव के दौरान स्थानीय कलाकारों ने कृष्ण लीला और भजन गाकर माहौल को और भी भव्य बना दिया। बच्चों और युवाओं ने हांडी तोड़ने की प्रतियोगिता में अपनी-अपनी टीमों को समर्थन दिया। क्षेत्र के टाउनशिप दुर्गा मंदिर प्रांगण स्थित राधे कृष्ण मंदिर, हाई स्कूल के समीप, झगराखाड़, चपरी, मकरी, अरसली, पंडरिया, कैलान सहित कई जगहो पर पूजा की गई। टाउनशिप दुर्गा मंदिर के सचिव शिवपूजन यादव, जसवंत चौबे, गणेश सिंह, प्रदीप चौबे, बुचून सिंह, ध्रुव नारायण दुबे, दिवाकर चौधरी, अजय सोनी, दिनेश कुमार, अमन कुमार सोनी, लाल बाबू गुप्ता, प्रथम चौबे, सत्यम पांडेय, सुमित कुमार, प्रिंस कुमार, अशोक पांडेय, मनोज कुमार गुप्ता, सुमित कुमार पूजा को सफल बनाने में लगे हुए थे। वही हाई स्कूल के बगल में यूथ क्लब बुका भव्य पंडाल बनाकर पूजा अर्चना की गई। पूजा को सफल बनाने में मनीष कुमार मेहता, लव कुमार, प्रीतम कुमार, रवि कुमार, बिट्टू कुमार, बिट्टू सिंह, अंकित कुमार, पिंटू कुमार, अमन कुमार अभिषेक, श्रीकांत, कुश कुमार, धर्मेंद्र कुमार अनिल पासवान पूजा को सफल बनाने में लग हुए थे।


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

## स्पीड न्यूज


### पूर्वी चंपारण में युवक का शव बरामद

**मोतिहारी।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासाहन थाना क्षेत्र से पुलिस ने मंगलवार को बोरा में बंद एक युवक का शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि स्थानीय लोगों से मिली सूचना के आधार पर ललुआ निमोईया गांव से बोरा में बंद एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान निमोइया गांव निवासी रामजी साह के पुत्र विकास उर्फ विक्की (18) के रूप में की गयी है।

### पटना का मौसम हुआ सुहावना, कुछ जिलों में यलो अलर्ट जारी

**पटना।** बिहार में मंगलवार सुबह लगभग आठ बजे हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया हे।हल्की हल्की चल रही ठंड हवाएं लोगों को गर्मी से राहत दे रही है। इस बीच मौसम विभाग ने पटना सहित बिहार के अन्य 20 जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने बिहार 20 जिलों में मेघ गर्जन तथा आकाशीय बिजली की चेतावनी देते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने पटना और कई जिलों में मंगलवार को बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। राजधानी पटना समेत बिहार के अलग-अलग जिलों में बादलों की आवाजाही बने होने के कारण कुछ स्थानों पर छिटपुट तो कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है। बिहार में मानसून की गतिविधि भी सामान्य है। फिलहाल अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। बिहार में कई जगह तेज आंधी चलने के आसार हैं। मौसम को लेकर विभाग ने लोगों का अलर्ट रहने को कहा है। पटना, बेगूसराय, दरभंगा, कटिहार, गया, किशनगंज, पूर्णिया, समस्तीपुर, मधुबनी समेत 20 जिलों में जमकर बारिश होने के आसार हैं।

### मध्य रात्रि में जन्म के साथ ही झूम उठे भगवान श्रीकृष्ण के भक्त



**अररिया।** अररिया के विभिन्न मंदिरों और पूजा पंडालों में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव सोमवार को मनाया गया। मध्य रात्रि को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ ही मंदिरों में मौजूद भगवान श्रीकृष्ण के भक्त झूम उठे और मंदिर हरे कृष्ण हरे कृष्ण से वातावरण गूंज उठा। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर मंदिरों को गुब्बारे और रंग बिरंगे पताकों से विशेष ढंग से सजाया गया था, जहां देर शाम के बाद मंदिरों में होने वाले पूजा अर्चना के लिए भक्त जमा होने लगे थे और रातभर भक्तों का मंदिरों में आवाजाही होते रही। विशेष पूजा अर्चना में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के मौके पर माखन मिश्री की विशेष भोग लगाईं गई, जिसे पूजा उपरांत भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में वितरित किया गया।कई मंदिरों में शाम से ही विशेष भजन कीर्तन का आयोजन किया गया था। जहां पूजा अर्चना के साथ भजन कीर्तन का दौर रातभर चला। भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर रात में पूरा माहौल भक्तिमय रहा।

## खबर एक नजर में

### बीडीओ के साथ मारपीट मामले में एक गिरफ्तार

**श्री बंशीधर नगर।** भवनाथपुर पुलिस ने बीडीओ नन्दजी राम के साथ की गई मारपीट के मामले में सुबन राउत पिता स्व. बैजनाथ राउत नामक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वह भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बुका गांव का रहने वाला है। यह जानकारी एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित कर दी। उन्होंने बताया कि गत सोमवार को भवनाथपुर बीडीओ के साथ भवनाथपुर बाजार में मारपीट की घटना घटी थी। मामले में बीडीओ के द्वारा दो लोगों के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज कराया गया था। एसडीपीओ ने बताया कि बीडीओ के आवेदन पर मामला दर्ज होने के बाद भवनाथपुर के थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में पुअनि प्रदीप कुमार एवं पुलिस के जवानों ने छापेमारी कर भवनाथपुर से सुबन राउत नामक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान उसने बताया कि पेंशन आदि को लेकर बीडीओ से पूर्व से खुन्नस था उसी को लेकर जाम हटाने के क्रम में बीडीओ के साथ मारपीट की घटना घटित हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सुबन राउत को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। साथ ही एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है।

### उपेन्द्र कुशवाहा और मनन मिश्रा निर्विरोध चुने गए राज्यसभा सांसद



**पटना।** बिहार में राज्यसभा उप चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा आज निर्विरोध निर्वाचित हुए। राज्यसभा उप चुनाव के लिए मंगलवार को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि थी। हालांकि इस उप चुनाव में राजग ने श्री कुशवाहा और श्री मिश्रा को अपना उम्मीदवार बनाया था। इन दोनों प्रत्याशियों के अलावा किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया था। इसलिए, विधानसभा सचिव ने नाम वापसी का समय समाप्त होने के बाद श्री कुशवाहा और श्री मिश्रा को जीत का प्रमाण पत्र दिया।

### राजगीर खेल अकादमी का 29 अगस्त को होगा उद्घाटन, महिला हॉकी टीम का प्रदर्शनी मैच

**पटना।** बिहार में राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को राजगीर खेल अकादमी का उद्घाटन होगा, जिसमें एशियन खेल की विजेता भारतीय महिला हॉकी टीम का प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया जायेगा। खेल विभाग के प्रधान सचिव डॉ. बी. राजेन्दर ने मंगलवार को यहां बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण और भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि की उपस्थिति में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राज्य में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वतंत्र रूप से खेल विभाग का गठन किया गया है। पूर्व में राज्य सरकार द्वारा राजगीर के 90 एकड़ भूखंड पर करीब 750 करोड़ रुपये की लागत से राज्य खेल अकादमी -सह- अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण के लिये प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी थी।

### जान जोखिम में डाल बच्चे विद्यालय जाने को मजबूर



**नवादा।** नवादा जिले के रजौली प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों तेज बारिश हो रही है। जिससे किसानों के चेहरे खिले हैं। लेकिन यही बारिश उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुम्हरुआ में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों के लिए जान का ग्राहक बनी है, क्योंकि लगातार हो रही झमाझम बारिश से बरसाती नदी और नाला उफान पर है। ऐसी स्थिति में कुम्हरूआ उत्क्रमित मध्य विद्यालय में विद्यालय जाने के लिए एक बरसाती नाला को पार करना पड़ता है। जिसमें लगभग तीन से पांचफीट तक पानी आ जाती है और तेज बहाव होने के कारण बच्चों को स्कूल जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हालांकि बरसात के दिनों में पानी की तेज बहाव से बचने के लिए विद्यालय के समीप बरसाती नाले के ऊपर एक पुलिया का निर्माण किया गया है। ताकि छात्र और छात्राओं सहित शिक्षकों को विद्यालय जाने में कोई कठिनाई ना हो। लेकिन उक्त बरसाती नाला पर तो ठेकेदारों ने तो पुल बना ही दिया लेकिन अप्रोच पथ बनाना शायद भूल गया। एप्रोच पथ नही रहने के कारण बच्चों को पानी में घुसकर विद्यालय जाना पड़ता है। जिससे डूबने की खतरा बनी हुई रहती है।उक्त विद्यालय में तीन महिला शिक्षिका भी कार्यरत हैं। ऐसे स्थिति में विद्यालय जाने के लिए उन्हें भी बरसाती नाले की गंदी पानी मे घुसकर जाना पड़ता है।

### पटना में चीफ इनकम टैक्स कमिश्नर के आवास पर छापेमारी

**पटना।** घूसखोरी के मामले में आयकर विभाग की टीम ने अपने ही वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ एक्शन लिया है।आयकर की टीम ने पटना में चीफ इनकम टैक्स कमिश्नर के पटना स्थिति आवास पर छापेमारी की है। सीबीआई की टीम ने एक दिन पहले ही धनबाद में पोस्टेड मुख्य आयकर आयुक्त संतोष कुमार को 10 लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। इनकम टैक्स की राशि में फजीर्वाड़ा और टैक्स चोरी को मैनेज करने के एवज में चीफ इनकम टैक्स कमिश्नर किसी शख्स से 10 लाख रुपये घूस ले रहे थे, तभी सीबीआई की टीम ने उन्हें अरेस्ट कर लिया था जबकि उनके एक करीबी को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

### सोशल मीडिया पर युवक के साथ अमानवीय कृत्य का वीडियो वायरल,आरोपी गिरफ्तार

**अररिया।** अररिया में एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवक को चोरी के आरोप में कुछ लोगों ने पकड़ रखा है और उनका हाथ बांधकर उनके साथ अमानवीय कृत्य कर रहा है।युवक का पैंट खोलकर उनके गुप्तांग में मिर्ची का पाउडर उधेड़ने जाने जैसे कृत्य को अंजाम दिया जा रहा है। चोरी के आरोप में पकड़ा गया युवक इस कृत्य से कराह रहा है। बावजूद इसके चारों ओर जमा भीड़ न तो उसका बचाव कर रही है और इस तरह के कृत्य को करने वाले को रोक रही है।अलबत्ता मौजूद कुछ लोग मोबाइल पर वीडियो बनाने से जरूर रोकने की कोशिश कर रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद अररिया जिला पुलिस तुरंत एक्शन में आई और वायरल वीडियो का तकनीकी शाखा से सत्यापन कराया गया। तकनीकी शाखा के द्वारा वीडियो के नगर थाना क्षेत्र के इस्लामनगर के होने की पुष्टि की गई। जिसके उपरांत नगर थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर संजीव कुमार के द्वारा अररिया नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया।

### बिहार के भागलपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की आधी रात महसूस किये गये भूकंप के झटके

भागलपुर। बिहार में सोमवार आधी रात लगभग 12:50 बजे भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप का केन्द्र झारखंड के संथाल परगना जिले के रामगढ़ में था, जो कि भागलपुर से 200 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में आता है। इसलिए भूकंप के झटके अनुभव बिहार के भागलपुर और आसपास के क्षेत्रों में महसूस किए गए, जिसका भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.5 मापी गई। हालाँकि, भूकंप का असर बहुत ज्यादा नहीं था। किसी प्रकार की क्षति की सूचना नहीं मिली। जिन्हें झटके महसूस हुए वो घरों से बाहर निकल गए। भागलपुर में देर रात करीब 12:50 बजे लोगों को कंपन महसूस हुआ। जन्माष्टमी के जश्न के बीच यह भूकंप आया और अधिकांश लोग उस समय सो रहे थे या मंदिरों में जागरण कर रहे थे। कुछ लोगों ने हल्के झटके महसूस किए और इसके बारे में सोशल मीडिया पर जानकारी साझा की। भूकंप से अब तक कोई नुकसान की खबर नहीं है।

स्पीड न्यूज

## सुनील शेट्टी ने शुरू की हंटर 2 की शूटिंग



मुंबई । बॉलीवुड के माचो हीरो सुनील शेट्टी अपनी आने वाली एक्शन थ्रिलर सीरीज हंटर 2 की शूटिंग शुरू कर दी है। शेट्टी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर हंटर 2 की शूटिंग की एक झलक साझा की। एक्शन थ्रिलर हंटर के पहले सीजन में सुनील शेट्टी ने एसीपी विक्रम सिन्हा की मुख्य भूमिका निभायी थी। इसके अलावा इस सीरीज में ईशा देओल, राहुल देव, बरखा बिष्ट, मिहिर आहूजा, टीना सिंह, चाहत तेजवानी, करणवीर शर्मा, सिद्धार्थ खेर, गार्गी सावंत और पवन चोपड़ा भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## चीन का एक जासूसी विमान जापान में घुसा

**टोक्यो।** जापान ने अपने हवाई क्षेत्र में चीन के एक जासूसी विमान के लगभग दो मिनट तक मंडराने की घटना को गंभीरता से लिया है। जापान ने कहा है कि यह अस्वीकार्य है। जापान ने चीन के कार्यवाहक राजदूत को तलब कर हवाई क्षेत्र के उल्लंघन पर कड़ी आपत्ति जताई है। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने कहा कि सोमवार को चीन का वाई-9 टोही विमान कुछ समय के लिए हमारे देश के दक्षिण-पश्चिमी हवाई क्षेत्र में घुस आया था। हवाई क्षेत्र में विमान के घुसते ही सेना को अपने लड़ाकू विमानों को वापस बुलाना पड़ा।

## फिल्म इमरजेंसी को लेकर कंगना रनौत को धमकी

मुंबई। मशहूर बॉलीवुड एक्ट्रेस और भाजपा सांसद कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को लेकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। कंगना को जान से मारने की धमकी एक वीडियो संदेश के जरिए दी गई है। यह वीडियो मैसेज एक ग्रुप में आया है, इस ग्रुप ने कंगना को जूतों से पीटने और जान से मारने की धमकी दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा ये वीडियो सिख समुदाय का है। इस वीडियो में धमकी दी गई है कि अगर कंगना रनौत ने फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज की तो सभी सिख भाई तुम्हें मार डालेंगे। पहले थोड़ा खाया है, लेकिन अब चप्पल खानी पड़ेगी। मुझे यकीन है कि मैं एक सिख हूं, गौरवान्वित मराठी हूं। मैं जानता हूं कि एक सिख, एक मराठी, एक ईसाई और हर हिंदू तुम्हें जूते मारेगा।

## उमर अब्दुल्ला गांदरबल से लड़ेंगे विस चुनाव

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के गांदरबल क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने मंगलवार को 32 उम्मीदवारों की सूची जारी की है, जिसमें गांदरबल विधानसभा सीट के लिए उमर अब्दुल्ला का नाम भी शामिल है। नेशनल कॉन्फ्रेंस की दूसरी सूची के अनुसार कंगन (एसटी) से मियां मेहर अली, गांदरबल से उमर अब्दुल्ला, हजरतबल से सलमान अली सागर लड़ेंगे। केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तीन सितंबर तक बढ़ी

## केजरीवाल की हिरासत तीन सितंबर तक बढ़ी

नयी दिल्ली। दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले में सीबीआइ के मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को तीन सितंबर तक के लिए बढ़ा दी गई। दिल्ली की राउज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री की न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश पारित किया दी। केजरीवाल के खिलाफ दायर सीबीआई के पूरक आरोपपत्र पर अपना फैसला तीन सितंबर तक के लिए सुरक्षित रख लिया।

# भाजपा का बंगाल बंद आज

## बंगाल पुलिस की बर्बरता के खिलाफ प्रदर्शन करेगी भाजपा

▸▸ सुबह छह से शाम छह बजे तक हड़ताल : मजूमदार

एजेंसी

**कोलकाता ।** राज्य सचिवालय घेराव के लिए छात्रों के आह्वान पर सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारियों पर पश्चिम बंगाल और कोलकाता पुलिस की बर्बरता के खिलाफ भाजपा ने बुधवार को भी बड़े पैमाने पर प्रदर्शन का एलान किया है। भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को 12 घंटे के बंगाल बंद का आह्वान किया है, जिसमें उन्होंने पुलिस पर नवान्न अभियान के दौरान डर फैलाने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने पहले ही छात्र समाज के नवान्न अभियान का बाहरी समर्थन करने की घोषणा की थी और अब बंगाल भाजपा ने खुलकर छात्र समाज के समर्थन में खड़े होते हुए यह बंद बुलाया है। मंगलवार को नवान्न अभियान के दौरान आंदोलनकारी छात्रों के खिलाफ पुलिस की लाठीचार्ज, आंसू गैस और वाटर कैनन का उपयोग किया गया। इसके बाद भाजपा ने इस शांतिपूर्ण महिला और छात्रों के प्रदर्शन के समर्थन में पूरे राज्य में 12 घंटे के बंद का ऐलान किया। भाजपा के राज्य अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बंगाल बंद की घोषणा की। उन्होंने बताया कि यह हड़ताल बुधवार सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक चलेगी। वहीं, तृणमूल कांग्रेस ने इस बंद का कड़ा विरोध किया है। तृणमूल नेता और राज्यसभा के पूर्व सांसद कुणाल घोष ने कहा कि यह बंगाल के खिलाफ साजिश है। किसी भी तरह के जाल में मत फंसें। कल बंगाल में कोई बंद नहीं होगा और जनजीवन सामान्य रहेगा। भाजपा के बंद को विफल करें। नवान्न अभियान के दौरान भाजपा ने पुलिस पर आरोप लगाया




कि उसने छात्र समाज के शांतिपूर्ण आंदोलन को दबाने के लिए अत्यधिक बल प्रयोग किया। इसके विरोध में बुधवार को भाजपा ने राज्यव्यापी 12 घंटे के बंद का एलान किया है। मजूमदार ने कहा कि हम परसों से धरना शुरू करेंगे। इसके अलावा, हम छात्र समाज को हर तरह की कानूनी और चिकित्सा सहायता देने के लिए हेल्पलाइन नंबर फिर से शुरू कर रहे हैं। यहां फोन कर आप कानूनी सहायता या सलाह प्राप्त कर सकते हैं। इस आंदोलन में सभी शामिल हों। यह आंदोलन भाजपा का नहीं है, बल्कि समाज का है। कुणाल घोष ने तृणमूल कांग्रेस की ओर से भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि यह छात्रों का आंदोलन नहीं है, बल्कि समाजविरोधियों का आंदोलन है। पुलिस ने केवल वही किया जो आवश्यक था। इसके बाद भाजपा ने बंगाल बंद का आह्वान किया, जिससे उनकी असलियत सामने आ गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग को लेकर पश्चिम बंगाल छात्र समाज ने मंगलवार को नवान्न अभियान का आह्वान किया था। राज्य पुलिस को जानकारी मिली थी कि इस अभियान में महिलाओं और छात्रों को आगे रखकर हिंसा भड़काने की कोशिश की जा सकती है। नवान्न और शहर के विभिन्न हिस्सों में बैरिकेड्स और कंटेनरों से घेराबंदी की गई थी। लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, प्रदर्शनकारियों की संख्या बढ़ती गई। आखिरकार, पुलिस ने वाटर कैनन और आंसू गैस का उपयोग कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया।

## पूर्व प्राचार्य संदीप घोष के खिलाफ इडी करेगी जांच

**कोलकाता।** आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। सीबीआई के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी उनके खिलाफ जांच शुरू करने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार, ईडी जल्द ही संदीप घोष के खिलाफ एक आर्थिक अपराध सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज करने जा रही है। यह कार्रवाई सीबीआई की एफआईआर के आधार पर की जा रही है। संदीप घोष को बहुत जल्द ईडी के सामने पूछताछ के लिए पेश होना पड़ सकता है। आरजी कर अस्पताल में एक युवती डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। इस मामले के बाद संदीप घोष के कार्यकाल के दौरान हुए अन्य आर्थिक घोटालों की भी जानकारी सामने आई। पहले राज्य सरकार ने इन घोटालों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। इस बीच अस्पताल के पूर्व डिप्टी



सुपरिंटेंडेंट और संदीप घोष के पूर्व सहयोगी अख्तर अली ने ईडी से जांच की मांग करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिका दायर की। इसके बाद सीबीआई ने आर्थिक घोटालों को लेकर पहली एफआईआर दर्ज की थी, जिसके आधार पर अब ईडी भी जांच शुरू करेगी। ईडी की ईसीआईआर में संदीप घोष के अलावा कुछ और लोगों के नाम भी शामिल हो सकते हैं। घोष के कार्यकाल के दौरान आरजी कर अस्पताल में हुए घोटालों को लेकर पहले से ही कई शिकायतें दर्ज थीं लेकिन ये सभी मामले दबा दिए गए थे। युवती डॉक्टर के साथ घटना के बाद ये मामले फिर से सामने आ गए।

# मायावती फिर चुनी गयीं बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की मंगलवार को लखनऊ में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मायावती को एक बार फिर सर्वसम्मति से अगले पांच साल के लिए पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चन्द्र मिश्रा ने बैठक में मायावती के निर्वाचन की घोषणा की। पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में अध्यक्ष चुने जाने के बाद मायावती ने सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर, कांशीराम समेत कई महापुरुषों के मानवतावादी एवं समतामूलक मिशन को बसपा की मूवमेंट के जरिए आगे बढ़ाने के लिए वह हमेशा हर प्रकार की कुर्बानी देने को तैयार हैं। बहुजन हिताय व बहुजन सुखाय के कल्याणकारी सिद्धांत एवं लक्ष्य की प्राप्ति पर डटे रहकर अपना संघर्ष इस उम्मीद पर जारी रखे हैं कि यह संघर्ष एक दिन बहुजनों के पक्ष में




जरूर रंग लाएगा। बसपा प्रमुख ने कहा कि पहले गैर कांग्रेसवाद की तरह अब देश की राजनीति गैर भाजपावाद में उलझकर रह गयी है। ये दोनों दल और इनके नेतृत्व वाले गठबंधन देश के दलित, ओबीसी, आदिवासी, मुस्लिम के सच्चे हितैषी न कभी थे और न कभी हो सकते हैं। इन दलों का रवैया लगाता जातिवादी, षड्यंत्रकारी बना हुआ है, जो खासकर चुनाव में काफी तेज हो जाता है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में यही सब कुछ खुले तौर पर देखने को मिला और केंद्र की भाजपा एवं कांग्रेस देनों कहीं जातिवादी एवं अहंकारी सरकार बनाने से रोकेने पर बहुजन समाज काफी हद तक पिछड़ गया।

# धनबाद व पटना के प्रधान आयकर आयुक्त संतोष समेत पांच गिरफ्तार

▸▸ आयकर दाताओं से 10 लाख रिश्वत मामले में सीबीआइ ने पटना और धनबाद के पांच ठिकानों पर की छापेमारी

▸▸ धनबाद में जीटीएस आउटसोर्सिंग मालिक के गुरपाल सिंह, डॉ एसपी पूर्वे तीन को गिरफ्तार कर पटना ले गयी सीबीआइ की टीम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आयकर दाताओं से 10 लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में धनबाद व पटना के प्रधान आयकर आयुक्त सहित पांच को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें धनबाद व पटना के प्रधान आयकर आयुक्त संतोष कुमार और निजी व्यक्तियों में गुरपाल सिंह, राजीव कुमार उर्फ चीकू, डाक्टर प्रणय कुमार और अशोक कुमार चौरसिया शामिल हैं। सीबीआइ ने कहा कि सभी आरोपितों को बुधवार को पटना सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया जाएगा। सीबीआई के मुताबिक आरोपित धनबाद व पटना प्रधान आयकर आयुक्त संतोष कुमार पर आरोप है कि उसने अपने पद का दुरुपयोग कर अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले विभिन्न करदाताओं से 10 लाख रुपये की रिश्वत ली। इस काम में धनबाद व पटना प्रधान आयकर आयुक्त के अलावा कई और लोग शामिल थे। शिकायत के बाद सीबीआई ने आरोपितों के पटना, धनबाद और उत्तर प्रदेश के नोएडा में स्थित 21 स्थानों की तलाशी ली। इसमें आपत्तिजनक दस्तावेज व आर्टिकल बरामद किए। आयकर की टीम ने पटना में चीफ इनकम टैक्स कमिश्नर के पटना स्थिति




आवास पर छापेमारी की है।

धनबाद जिले के पांच जगहों पर सीबीआई दिल्ली की टीम ने सोमवार देर शाम को छापेमारी करने पहुंची। सीबीआई की टीम ने धनबाद के हाउसिंग कॉलोनी स्थित फेमस रेडियोजॉलिस्ट डॉ. प्रणय पुर्वे उर्फ एसपी पूर्वे, मटकुरिया में जीटीएस कंपनी के मालिक गुरपाल सिंह के घर व दफ्तर, इनकम टैक्स ऑफिस, सरायढेला के अमन दारूका और पुराना बाजार निवासी अशोक चौरसिया के आवास में छापा मारा। करीब 10 से 11 घण्टे तक चले इस रेड के बाद दिल्ली सीबीआई की टीम ने तीन लोगों जीटीएस आउटसोर्सिंग मालिक के गुरपाल सिंह, डॉ एसपी पूर्वे व एक अन्य को गिरफ्तार कर अपने साथ पटना ले गई। मंगलवार सुबह करीब 4:26 बजे सीबीआई की यह रेड खत्म हुई। गुरपाल सिंह के यहां से सीबीआई ने कई अहम दस्तावेज एवं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट को भी जब्त किया है। वहीं धनबाद इनकम टैक्स ऑफिस में इन कारोबारियों से जुड़े आयकर के लेनदेन की जांच की गई।

## एनटीएफ की पहली बैठक, लोगों के सुझाव के लिए पोर्टल शुरू


**नयी दिल्ली।** डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित नेशनल टास्क फोर्स (एनटीएफ) की मंगलवार को पहली बैठक हुई। कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में गृह सचिव और स्वास्थ्य सचिव समेत सभी सदस्य मौजूद रहे। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक एनटीएफ सदस्यों द्वारा विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और सदस्यों ने अपने सुझाव भी रखे। एनटीएफ के सदस्यों ने बैठक में बताया कि विभिन्न हितधारकों ने उनसे सीधे संपर्क किया है और व्यक्तिगत रूप से लगभग 300 से 400 सुझाव प्राप्त हुए हैं। इसलिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने सुझावों के लिए एक राष्ट्रीय पोर्टल बनाया है। इसका लिंक मंत्रालय के वेबसाइट पर एनटीएफ के लिए सुझाव शीर्षक के तहत उपलब्ध है। यह आज से शुरू कर दिया गया है। मंत्रालय ने बताया कि एनटीएफ सदस्यों के आगे विचार के लिए प्रमुख हितधारकों और पोर्टल पर प्राप्त सुझावों को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा एकत्रित किया जाएगा।

# मोदी ने पुतिन से की बात

▸▸ यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से बातचीत की दी जानकारी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूक्रेन की यात्रा से लौटने के तीन दिन बाद मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन से टेलीफोन पर बात की और यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ शांति स्थापित करने के लिए हुई बातचीत पर चर्चा की। मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा कि मंगलवार को राष्ट्रपति पुतिन से बात हुई। विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष और यूक्रेन की हालिया यात्रा पर मेरी अंतदृष्टि पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। संघर्ष के शीघ्र, स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। रूस के राजदूतावास ने अपने वक्तव्य में कहा कि मोदी ने यूक्रेन के आसपास की स्थिति के संभावित राजनीतिक और राजनयिक समाधान में योगदान देने में अपनी रुचि पर जोर देते हुए, यूक्रेन की अपनी हालिया यात्रा के बारे में जानकारी दी। वक्तव्य में कहा गया कि पुतिन ने संघर्ष को हल करने के तरीकों के लिए प्रमुख रूसी दृष्टिकोणों को रेखांकित करते हुए, यूक्रेन के अधिकारियों और उनके पश्चिमी संरक्षकों की विनाशकारी रुख का एक मौलिक मूल्यांकन दिया। रूसी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री



मोदी की जुलाई में रूस की आधिकारिक यात्रा के बाद व्यापार और आर्थिक क्षेत्र में हुए समझौतों के व्यावहारिक कार्यान्वयन के मुद्दों पर भी चर्चा की। ब्रिक्स में दोनों देशों के बीच बातचीत के स्तर पर संतुष्टि जताई गई। मोदी ने इस वर्ष अक्टूबर में कजान में रूसी अध्यक्षता में आयोजित ब्रिक्स के शिखर सम्मेलन में भाग लेने की अपनी तत्परता की पुष्टि की। विभिन्न स्तरों पर द्विपक्षीय संपर्क जारी रखने पर सहमति बनी।

## 24 घंटे में यूक्रेन के 780 सैनिक मारे गये

**मॉस्को।** रूस के युग (दक्षिण) बलों के समूह ने पिछले 24 घंटों के दौरान एक जवाबी हमले को विफल कर दिया और 780 यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय नेकहा कि एएफयू 5वीं असॉल्ट ब्रिगेड की ओर से शुरू किए गए एक जवाबी हमले को विफल कर दिया गया है। हमले में एएफयू को 780 सैनिक, एक जर्मन निर्मित टैंक, एक बख्तरबंद लड़ाकू वाहन और चार मोटर वाहनों का नुकसान हुआ है। सेंट्र (मध्य) समूह की सेनाओं ने डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक में ओर्लोव्का गांव पर नियंत्रण कर लिया है और सात जवाबी हमलों को नाकाम करते हुए 530 यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया है।



## प्रधानमंत्री मोदी से मिले बाबूलाल मरांडी

**नयी दिल्ली। झारखंड के भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। दोनों के बीच राज्य के वर्तमान हालातों पर चर्चा हुई।**

## दिल्ली शराब घोटाले में कविता को जमानत

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली शराब घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज अलग-अलग मुकदमों में मार्च से न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधान पार्षद के. कविता को सशर्तों के साथ मंगलवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की खंडपीठ ने तेलंगाना की विधान पार्षद की ओर से दिल्ली उच्च न्यायालय के एक जुलाई के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर यह आदेश पारित किया, जिसमें बीआरएस नेता को जमानत देने से इनकार कर दिया गया था।

# भाजपा का सदस्यता अभियान दो सितंबर से

## प्रधानमंत्री मोदी बनेंगे पहले सदस्य

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सदस्यता अभियान दो सितंबर से शुरू होगा। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि 2 सितंबर से हम सदस्यता अभियान शुरू कर रहे हैं। सभी मौजूदा सदस्यों को फिर से सदस्यता लेनी होगी।

2 सितंबर को पार्टी अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री को सदस्यता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के संविधान के अनुसार हर 5-6 साल बाद नए सिरे से सबको सदस्य बनाया जाता है। 2 सितंबर से सदस्यता का संगठन पर्व शुरू होगा, जिसमें नए सिरे से सभी को फिर से सदस्यता लेनी होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राष्ट्रीय अध्यक्ष पहला सदस्य बनाएंगे और उसके बाद पूरे देश में सदस्यता शुरू होगी।




2 सितंबर शाम को 5 बजे इस सदस्यता अभियान का शुभारंभ पार्टी के केंद्रीय कार्यालय विस्तार में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2014 तक चीन की कम्युनिस्ट पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी थी, लेकिन जब भाजपा के 11 करोड़ सदस्य हो गए तो वो दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई। 31 अगस्त को सभी बूथ पर कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान की ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का सदस्य बनने के लिए 8800002024 पर मिस्ड कॉल किया जा सकता है। इसके साथ नमो एप और वेबसाइट से भी भाजपा का सदस्य बना जा सकता है। उन्होंने बताया कि 2 सितंबर से शुरू होने वाले सदस्यता अभियान का पहला चरण 25 सितंबर तक पूरा होगा।

पहले चरण की सदस्यता का विश्लेषण करने के बाद 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान का दूसरा चरण चलेगा। इसके बाद 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।

सदस्यता अभियान में जुड़ कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए केंद्रीय मंत्रियों सहित पार्टी के जनप्रतिनिधियों को भी इस अभियान में शामिल किया जाएगा।

## अभिषेक बनर्जी की बेटी को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**कोलकाता ।** तृणमूल कांग्रेस महासचिव और लोकसभा सदस्य अभिषेक बनर्जी की नाबालिग बेटी को दुष्कर्म की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी उत्तर 24 परगना जिले के मिनाखां ब्लॉक के मोथाबाड़ी निवासी मसदुल मोल्ला के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, उसे मंगलवार तड़के गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी तब हुई जब एक दृश्य सामने आया, जिसमें एक व्यक्ति को कोलकाता के आर. जी. कर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक की दुष्कर्म और हत्या के विरोध में आयोजित एक रैली में धमकी देते हुए देखा और सुना गया। गिरफ्तार शख्स ने 25 अगस्त की दोपहर अखिल भारतीय धर्मनिरपेक्ष मोर्चा द्वारा आयोजित विरोध रैली के दौरान यह धमकी दी थी।

VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !